www.mpinfo.org/rojgar | www.mpmadhyam.in
डाक पंजीयन क्र. ई-2/भो.स./186/2018-2020
लाइसेंस क्र. टेक/WPP/21-1/2018-20
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

वर्ष-37, अंक-04, मूल्य ₹10.00

रोज़गार और निर्माण

http://www.rojgaraurnirman.in

प्रति सोमवार को प्रकाशित, भोपाल, 27.01.2020 से 02.02.2020

वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम

मध्यप्रदेश को बनाया जाएगा भण्डारण हब -मुख्यमंत्री

मध्यप्रदेश में लॉजिस्टिक और भण्डारण के क्षेत्र में निवेश के लिये निवेशक आमंत्रित

मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की वार्षिक बैठक में उद्योगपति श्री पेट्रिक सिस्सकाऊ से चर्चा करते हुये।

दावोस, मध्यप्रदेश को भण्डारण का हब बनाया जाएगा। मध्यप्रदेश देश के केंद्र में स्थित है, इसलिए निकट भविष्य में लॉजिस्टिक हब के रूप में विकसित होगा। इससे प्रदेश के भण्डारण हब बनने में भी सहयोग मिलेगा। लॉजिस्टिक और भण्डारण क्षेत्र में सक्रिय निवेशकों को प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया गया है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की वार्षिक बैठक में विश्व के नामी उद्योगपतियों से मध्यप्रदेश में सूचना प्रौद्योगिकी, स्वागत और पर्यटन के नए क्षेत्रों में निवेश पर चर्चा करते हुये कहीं। निवेशकों ने श्री कमल नाथ के नेतृत्व और दूरदृष्टि में विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश जल्द ही इकोनॉमिक फोर्स के रूप में नजर आएगा।

वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की वार्षिक बैठक के दौरान हेवलेट पैकार्ड इंटरप्राइज डिवीजन के अध्यक्ष एवं सीईओ श्री एंटोनियो नेरी, प्रॉक्टर एण्ड गैंबल के एशिया पैसिफिक, मध्य पूर्व अफ्रीका के अध्यक्ष श्री मगेश्वरन सुरंजन, विप्रो के सीईओ और मैनेजिंग डायरेक्टर श्री अबीदाली नीमचवाला, एमिरेट्स एयरलाइंस के चेयरमैन और सीईओ श्री अहमद बिन सईद अली मख्तूम, वीपीएस हेल्थ केयर ग्रुप के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक डॉ. शमशीर वयलिल, 2000 वॉट स्मार्ट सिटी के संस्थापक श्री एंड्रेस विलकर्ट ने मुख्यमंत्री से वन-टू-वन चर्चा की।

मुख्यमंत्री ने हेवलेट पैकार्ड इंटरप्राइज डिवीजन के अध्यक्ष और सीईओ श्री एंटोनियो नेरी से डाटा सेंटर स्थापित करके, हार्डवेयर निर्माण और आईटी पार्क स्थापित करने से जुड़े विषयों पर चर्चा की।

मध्यप्रदेश में कम्प्यूटर हार्डवेयर निर्माण और आईटी पार्क में होने वाले आईटी ऑपरेशन के संबंध में भी बातचीत की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में आईटी क्षेत्र में निवेश के लिए सर्वाधिक अनुकूल वातावरण है, क्योंकि शांति होने के साथ-साथ यहां प्रतिभाशाली युवा आईटी प्रोफेशनल बड़ी संख्या में उपलब्ध हैं।

विप्रो लिमिटेड के सीईओ अबीदाली नीमचवाला ने मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ से मध्यप्रदेश में सूचना प्रौद्योगिकी सेवा इकाईयों और पार्क स्थापित करने की नई संभावनाओं पर चर्चा की। उन्होंने श्री कमल नाथ के नेतृत्व में विश्वास जताते हुए कहा कि प्रदेश में सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में निवेश की संभावनाएं बनी हैं। इंटर कॉन्टिनेंटल होट्ल्स ग्रुप (आईएचजी) के अध्यक्ष श्री पेट्रिक सिस्सकाऊ और सीईओ श्री केतवार ने प्रदेश में स्वागत उद्योग की संभावनाएं रेखांकित करते हुए निवेश की इच्छा जताई है।

श्री केतवार ने मुख्यमंत्री से मध्यप्रदेश के प्रमुख पर्यटन-स्थलों पर विश्व-स्तरीय रिसॉर्ट स्थापित करने, वन्य-जीव पर्यटन और हेरिटेज होटल्स के निर्माण में निवेश करने के संबंध में चर्चा की।

निवेश के लिए मध्यप्रदेश में बेहतर वातावरण और अनुकूल नीतियां

दावोस, मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की वार्षिक बैठक में भाग लेने के लिये दावोस पहुंचे। श्री नाथ ने दावोस पहुंचते ही उद्योगपतियों से वन-टू-वन चर्चा के दौरान प्रदेश में निवेश-मित्र नीतियों की जानकारी देते हुए कहा कि वैश्विक निवेश के लिए मध्यप्रदेश में बेहतर वातावरण है और अनुकूल नीतियां बनाई गई हैं।

मुख्यमंत्री ने दावोस के वाइलेटरल 1.4 के कांग्रेस सेंटर में एमकेएस कंपनी के चेयरमैन और मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री मारवान शकरची से मुलाकात की।

मुख्यमंत्री की मुलाकात नोवो नॉर्डिस्क के अध्यक्ष एवं सीईओ श्री लार्स फ्रुअरगार्ड जोर्गेनसेन से हुई। नोवो नॉर्डिस्क दवा उत्पादों में विशेषज्ञता वाली वैश्विक स्वास्थ्य सेवा कंपनी है। कंपनी का मुख्यालय डेनमार्क में है जिसकी इकाईयां 79 देशों में स्थापित हैं। कंपनी 170 से अधिक देशों में अपने उत्पादों का वितरण करती है।

मुख्यमंत्री ने श्री जोर्गेनसेन को मध्यप्रदेश में फार्मा यूनिट के क्षेत्र में बेहतर संभावनाओं के संबंध में जानकारी दी। श्री नाथ ने कहा कि भारत के केंद्र में स्थित होने के कारण फार्मा यूनिट के लिए प्रदेश की स्थिति आदर्श है। केंद्र में होने के कारण देश की 50 प्रतिशत जनसंख्या सड़क एवं अन्य आवागमन के साधनों के माध्यम से मध्यप्रदेश से जुड़ती है। महिन्द्रा ग्रुप के प्रबंध संचालक श्री पवन गोयनका ने भी मुख्यमंत्री से भेंट की। श्री नाथ की भेंट बजाज ग्रुप के श्री राहुल बजाज एवं श्री संजीव बजाज से भी हुई। मुख्यमंत्री श्री नाथ ने 2019 में मध्यप्रदेश में औद्योगीकरण में तेजी लाने के लिए नीतियों में किए गए सुधारों और निवेश-मित्र फैसलों के संबंध में उद्योगपतियों से चर्चा की।

डाटा सेंटर व्यवसाय में बनेगी मध्यप्रदेश की नई पहचान

भोपाल, मध्यप्रदेश डाटा सेंटर व्यवसाय में अपनी नई पहचान बना सकता है। इसके लिए प्रदेश में अलग-अलग 9 स्थानों पर 690 एकड़ जमीन उपलब्ध है। इस क्षेत्र में आने वाली कंपनियों को सरकारी जमीन पर इकाईयां लगाने की लागत में 75 प्रतिशत तक की रियायत भी मिल सकेगी। इस क्षेत्र की संभावनाओं पर दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की वार्षिक बैठक में मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ से अमेजन वेब सर्विस के वाइस प्रेसीडेंट श्री मेक्स पीटरसन ने विस्तारपूर्वक चर्चा की। मुख्यमंत्री को उन्होंने बताया कि फिलहाल नई दिल्ली, मुम्बई, हैदराबाद, बेंगलुरु, पुणे और चेन्नई को मिलाकर 6 स्थानों पर कंपनी काम कर रही है। इसमें दिल्ली, मुम्बई और चेन्नई में डाटा सेंटर हैं। मध्यप्रदेश में भी कंपनी अपनी आमद दर्ज करना चाहती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में डाटा सेंटर व्यवसाय के लिए जरूरी जमीन, बिजली और श्रम आदि सभी परिस्थितियां मौजूद हैं। इससे पहले मुख्यमंत्री ने वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के अध्यक्ष श्री बॉर्ज ब्रेंडे से और लुलु ग्रुप के मालिक मोहम्मद यूनुस अली से मुलाकात की।

ऑटोमोबाइल, कृषि एवं सिंचाई के क्षेत्र में निवेश पर चर्चा

दावोस, वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की वार्षिक बैठक के दौरान मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ की महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री पवन गोयनका से मध्यप्रदेश में ऑटोमोबाइल, कृषि उपकरण, सिंचाई और एग्रो केमिकल क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं पर वन टू वन चर्चा हुई।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में लॉजिस्टिक हब संचालन एवं आईटी डिलेवरी सेंटर बनाने की संभावनाओं पर भी चर्चा की। इलेक्ट्रिक व्हीकल, पैसेंजर कार एवं कमर्शियल वाहनों की निर्माण इकाईयों में निवेश के बारे में भी बैठक के दौरान बातचीत की गई।

राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा

पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग के उम्मीदवारों को निःशुल्क कोचिंग

भोपाल, मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की आगामी राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा में शामिल होने वाले प्रदेश के पिछड़े एवं अल्पसंख्यक वर्ग के पात्र एवं इच्छुक उम्मीदवार परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिये 5 फरवरी तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन-पत्र का प्रारूप विभागीय वेबसाइट www.bcwelfare.mp.nic.in पर उपलब्ध है।

संचालक, राज्य स्तरीय रोज़गार एवं प्रशिक्षण केंद्र (पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण) ने बताया कि प्रशिक्षण केंद्र में प्रवेश के लिये पिछड़ा वर्ग के लिये 80 और अल्पसंख्यक वर्ग के लिये 20, कुल 100 सीट उपलब्ध हैं। उम्मीदवारों का चयन स्नातक स्तर पर प्राप्त अंक के आधार पर संकायवार मेरिट बनाकर किया जायेगा।

प्रशिक्षण माह फरवरी से 6 माह की अवधि अथवा परीक्षा तिथि (जो पहले हो) तक होगा। पूर्णतः निःशुल्क प्रशिक्षण में भोपाल से बाहर के प्रशिक्षणार्थियों को नियमानुसार छात्रावास में स्थान की उपलब्धता आदि सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी। प्रशिक्षण अवधि में प्रशिक्षणार्थियों को 350 रुपये मासिक दर से शिष्यवृत्ति दी जाएगी।

आवेदन-पत्र कार्यालय संचालक, पिछड़ा वर्ग, राज्य स्तरीय रोज़गार एवं प्रशिक्षण केंद्र, पुलिस रेडियो मुख्यालय के सामने, भदभदा रोड, भोपाल-462003 के पते पर 5 फरवरी तक कार्यालयीन समय में पहुंचना आवश्यक है।

मुख्यमंत्री की पहल पर टाइम बाउंड क्लीयरेंस 2020 एक्ट का मसौदा तैयार

दावोस, मध्यप्रदेश में निवेश को आकर्षित करने, युवाओं को रोज़गार के व्यापक अवसर उपलब्ध करवाने और प्रदेश में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ के निर्देश पर टाइम बाउंड क्लीयरेंस एक्ट 2020 का मसौदा तैयार किया गया है। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की वार्षिक बैठक के लिए मुख्यमंत्री की दावोस यात्रा के दौरान उद्योगपतियों को इस मसौदे के साथ ही राज्य सरकार की निवेश मित्र नीतियों के बारे में जानकारी दी गई।

मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने पिछले एक वर्ष में प्रदेश को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने और बेरोज़गारों को रोज़गार दिलाने के लिए जो प्रयास किए हैं उनमें सबसे महत्वपूर्ण है निवेशकों के अंदर विश्वास की वापसी के साथ ही ऐसे अनेक निर्णय लेना जिससे उद्योगपति मध्यप्रदेश में उद्योग स्थापित करने के लिए प्रेरित हुए हैं। मुख्यमंत्री का मानना है कि परिणाम देने के लिए यह जरूरी है कि हर काम का समय सुनिश्चित हो और निर्धारित अवधि में वह काम हो। अपनी इस सोच को राज्य शासन की कार्य-संस्कृति में परिवर्तित करने के प्रयासों के साथ ही निवेश के क्षेत्र में भी मुख्यमंत्री ने विशेष पहल की है। उद्योग लगाने के इच्छुक लोगों को विभिन्न विभागों से समय पर उनके प्रोजेक्ट को क्लीयरेंस मिले, इस संबंध में जल्द ही एक सुनियोजित नीति बनाई जाएगी, जिसे कानून का स्वरूप दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री के दीर्घ प्रशासनिक, राजनैतिक और विकास को लेकर उनके दूरदर्शी अनुभवों के साथ टाइम बाउंड क्लीयरेंस एक्ट 2020 का मसौदा उनके मार्गदर्शन में तैयार किया जा रहा है। इससे किसी भी निवेशक को अपने उद्योग लगाने में अनुमतियां और स्वीकृतियां मिलने में देरी होने और अनावश्यक समय लगने से बचत होगी। इस मसौदे में मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम को नोडल एजेंसी बनाना प्रस्तावित किया गया है।

टाइम बाउंड क्लीयरेंस एक्ट 2020 के कार्यरूप में परिणित होने पर लगभग ऐसी 24 सेवाओं, जो उद्योग स्थापित करने के लिए जरूरी हैं, को तत्काल मंजूरी मिल सकेगी।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

TATHAGAT
BEST INSTITUTE FOR UPSC & MPPSC
English & Hindi Medium
Effort is important, but knowing where to make an effort makes all the difference.
MPPSC 2017 & 2018 Performers
2nd RANK 3rd RANK 7th RANK 24th RANK
MPPSC 2020 One Year Batch & 2 Year Foundation Batch
(As Per New Syllabus)
• Exhausting Answer writing Programme • Special Focus On Current Affairs • Personal Mentoring By Selected Faculties • Regular Pre/Mains Test Schedule • Library facilities
UPSC 2018 Performer
AIR 140
Ambul Samaiya
UPSC 2021 One Year Batch & 2 Year Foundation Batch
• NCERT based syllabus • Regular Current Affairs classes (The Hindu,Indian Express,PIB) • Economic Survey • India year book • Manorama Year Book
For Demo 8839177961 8435181328 Ph.: 4002328
Top Floor, Orange Business Park, Near Apple Hospital, Bhavar Kuan, Indore
R-43349/2020

विनर्स इंस्टीट्यूट, इन्दौर
संविदा शिक्षक वर्ग 3
बाल-विकास, मनोविज्ञान संस्कृत, हिन्दी, पर्यावरण सहित सभी विषयों के अनुभवी शिक्षकों द्वारा अध्यापन
समय - 8 से 1 और 2 से 7
नये बैचेस प्रारंभ
फ्री ONLINE TEST SERIES
ONLINE CLASSES FACILITY
MPSI कान्स्टेबल
3 व 10 फरवरी से
समय - 8 से 1 और 2 से 7
Maths By - ADITYA PATEL SIR
इन्दौर Call : 9009335533
R-43355/2020

प्रथम प्रयास में ही सम्पूर्ण सफलता के लिए
The UNIQUE academy
M-powering thru Knowledge
UPSC | IAS
Happy Republic day
MPPSC PRELIMS
New Batches Starts From 27 Jan 2020
MPPSC MAINS TEST SERIES 2019-20
Starts From 27 Jan 2020
• Class program based on New Syllabus & Pattern analysis
• Regular Test Series (Every Saturday)
• Class Notes + Printed Notes
• Experienced Faculty
• Group Discussion & Competitive Environment
• Writing practice under Expert Guidance
• ADMISSIONS OPEN •
3, SNEH NAGAR, NEAR TOWER CHOURAHA, ABOVE PETER ENGLAND, INDORE (M.P.)
98524-25555, 62622-08000
Free 5 Days DEMO
R-43356/2020

Chetan Meena's
Institute For Civil Services
UPSC | MPPSC | MPSI | VYAPAM OTHER EXAMS
MPPSC Mains 2019
60 DAY
27 JAN'2020
UNDER THE GUIDANCE BY:
Chetan Meena
IIT BOMBAY
NEW BATCH STARTS FOR MPPSC 2020 2019 & 2020 27 JAN'2020
LIVE ANSWER WRITING 3.0 2019 2020
MAINS TEST SERIES (FLT / SECTIONAL)
160/4, Bholaram Ustad Marg, Indore
0731-4910077 | 75828-77777 | 94249-80001
R-43351/2020

आजाद पी 3 एकेडमी
सपनों की उड़ान आप भरें, उन्हें साकार हम करें।
UPSC | MPPSC | MPSI | PATWARI | SAMVIDA 1,2,3
प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट सेवा हेतु सम्मानित
MPPSC
PRE + MAINS
Hindi & English Medium
NEW BATCH START : 17 FEB 2020
शिक्षक पात्रता परीक्षा वर्ग 3 29 JAN' 2020
MPSI आरक्षक
27 JAN 2020 27 JAN 2020
हेड ऑफिस : वेदा बिल्डिंग, 216 द्वितीय मंजिल, एम्पल हॉस्पिटल के पास, भंवरकुंआ, इंदौर
6-A इंद्रपुरी कॉलोनी, भंवरकुआं इंदौर
0731-4966653 / 54, 97559-16644, 70244-86260, 91092-57973
R-43350/2020

our recent RESULT 2018
दिगेन्द्र सिंह ACF
कृतिका भीमावत DEPUTY COLLECTOR
विजय यादव DEPUTY COLLECTOR
MPPSC-2019 MAINS
Batch Starts - 27 Jan
MPPSC Pre+Mains-2020
New Batch Starts - 28 Jan
MPPSC Mains TEST SERIES 2019 Starts - 2 Feb 2020
3 DAYS DEMO CLASSES
श्री वेदांत - By Pathak Sir - सिविल सर्विसेस एकेडमी
IAS·IPS·MPPSC
H.O.: 336, 3rd FLOOR, VEDA BUILDING, INDORE
0731-4267173, 9575535649, 9753854746, 9039841580
Branch : 278, 1st Floor, Revera House, Zone-2, MP Nagar, BHOPAL. 0755-4919291
R-43354/2020

नये बैच में प्रवेश प्रारंभ
मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित
राज्य वन सेवा परीक्षा-2020
Forest Ranger /ACF
प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा हेतु अलग-अलग बैच
अब संस्थान के छात्रों को फीस में विशेष छूट
राज्य अभियांत्रिकी सेवा परीक्षा-2020
MPPSC - AE / SDO
प्रारंभिक परीक्षा हेतु तकनीकी (Technical) एवं गैर तकनीकी (Non-Technical) विषयों के लिए अलग-अलग बैच
Strategy for Exam
• अनुभवी शिक्षकों द्वारा परीक्षानुसार प्रारंभिक विषय का संपूर्ण अध्ययन
• परीक्षा पूर्व पाठ्यक्रम समाप्त
• प्रतिदिन 4 से 5 घंटे की निःशुल्क कक्षाएं
• परीक्षा पद्धति पर आधारित ऑनलाइन टेस्ट
कौटिल्य एकेडमी
मुख्यालय : पायल प्लाजा, भंवरकुंआ चौराहा, इन्दौर
Ph.: 0731-4226615, 9993071010, 9755553021
R-43353/2020

नए सिलेबस के अनुसार
MPPSC
Prelims / Mains
Target 2020
नहीं कक्षाएं प्रारंभ
CivilJOBS
Academy for Public Services
सुन्दरम कॉम्प्लेक्स, भंवरकुआ, इन्दौर
95228 23999, 93022 55300
R-43352/2020

संजीवनी जैसी स्वास्थ्य बीमा योजना के लिए शासकीय सेवकों ने जताया मुख्यमंत्री का आभार

भोपाल, शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों-कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री कर्मचारी स्वास्थ्य वीमा योजना को संजीवनी के समान बताते हुए मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ के प्रति आभार व्यक्त किया है। उनका कहना है कि सेवानिवृत्त हुए शासकीय सेवकों की पेंशन का ज्यादातर पैसा स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्च होता है। इस योजना से पेंशनधारी बड़े वर्ग को राहत मिलेगी।

श्री गणेश दत्त जोशी सेवानिवृत्त सहायक सांख्यिकीय अधिकारी हैं। वे 2007 में सेवानिवृत्त हुए और पेंशनर्स एसोसिएशन मध्यप्रदेश में वरिष्ठ प्रान्तीय उपाध्यक्ष के रूप में काम कर कर रहे हैं। साथ ही वे मध्यप्रदेश शासन के पेंशनर्स कल्याण मंडल के सदस्य की भूमिका भी बखूबी निभा रहे हैं। श्री जोशी कहते हैं 'शासकीय सेवा का विराम हो सकता है लेकिन काम तो लगातार चलता रहता है। अच्छे कामों की श्रृंखला चलते रहना चाहिए। इसलिए वर्तमान में पेंशनर्स की समस्याओं का समाधान करने में अपना सहयोग देता हूं।'

योजना का हर बिन्दु प्रभावी

श्री जोशी कहते है कि "श्री कमल नाथ पहले मुख्यमंत्री हैं, जिन्होंने प्रदेश के सेवानिवृत्त सेवकों के स्वास्थ्य एवं चिकित्सा पर सम्पूर्णता में विचार कर मुख्यमंत्री कर्मचारी स्वास्थ्य वीमा योजना को ठोस रूप दिया। वृद्ध अवस्था में इलाज की सबसे ज्यादा जरूरत होती है। पहली नज़र में यह योजना सरल और आसानी से लागू होने योग्य दिखती है। इसका हर बिन्दु प्रभावित करता है।"

श्री जोशी का कहना है कि "पता चला है कि मुख्यमंत्री कर्मचारी स्वास्थ्य वीमा योजना एक अप्रैल 2020 से शुरू होना है। इसलिये सभी सेवारत एवं सेवा-निवृत सेवकों से 25 मार्च 2020 तक योजना में शामिल होने का विकल्प भरवाया जाना चाहिए ताकि समय पर उनके अंशदान की राशि काटी जा सके।" उनका यह भी मानना है कि "मध्यप्रदेश के बाहर जैसे तमिलनाडु, उत्तराखंड, झारखंड, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़ आदि में बस गए सेवानिवृत शासकीय सेवकों को भी इस योजना में शामिल किया जाना चाहिए।"

श्री शंकरलाल सोनी नगर पालिका परिषद् से वर्ष 2015 रिटायर हुए। वे संडे की पाठशाला चलाते हैं और गरीब वच्चों को पढ़ाते हैं। वे पर्यावरण के प्रति वेहद संवेदनशील हैं और इच्छुक लोगों को पर्यावरण शिक्षा देते हुए पौधा गमला निःशुल्क वांटते हैं। मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए श्री सोनी कहते हैं कि "ऐसी ठोस योजना से हम जैसे हजारों परिवारों को लाभ होगा।" लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग छतरपुर में सिविल इंजीनियर पद से 2010 में सेवानिवृत्त हुए श्री जी.एस. खरे पेंशनर एसोसिएशन छतरपुर के उपाध्यक्ष हैं और समाज सेवा के कई कार्यों से जुड़े हैं। वे कहते है कि "वीमा योजना पेंशनर के लिए एक वेहतर योजना है। यह योजना सरकार का स्वागत योग्य कदम है।" वर्ष 2018 में आर.आई. (राजस्व) के पद से रिटायर हुए श्री शंकर शरण खरे कहते हैं कि "वहुत दिनों वाद स्वास्थ्य की दृष्टि से वुढ़ापे की खवर सरकार ने ली है। इसके लिए मुख्यमंत्री की सोच की जितनी तारीफ़ करें, कम है।"

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से 2015 में एस.डी.ओ. पद से रिटायर हुए श्री लखन सिंह पेशन संघ के कोषाध्यक्ष हैं। वे इस योजना से वेहद उत्साहित हैं और कहते हैं कि यह हमारे पेंशनधारी समाज के लिए संजीवनी का काम करेगी।

छोटे पद से रिटायर लोगों को बड़ा लाभ

वन विभाग छिन्दवाड़ा से असिस्टेंट ग्रेड 2 के पद से 2017 में सेवानिवृत्त हुए श्री मजीद मोहम्मद का कहना है कि यह योजना आसानी से अमल में आने वाली है। इससे कई परिवारों को लाभ मिलेगा। सवसे अच्छी वात यह है कि छोटे पद से सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिये यह योजना वहुत लाभदायी होगी। लोक निर्माण विभाग से सेवानिवृत्त हुए श्री जी.वी. नवघरे पेंशनर्स एसोसिएशन मध्यप्रदेश भोपाल की छिन्दवाड़ा शाखा के अध्यक्ष हैं। वे कहते हैं कि श्री कमल नाथ सबको साथ लेकर चलने वाले मुख्यमंत्री हैं। वे सिर्फ काम पसंद करते हैं और काम करने वालों को प्रोत्साहित करते हैं।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री की पहल पर मुख्यमंत्री कर्मचारी स्वास्थ्य वीमा योजना को लागू करने का निर्णय लिया गया है। इससे लगभग 12 लाख 55 हजार अधिकारियों-कर्मचारियों को लाभ मिलेगा। इसमें सभी नियमित शासकीय कर्मचारी, सभी संविदा कर्मचारी, शिक्षक संवर्ग, सेवानिवृत्त कर्मचारी, नगर सैनिक, आकस्मिक निधि से वेतन पाने वाले पूर्णकालिक कर्मचारियों और राज्य की स्वशासी संस्थाओं में कार्यरत कर्मचारी शामिल हैं।

कुलपति नियुक्ति समिति में सदस्य होगा राज्य सरकार द्वारा निर्वाचित व्यक्ति

भोपाल, मध्यप्रदेश में विश्वविद्यालयों में कुलपति की नियुक्ति के लिये गठित समिति में अव कार्य परिषद् द्वारा निर्वाचित व्यक्ति के स्थान पर राज्य सरकार द्वारा निर्वाचित एक व्यक्ति सदस्य रहेगा। राज्य शासन द्वारा मध्यप्रदेश विश्वविद्यालय अधिनियम के अन्तर्गत मध्यप्रदेश राजपत्र में 23 जनवरी 2020 को इस वावत संशोधन प्रकाशित किया गया है।

मध्यप्रदेश विश्वविद्यालय अधिनियम में संशोधन के वाद अव कुलपति की नियुक्ति के लिये गठित समिति में राज्य सरकार द्वारा निर्वाचित एक व्यक्ति के साथ विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष द्वारा नाम निर्देशित किया गया एक व्यक्ति और कुलाधिपति (राज्यपाल) द्वारा नाम निर्देशित किया गया एक व्यक्ति सदस्य रहेंगे।

सम्पादकीय

संस्कृति और पुरा-संपदा का संरक्षण

मध्यप्रदेश सरकार ने हाल ही में अपने एक वर्ष का कार्यकाल पूरा किया है। इस एक साल के दौरान सरकार ने संस्कृति और पुरा-संपदा के संरक्षण के लिए बेहतर काम किया है। मध्यप्रदेश देश का हृदय स्थल होने के साथ विभिन्न आंचलिक और पारंपरिक संस्कृतियों, कलाओं और पुरातत्व के मामले में भी समृद्ध है। प्रदेश की यह अमूल्य पहचान विकास की अंधी दौड़ में कहीं गुम हो गई थी। कमल नाथ सरकार ने अपने कार्यकाल के एक साल में इस पहचान को पुनः स्थापित करने के साथ उसके संरक्षण-संवर्धन की भी बहुआयामी कोशिशें की हैं। पिछले कई वर्षों से रुकी साहित्य कला, चित्रकला और रंगमंच आदि क्षेत्रों में पुरस्कार एवं सम्मान की परंपरा को नई सरकार ने पुनर्जीवित किया। साहित्य में हिन्दी के साथ, उर्दू साहित्य के लिए भी पुरस्कार इस दौरान स्थापित किये गये। राज्य शिखर सम्मान से विभिन्न क्षेत्रों की विभूतियों को अलंकृत किया गया। लता मंगेशकर अलंकरण समारोह को भी पूर्ण भव्यता के साथ करने का निर्णय लिया गया। प्रदेश के स्थापना दिवस के मौके पर भोपाल सहित जिला मुख्यालयों पर गरिमामय सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। देश के नवनिर्माण के प्रणेता महापुरुषों को भी राज्य सरकार ने इस अरसे में याद किया और सम्मान भी दिया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती को समारोहपूर्वक वर्षभर मनाया जा रहा है। इस दौरान समाज विशेषकर युवा पीढ़ी को गांधी जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से अवगत कराने के लिए हर स्तर पर रचनात्मक गतिविधियां की जा रही हैं। इसी तरह देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की 130वीं जयंती को भी पूरे वर्ष मनाया जा रहा है। इन महापुरुषों के संदेश गांव-गांव, घर-घर पहुंचाए गए। इससे समाज में देश-प्रेम की भावना का संचार हुआ। युवा पीढ़ी को नई सोच और नई दिशा दी गई। प्रदेश की पुरा-संपदा को संग्रहालयों में सुरक्षित किया गया। पुरातत्व के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मान स्थापित किये गए। इस क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य के लिए पुरातत्व शास्त्रियों को सम्मानित करने की प्रक्रिया पूरी की गई। आदिमानव के चित्रित शैलाश्रयों के दस्तावेजीकरण और संरक्षण की योजना तैयार की गई। खंडवा, शहडोल और सीहोर जिलों में स्थित प्राचीन मंदिरों की वैज्ञानिक विधि से सफाई करवा कर उनकी सौंदर्यवृद्धि की गई। अनुरक्षण कार्यों से अनेक प्राचीन स्मारकों की कायापलट हो गई है। प्रदेश में 18 प्रमुख स्मारकों का उन्नयन किया गया। ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण करीब तीन लाख दस्तावेजों का डिजिटलाइजेशन करवाया गया। विश्व धरोहर दिवस 18 अप्रैल, विश्व संग्रहालय दिवस 18 मई, स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त, गांधी जयंती 2 अक्टूबर और विश्व धरोहर सप्ताह 19 से 25 नवंबर के मौके पर चित्रकला स्पर्धा, प्रदर्शनी, कार्यशाला, व्याख्यानमाला और संगीत कार्यक्रम आयोजित किये गए। विभिन्न प्रकाशनों द्वारा विद्यार्थियों, शोधार्थियों और जनसामान्य को रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ा गया। राज्य सरकार ने अपने वचन पत्र के वादों को प्राथमिकता से पूरा करने की पहल शुरू की। सतना जिले के मैहर में उस्ताद अलाउद्दीन खां की स्मृति में संस्थान की स्थापना के लिए दो करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया। तानसेन समारोह की तर्ज पर प्रतिवर्ष बैजू बावरा संगीत समारोह मनाने का निर्णय लिया गया। साहित्यकारों, कलाकारों को मासिक पेंशन, ललित कला, साहित्य, नाटक, चित्रकला, संगीत, गायन और वादन के क्षेत्रों में प्रदेश के कलाकारों के रचना कौशल को संरक्षण और प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के नाम से जिला और राज्य स्तर पर सम्मान समारोह की परंपरा शुरू की गई। गोंडी चित्रकला केंद्र स्थापित करने, डॉ. शिवमंगल सिंह सुमन, दुष्यंत कुमार, बालकवि बैरागी, इकबाल और बिट्ठल भाई पटेल की स्मृति में सम्मान शुरू करने की कार्यवाही शुरू की गई। वर्ष 2020 से आदिवासी और दलित बन लेखकों को प्रोत्साहन देने के लिए इक्कीस-इक्कीस हजार रुपये के सम्मान प्रदान किये जायेंगे। संस्कृति और पुरा-संपदा के क्षेत्र में पिछले एक साल में मध्यप्रदेश सरकार ने उल्लेखनीय कार्य किये हैं। सरकार के इन कार्यों से कला और संस्कृति के क्षेत्र में बेहतर वातावरण बनाने में मदद मिलेगी।

ब्रह्मांड को जानें

प्लूटो में छुपे राज

गतांक से आगे- न्यू होराइजन्स ने 19 जनवरी 2006 को अपना सफर आरंभ किया। यह 58.536 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से अपने मिशन की तरफ बढ़ रहा है। इसे अब तक का सबसे तेज रफ्तार मिशन माना जा रहा है। इसकी रफ्तार जेटलाइनलर से 100 गुणा तेज है। यह अपनी रफ्तार बढ़ाने के लिये प्लूटो के गुरुत्वाकर्षण का इस्तेमाल करता है और बाहरी सौर मंडल में अपनी राह बनाता है। प्लूटो का मिशन पूरा करने के बाद यह क्वीपर बेल्ट जायेगा और 2020 तक उससे जुड़ी जानकारियां जुटायेगा। यह मिशन आधिकारिक रूप से 2026 में पूरा होगा। धरती और प्लूटो की दूरी 7.5 अरब किलोमीटर है। यहां से यान तक संदेश पहुंचाने में 9 घंटे लगते हैं। न्यू होराइजन्स ने प्लूटो की सतह से 7,750 मील ऊपर से तस्वीर ली। यह दूरी न्यूयॉर्क और मुंबई के बीच की दूरी के बराबर है। न्यू होराइजन्स यान के लिये नासा के मिशन की टीम में 25 प्रतिशत महिलायें हैं। प्लूटो की खोज का सफर 1905 में शुरू हुआ था। यह सफर 25 वर्ष चला और 1930 में खत्म हुआ। लावेल और हुमासन सहित अनेक खगोलविदों ने इसका पता लगाने की कोशिश की। आखिर में 18 फरवरी 1930 को क्लाइड डब्ल्यू. टामबॉग ने इसकी खोज की।



- देवेश तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि 30 जनवरी

आज भी जीवित हैं गांधी

सर्जना चतुर्वेदी
(लेखिका, पत्रकार हैं)

जो बापू के बारे में जितना अधिक जानता है उसकी उनके प्रति श्रद्धा और निष्ठा उतनी बढ़ती जाती है। 30 जनवरी को राष्ट्रपिता की 72वीं पुण्यतिथि मनाई जाएगी। गुजरात के पोरबंदर में 2 अक्टूबर 1869 को जन्में बापू ने लंदन में पढ़ाई, अफ्रीका में वकालत और रंगभेद के खिलाफ आंदोलन के बाद वह अपने वतन वापस लौट आए। यहां उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ अहिंसात्मक आंदोलन चलाया और देश की आजादी में योगदान दिया। 15 अगस्त 1947 को अंग्रेजों की गुलामी से देश को आजादी मिली। 20 जनवरी, 1948 को मदन लाल पाहवा नामक शख्स ने गांधी जी को चोट पहुंचाने के उद्देश्य से दिल्ली के बिड़ला हाउस में एक हथगोले से हमला किया था। इस बम फेंकने की घटना के 10 दिन बाद 30 जनवरी 1948 के दिन गांधी जी बिड़ला पार्क के मैदान में प्रार्थना सभा के लिए जा रहे थे। वे कुछ मिनट देरी से पहुंचे। गांधी जी ने वहां पहुंचते ही अपना हाथ हिलाया, भीड़ ने भी अपने हाथों को हिलाकर उनका अभिवादन किया। कई लोग उनके पांव छूकर आशीर्वाद लेने के लिए आगे बढ़े। उन्हें ऐसा करने से रोका गया, क्योंकि गांधी जी को पहले ही देरी हो चुकी थी। लेकिन पुणे के एक युवक नाथूराम गोडसे ने भीड़ को चीरते हुए अपने लिए जगह बनाई। गांधी जी के नजदीक पहुंचते ही उसने अपनी ऑटोमैटिक पिस्तौल से गांधी जी के सीने पर तीन गोलियां दाग दीं। गांधी जी गिर पड़े, उनके होठों से ईश्वर का नाम निकला- 'हे राम'! इस तरह अहिंसा के पुजारी और इस देश के राष्ट्रपिता बापू का शरीर नष्ट हो गया, लेकिन उनके विचार देश-दुनिया के करोड़ों लोगों में जीवंत हैं। उनके अहिंसात्मक विचारों में ही लोगों को विश्व में शांति और समृद्धि का रास्ता नजर आता है। गांधी की स्मृतियों का वह केंद्र जहां बापू ने अपने जीवन के अंतिम 144 दिन बिताए थे, वह बिड़ला हाउस आज पूरे विश्व में गांधी स्मृति के नाम से पहचाना जाता है, जो महात्मा गांधी पर केन्द्रित एक संग्रहालय है। बापू के बारे में और अधिक जानने की इच्छा लिए देश-विदेश से लोग यहां आते हैं।

जहां 77 साल के गांधी चार महीने नंगे पैर चले

महात्मा गांधी की जीवनी में दी गई जानकारी के अनुसार 12 अगस्त 1946 को वाइसराय लॉर्ड वेवेल ने जवाहरलाल नेहरू को वार्ता के लिए बुलाया। देश में दंगों की स्थिति उत्पन्न होने लगी। इसी बीच पूर्वी बंगाल के नोआखली जिला जो वर्तमान में बांग्लादेश में है। वहां कई निर्दोष नागरिक सांप्रदायिक दंगे में मारे गए। ऐसी स्थिति में गांधी जी के लिए शांत बैठे रहना असंभव था। उन्होंने निश्चय किया कि दोनों धर्म के बीच गहराती जा रही खाई को वे अवश्य पाटेंगे, भले ही उसके लिए उन्हें अपने प्राणों का बलिदान ही क्यों न देना पड़े। बापू कहते थे कि, 'यदि भारत को आजादी मिल भी गई और उसमें हिंसा होती रही तो वह आजादी गुलामी से भी बदतर होगी।' गांधी जी ने वहां पदयात्रा करने का निर्णय लिया। जब वे कलकत्ता में थे तो उन्हें समाचार मिला कि नोआखली का बदला लेने के लिए बिहार में भी हिंसा का घिनौना कार्य किया गया। गांधी जी का दिल रोने लगा। यह वही स्थल था, जहां से इस महात्मा ने भारत में अपना पहला सत्याग्रह शुरू किया था। गांधी जी ने चेतावनी देते हुए कहा कि, 'यदि हिंसक कार्रवाई जल्द नहीं रोकी गई तो वे तब तक उपवास रखेंगे जब

तक उनकी मृत्यु नहीं हो जाती।' गांधीजी के इस प्रण को सुनते ही तुरंत बिहार में हिंसा रोक दी गई। यह बापू के शब्दों की ताकत थी। इसके बाद बापू नोआखली के लिए रवाना हो गए। वहां के हालात ने उन्हें विचलित कर दिया। जिस क्षेत्र में वे प्रेम व भाईचारे का मंत्र ले गए थे। वहां तो एक समुदाय दूसरे समुदाय के खून का प्यासा हुआ था। कई लोगों की हत्याएं हुई और जबरन धर्म परिवर्तन कराया गया। पुलिस सुरक्षा को इंकार करते हुए, केवल एक बंगाली स्टेनोग्राफर को साथ लिए 77 वर्ष के महात्मा गांव-से-गांव तक, घर-से-घर तक की पदयात्रा कर रहे थे। गांधी जी दोनों धर्मों के बीच प्रेम का सेतु (पुल) बनाना चाहते थे। वे फलाहार ही करते और हिंदू-मुस्लिम के दिलों को एक करने के लिए दिन-रात एक कर रहे थे। नोआखली में 7 नवंबर 1946 से 2 मार्च 1947 तक गांधी जी रहे। चार महीनों की अपनी यात्रा के दौरान बापू यहां नंगे पांव रहे। उनका मानना था कि नोआखाली एक श्मशान भूमि है, जहां हजारों बेकसूर लोगों की समाधियां हैं। ऐसी जगहों पर चप्पल पहनना मृत आत्माओं के प्रति अपमान है। नोआखाली के पुलिस अधीक्षक श्री अब्दुल्ला ने बापू से वादा किया 'आपके रहते दंगे नहीं होंगे।' बापू ने कहा, 'तब ठीक है, अगर अब दंगे हुए तो गांधी तुम्हारे दरवाजे पर मर जाएगा।' अब्दुल्ला गांधी जी का मनतव्य समझ गए और कहा, 'मेरे जीते जी दंगे नहीं होंगे।' गांधी जी अब संतुष्ट थे। इसके बाद वे बिहार चले गए। यहां भी उन्होंने वही किया, जो नोआखली में किया था। गांव-से-गांव तक की पदयात्रा की। लोगों को उनकी गलती का अहसास कराने के साथ जिम्मेदारियों से भी परिचित कराया। घायलों के इलाज के लिए उन्होंने रुपये इकट्ठे करने शुरू किए। यह गांधी जी का ही प्रभाव था कि एक धर्म की महिलाएं दूसरे धर्म के लोगों के इलाज के लिए अपने गहने तक उतारकर दे रही थीं।

विश्व की इन शख्सियतों ने अपनाए बापू के सिद्धांत

अफ्रीकी गांधी नेल्सन मंडेला, महान वैज्ञानिक अल्बर्ट आंइस्टाइन, अफ्रीकी-अमेरिकी नागरिक अधिकारों के संघर्ष के प्रमुख नेता अब्राहिम लिंकन समेत पूरे विश्व में बदलाव लाने वाली कई शख्सियतें ऐसी हैं, जो गांधी के विचारों से प्रभावित रही हैं और उन्होंने अपने जीवन को बेहतर बनाने में गांधी के विचारों और जीवन से प्रेरणा ली है।

स्टीव जॉब्स भी प्रभावित थे गांधी के नजरिये से

एप्पल के संस्थापक स्टीव जॉब्स युवा उम्र में भारत आए थे। वह महात्मा गांधी के जीवन और अध्यात्म से प्रभावित थे। स्टीव जॉब्स ने 1980 के दशक में जब अपनी कंपनी बनाई और एप्पल कंप्यूटर बेचना शुरू किया तो उन्होंने विज्ञापनों में चरखे के साथ बापू की तस्वीर लगाई। विज्ञापन का नारा था, 'अलग सोचो।' बापू के विचारों से प्रभावित स्टीव हमेशा उनकी तरह ही गोल चश्मा पहनते थे। स्टीव ने एक बार कहा था कि गांधी उनके हीरो और आदर्श थे और वह उनके सिद्धांतों में अटूट विश्वास रखते थे।

ब्रिटिश संगीतकार जॉन लेनन

भले ही बापू का संघर्ष अंग्रेजों के खिलाफ था, लेकिन यह गांधी की अहिंसा की शक्ति ही थी, कि आज भी ब्रिटेश के लोग बापू में निष्ठा रखते हैं। संगीत की दुनिया के सबसे बड़े नामों में शामिल बीटल्स बैंड के ब्रिटिश संगीतकार जॉन लेनन भी महात्मा गांधी से प्रभावित थे। बापू के जैसा गोल चश्मा लेनन भी पहनते थे। लेनन ने कई अहिंसात्मक आंदोलनों में भी हिस्सा लिया। लेनन महात्मा गांधी के इस विचार से सबसे ज्यादा प्रभावित थे कि 'वो बदलाव खुद बनो, जो तुम दुनिया में देखना चाहते हो।'

बापू की समाधि के दर्शन करने गए थे दलाई लामा

तिब्बत में चीन के दमन के बाद दलाई लामा 1956 में शरणार्थी के रूप में भारत आए थे। 20 साल की उम्र में दलाई लामा राजघाट में बापू की समाधि पर दर्शन करने गए। दलाई लामा ने समाधि को छुआ और जीवन में कभी हिंसा का रास्ता न अपनाने का संकल्प लिया। 1989 में दलाई लामा को महात्मा गांधी के नाम पर स्थापित शांति पुरस्कार प्रदान किया गया। उन्होंने अपना शांति पुरस्कार महात्मा गांधी को समर्पित किया।

बच्चों को गांधी के बारे में पढ़ने की सलाह देती हैं आंग सांग सू की

नोबेल शांति पुरस्कार विजेता और म्यांमार की नेता आंग सांग सू की महात्मा गांधी से प्रभावित हैं। सू की पूरे विश्व में बच्चों को गांधी के बारे में पढ़ने को कहती हैं। म्यांमार में सेना के सत्ता हथियाने के लिए खिलाफ सू की ने लंबा अहिंसक विरोध किया। उन्हें 15 साल तक नजरबंद करके रखा गया था।

जब चर्चिल के ही बगल में लगी गांधी की प्रतिमा

गांधी के प्रति तत्कालीन ब्रिटिश प्रधानमंत्री चर्चिल की नफरत इतनी ज्यादा थी कि बापू जब 1942 में अनशन पर थे तब वह गांधी की मृत्यु तक में अपना फायदा देख रहे थे। जब चर्चिल को ये पता चला तो उन्होंने वायसराय को लिखा, 'अगर कुछ काले लोग इस्तीफ़ा दे भी दें तो इससे फर्क क्या पड़ता है। हम दुनिया को बता सकते हैं कि हम राज कर रहे हैं। अगर गांधी वास्तव में मर जाते हैं तो हमें एक बुरे आदमी और साम्राज्य के दुश्मन से छुटकारा मिल जाएगा। ऐसे समय जब सारी दुनिया में हमारी तूती बोल रही हो, एक छोटे बूढ़े आदमी के सामने जो हमेशा हमारा दुश्मन रहा हो, झुकना बुद्धिमानी नहीं है।' महात्मा गांधी ने कहा था कि, "पहले वह आपकी उपेक्षा करेंगे, उसके बाद आप पर हंसेंगे, उसके बाद आपसे लड़ाई करेंगे, उसके बाद आप जीत जाएंगे।" यह बात गांधी के जीवन पर बिलकुल सटीक बैठती है, क्योंकि गांधी को कभी अधनंगा फकीर कहने वाले ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल की प्रतिमा के बगल में 4 मार्च 2015 को लंदन के पार्लियामेंट स्क्वायर पर गांधी की 9 फुट ऊंची कांस्य प्रतिमा लगाई गई थी। महात्मा गांधी के सम्मान में ब्रिटिश पार्लियामेंट ने यह प्रतिमा लगवाई थी।

(फोटो गूगल से साभार)

वन एवं वन्यजीव विभाग

रा. रा. क्षे. दिल्ली सरकार

विकास भवन, ए-ब्लॉक, द्वितीय तल, इं. प्र. एस्टेट, नई दिल्ली-110002

फा. सं.1 (39)/डीसीएफ(मुख्या.)/स्था./भर्ती एडसिल/2019/-पीटी फाइल-10946 दिनांक : 27/12/2019

सीधी भर्ती सूचना

आवेदन पत्रों के ऑनलाइन पंजीकरण की प्रारंभन तिथि	14 जनवरी, 2020, प्रात:10:00 बजे
शुल्क के साथ ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा की अंतिम तिथि	13 फरवरी, 2020, पूर्वा.11:59 बजे
कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन परीक्षा की अनंतिम तिथियां	12 तथा/अथवा 13 मार्च, 2020

टिप्पणी : उपरोक्त सभी तिथियां अनंतिम हैं तथा किसी नियंत्रण से परे स्थिति के मामले में, इन तिथियों को किसी भी समय परिवर्तित किया जा सकता है. इस प्रकार के परिवर्तनों, यदि कोई, के बारे में सूचना वन एवं वन्यजीव विभाग, रा. रा. क्षे. दिल्ली सरकार की वेबसाइट पर दी जाएगी. उम्मीदवारों को सलाह है कि वे इस भर्ती प्रक्रिया तथा कार्यक्रम में परिवर्तनों, यदि कोई, के संबंध में सूचना के लिए वेबसाइट क साथ संपर्क में बने रहें.

विभिन्न पदों को भरने के लिए नीचे निर्धारितानुसार मानदंडों के अनुसार पात्र उम्मीदवारों से वन एवं वन्यजीव विभाग, **रा. रा. क्षे. दिल्ली सरकार की वेबसाइट http://forest.delhigovt.nic.in** पर ऑनलाइन आवेदनपत्र आमंत्रित किये जाते हैं. पदों के विवरण, वेतन बैंड/ग्रेड वेतन तथा पात्रता शर्तें निम्नानुसार हैं :

पद कोड	पद का नाम	समूह	वेतन बैंड/ ग्रेड वेतन	आयु आवेदन बंद होने की अंतिम तिथि के अनुसार	योग्यता	कुल रिक्तियां	अना	अजा	अजजा	अपिव	आ.दु.ब.
1.	वनपाल	'ख' अराजपत्रित अलिपिक-वर्गीय	स्तर-6 [रु. 35,400-1,12,400]	तीस वर्ष से अधिक नहीं **[सरकारी कर्मचारियों के लिए केंद्र सरकार द्वारा जारीकृत अनुदेशों अथवा** आदेशों के अनुसार पांच वर्षों तक शिथिलनीय] **टिप्पणी :** आयु सीमा के निर्धारण हेतु निर्णायक तिथि भारत में उम्मीदवारों से आवेदनपत्र प्राप्ति हेतु अंतिम तिथि होगी (तथा असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नगालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, लद्दाख, ज. एंव क., हिमाचल प्रदेश के लाहौल एवं स्पीति जिला तथा चम्बा जिले के पांगी उप मंडल, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह अथवा लक्षद्वीप के निवासियों हेतु निर्धारित अंतिम तिथि नहीं)	**अनिवार्य :-** **(1). शैक्षिक योग्यता** **(क)** निम्नांकित किसी एक विषय के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से विज्ञान अथवा अभियांत्रिकी में स्नातक डिग्री : **(i)** कृषि विज्ञान **(ii)** वनस्पति विज्ञान **(iii)** रसायन विज्ञान **(iv)** कंप्यूटर अनुप्रयोग/कंप्यूटर विज्ञान. **(v)** अभियांत्रिकी कृषि/रसायन/सिविल/कंप्यूटर/वैद्युत/इलेक्ट्रॉनिकी/यांत्रिक **(vi)** पर्यावरण विज्ञान **(vii)** वानिकी **(viii)** भू-विज्ञान **(ix)** बागवानी **(x)** गणित विज्ञान **(xi)** भौतिक विज्ञान **(xii)** सांख्यिकी **(xiii)** पशुचिकित्सा विज्ञान **(xiv)** प्राणी विज्ञान **(2)** **(क) शारीरिक मानदंड :** उम्मीदवार के लिए कद तथा सीने के लिए न्यूनतम मानदंड निम्नानुसार होगा : | | कद | सीना | | | | | सामान्य | विस्तार | | पु. | 163 | 84 | 05 | | म. | 150 | 79 | 05 | यद्यपि उपरोक्त कद मानक अनुसूचित जनजातियों तथा जातियों जैसे असमी, भूटानी, गढ़वाली, गोरखा, कुमाउंनी, लद्दाखी, मिजो, नगा, नेपाली, सिक्किमी से संबंधित तथा अरुणाचल प्रदेश, लाहौल एवं स्पीति, मेघालय के उम्मीदवारों के मामले में नीचे दी गयी सीमा तक शिथिलनीय है : पुरुष - 152 सें.मी. महिला - 145 सें.मी. **(ख)** पुरुष महिला उम्मीदवारों को एक शारीरिक परीक्षा अवश्य उत्तीर्ण करनी होगी जिसमें चार घंटे में 25/16 कि.मी. क्रमशः की दूरी पैदल तय करना शामिल होगा.	04*	03	-	-	01	-
2.	वन रक्षक	'ग' अराजपत्रित अलिपिक-वर्गीय	[वे. बैं. -1, रु. 5200-20,200/- के साथ ग्रे.वे. रु. 2000/-]	18-27 वर्ष **[रियायत केंद्र सरकार द्वारा समय-समय पर जारीकृत अनुदेशों अथवा** आदेशों के अनुसार] **टिप्पणी :** आयु सीमा के निर्धारण हेतु निर्णायक तिथि भारत में उम्मीदवारों से आवेदनपत्र प्राप्ति हेतु अंतिम तिथि होगी (तथा असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नगालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, लद्दाख, ज. एंव क., हिमाचल प्रदेश के लाहौल एवं स्पीति जिला तथा चम्बा जिले के पांगी उप मंडल, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह अथवा लक्षद्वीप के निवासियों हेतु निर्धारित अंतिम तिथि नहीं)	**1. अनिवार्य :-** किसी मान्यताप्राप्त बोर्ड से 12वीं/उच्चतर माध्यमिक परीक्षा उत्तीर्ण. **2. वांछनीय :** हिंदी का ज्ञान. **3. (क)** **शारीरिक मानदंड :** | | कद | सीना | | | | | सामान्य | विस्तार | | पु. | 163 | 84 | 05 | | म. | 150 | 79 | 05 | अनुसूचित जनजातियों तथा जातियों जैसे असमी, भूटानी, गढ़वाली, गोरखा, कुमाउंनी, लद्दाखी, मिजो, नगा, नेपाली, सिक्किमी तथा अरुणाचल प्रदेश, लाहौल एवं स्पीति, मेघालय के उम्मीदवारों हेतु न्यूनतम कद मानक : पुरुष - 152 सें.मी. महिला - 140 सें.मी. **(ख)** पुरुष महिला उम्मीदवारों को एक शारीरिक परीक्षा अवश्य उत्तीर्ण करनी होगी जिसमें चार घंटे में 25/16 कि.मी. क्रमशः की दूरी पैदल तय करना शामिल होगा.	211*	88	30	15	57	21
3.	वन्यजीव रक्षक/ आखेट प्रहरी	'ग' अराजपत्रित अलिपिक-वर्गीय	स्तर-1 [रु. 18,000-56,900/-] 7वें कें.वे.आ. के अनुसार	18-27 वर्ष **[सरकारी कर्मचारियों तथा अजा/अजजा/अपिव इत्यादि के लिए भारत सरकार द्वारा जारीकृत अनुदेशों/आदेशों के अनुसार रियायत]** **टिप्पणी :** आयु सीमा के निर्धारण हेतु निर्णायक तिथि भारत में उम्मीदवारों से आवेदनपत्र	**अनिवार्य :-** मान्यताप्राप्त बोर्ड/संस्थान से 10वीं उत्तीर्ण.	11*	04	02	01	03	01

पद कोड	पद का नाम	समूह	वेतन बैंड/ ग्रेड वेतन	आयु आवेदन बंद होने की अंतिम तिथि के अनुसार	योग्यता	कुल रिक्तियां	अना	अजा	अजजा	अपिव	आ.दु.व.
				प्राप्ति हेतु अंतिम तिथि होगी (तथा असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नगालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, लद्दाख, ज. एंव क., राज्य हिमाचल प्रदेश के लाहौल एवं स्पीति जिला तथा चम्बा जिले के पांगी उप मंडल, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह अथवा लक्षद्वीप के निवासियों हेतु निर्धारित अंतिम तिथि नहीं							

*** ऊपर निर्दिष्ट रिक्तियों की संख्या परिवर्तन के अधीन है.**

1. ऊपर निर्दिशित की गयी रिक्तियों की संख्या मांग तथा उपलब्धता अथवा एक अथवा अन्य कारणों से रिक्तियों की अनुपलब्धता के आधार पर बढ़ायी/घटायी अथवा घटाकर शून्य भी की जा सकती है.
2. यदि कोई उम्मीदवार 1 (एक) से अधिक पद के लिए आवेदन करना चाहता/चाहती है तो उसको ऐसे सभी पदों के लिए पृथक रूप से आवेदन करना होगा. किसी दो अथवा अधिक पदों के लिए परीक्षा तिथि/समय में किसी टकराव की स्थिति में, उम्मीदवार को उस परीक्षा का निर्णय लेना होगा जिसको वह देना चाहता/चाहती है. वन एवं वन्यजीव विभाग, रा. रा. क्षे. दिल्ली सरकार बाद में परीक्षा तिथि/समय में किसी परिवर्तन हेतु किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं करेगी. यदि उम्मीदवार एक से अधिक पद के लिए आवेदन करने का विकल्प लेता है तो उस स्थिति में, प्रत्येक आवेदनपत्र हेतु पृथक शुल्क देय होगा.
3. उम्मीदवारों को आवेदित पद के लिए अपनी पात्रता सुनिश्चित करना होगा. उपरोक्त पदों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वे आवेदित पद हेतु सभी पात्रता शर्तें पूरी करते/करती हैं. परीक्षा के सभी चरणों में उनका प्रवेश निर्धारित पात्रता शर्तें पूरी करने के अधीन शुद्ध रूप से अनंतिम होगा. उम्मीदवार को प्रवेश पत्र जारी करने मात्र का यह तात्पर्य नहीं होगा कि उसकी पात्रता को वन एवं वन्यजीव विभाग द्वारा अंतिम रूप से सुनिश्चित कर दिया गया है. वन एवं वन्यजीव विभाग द्वारा केवल उम्मीदवार के सफल हो जाने के पश्चात ही मूल प्रलेखों के संदर्भ में पात्रता शर्तों का सत्यापन किया जाएगा.
4. यदि उम्मीदवार आवेदनपत्र जमा करने की अंतिम तिथि को अथवा इससे पूर्व अपेक्षित निर्धारित योग्यता पूरी नहीं करता/करती है तो उसकी उम्मीदवारी संक्षेपतः अस्वीकृत कर दी जाएगी. भले ही वह भर्ती हेतु संचालित परीक्षा में सफल हो जाता/जाती है.
5. यदि ऑनलाइन कंप्यूटर आधारित परीक्षा अथवा शारीरिक परीक्षा (लागू अनुसार) से पूर्व अथवा पश्चात किसी भी समय सत्यापन करने पर यह पाया जाता है कि वह किसी पात्रता शर्त को पूरा नहीं करते/करती हैं, तो परीक्षा हेतु उनकी उम्मीदवारी को वन एवं वन्यजीव विभाग द्वारा निरस्त कर दिया जाएगा. यदि उनका कोई भी दावा गलत पाया जाता है तो वे वन एवं वन्यजीव विभाग द्वारा समुचित कार्रवाई, जैसा उचित समझा जाए, के भागी हो सकते/सकती हैं.
6. **आवेदनपत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि :** ऑनलाइन आवेदनपत्र **13 फरवरी, 2020 को अप. 11.59 बजे तक** सभी संदर्भों में भरे तथा जमा किये जा सकते हैं जिसके पश्चात लिंक निष्क्रिय हो जाएगा.
7. पात्र उम्मीदवारों को परीक्षा के प्रारंभन से तीन सप्ताह पूर्व एक प्रवेश पत्र जारी किया जाएगा. प्रवेश पत्र उम्मीदवारों द्वारा डाउनलोड किये जाने हेतु वन एवं वन्यजीव विभाग की वेबसाइट (**http://forest.delhigovt.nic.in**) पर उपलब्ध किया जाएगा. कोई भी प्रवेश पत्र डाक द्वारा नहीं भेजा जाएगा.
8. **उम्मीदवारों के मार्गदर्शन हेतु सरलीकरण काउंटर :** अपने आवेदनपत्र उम्मीदवारी इत्यादि के संबंध में किसी मार्गदर्शन/सूचना/स्पष्टीकरण के मामले में उम्मीदवार **DOFWhelpdesk@gmail.com** पर ई-मेल कर सकते हैं तथा/अथवा हेल्पडेस्क से (टोल फ्री नंबर अनुदेश पत्र में दृष्टिगत होगा) प्रातः 10.00 बजे तथा अप. 06.00 बजे के बीच संपर्क कर सकते हैं.

महत्वपूर्ण अनुदेश :

परीक्षा भवन में इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों जैसे मोबाइल फोन, माइक्रोफोन अथवा किसी अन्य संबद्ध उपस्करों, ब्लूटूथ समर्थित उपकरणों, कैलकूलेटर, लॉग टेबल्स/पेजर/डिजीटल डायरी, डिजिटल घड़ी, पुस्तक/नोट्स धात्विक पहनावा, चूड़ियां, बेल्ट, ब्रासलेट इत्यादि रखना तथा इस्तेमाल करना एकदम प्रतिबंधित है. यदि किसी उम्मीदवार के पास इनमें से कोई भी उपकरण/प्रलेख पाया जाता है तो उसकी उम्मीदवारी संक्षेपतः निरस्त कर दी जाएगी. इसलिए उम्मीदवार को परीक्षा केंद्र पर मोबाइल फोन/माइक्रोफोन तथा इसके कोई भी उपसाधान इत्यादि अपने साथ नहीं लाना चाहिए. परीक्षा भवन के बाहर उम्मीदवारों के व्यक्तिगत सामानों के सुरक्षित रख-रखाव के लिए कोई सुविधा नहीं है और वन एवं वन्यजीवन विभाग इसकी गुमशुदगी के लिए जिम्मेदार नहीं होगा.

1. पात्रता शर्तें :

क. उम्मीदवार को भारत का नागरिक अवश्य होना चाहिए.

ख. विज्ञापन में निर्धारितनुसार शैक्षिक योग्यता, आयु, अनुभव इत्यादि का निर्धारण ऑनलाइन आवेदनपत्र जमा करने की समापन/अंतिम तिथि के अनुसार किया जाएगा.

2. आरक्षण हितलाभ :

क. आरक्षण हितलाभ आ.दु.व./अजा/अजजा/अपिव तथा अन्य विशेष संवर्ग के उम्मीदवारों हेतु दिल्ली सरकार द्वारा समय-समय पर जारीकृत अनुदेशों/आदेशों/परिपत्र के अनुसार उपलब्ध होगा.

ख. जो उम्मीदवार आरक्षित रिक्तियों के समक्ष विचारित होना चाहते हैं तथा/अथवा आयु रियायत चाहते हैं उनके पास विच्छेद तिथि (विज्ञापन की समापन तिथि) को अथवा इससे पूर्व सक्षम/अधिसूचित प्राधिकारी द्वारा जारीकृत सुसंगत प्रमाणपत्र (अजा/अजजा/आदुव/अपिव/गैर क्रीमी लेयर/शैक्षिक/अनुभव इत्यादि) अवश्य होने चाहिए, अन्यथा किसी भी संवर्ग के लिए उनके दावे पर विचार नहीं किया जाएगा तथा उनके आवेदनपत्र पर अनारक्षित (अना) संवर्ग की रिक्तियों के समक्ष विचार किया जाएगा, यदि अन्यथा पात्र हैं. उम्मीदवार को पद के लिए ऑनलाइन आवेदन करते समय उस विशेष संवर्ग का चयन करना होगा. बाद के किसी चरण में संवर्ग के परिवर्तन हेतु किसी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा.

ग. केवल अपिव (दिल्ली) उम्मीदवारों को अपिव संवर्ग के अधीन आरक्षण/आयु रियायत का हितलाभ दिया जाएगा. **अपिव (बाहरी) उम्मीदवारों को अनारक्षित उम्मीदवार माना जाएगा और उन्हें अनिवार्य रूप से अना संवर्ग के अधीन आवेदन करना चाहिए.** अपिव उम्मीदवारों के पास उनके जाति प्रमाणपत्र के साथ गैर-क्रीमी लेयर प्रमाणपत्र अवश्य होना चाहिए.

घ. अपिव हेतु आरक्षण के हितलाभ की स्वीकृति के लिए केवल निम्नांकित दो प्रकार के प्रमाणपत्र वैध प्रमाणपत्रों के रूप में स्वीकृत होंगे :

(i) रा.रा.क्षे. दिल्ली सरकार के राजस्व विभाग द्वारा जारीकृत अपिव प्रमाणपत्र (दिल्ली), रा.रा.क्षे. दिल्ली सरकार से उम्मीदवार के परिवार के किसी सदस्य हेतु जारीकृत पुराने प्रमाणपत्र के आधार पर.

(ii) रा.रा.क्षे. दिल्ली सरकार द्वारा अपिव के रूप में विधिवत अधिसूचित समुदाय से संबंधित व्यक्ति हेतु दिल्ली से बाहर के एक सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारीकृत अपिव प्रमाणपत्र. यह प्रमाणपत्र अनिवार्य रूप से रा.रा.क्षे. दिल्ली सरकार द्वारा संबंधित व्यक्ति के एक पारिवारिक सदस्य हेतु जारीकृत अपिव प्रमाणपत्र के आधार पर जारी किया गया हो जो 08/09/1993 से पूर्व दिल्ली में निवास कर रहा था.

ङ. अजा/अजजा/अपिव से संबंधित उम्मीदवार हो सामान्य संवर्ग उम्मीदवारों हेतु लागू अनुसार उसी मानदंड पर चयनित हुआ है तथा जो सामान्य मैरिट सूची में शामिल है उसको निजी मैरिट उम्मीदवार माना जाएगा. ऐसे उम्मीदवार को आरक्षण रोस्टर के अनारक्षित बिंदु के समक्ष समायोजित किया जाता है. केवल ऐसे अजा/अजजा/अपिव उम्मीदवारों को आरक्षित रिक्तियों के समक्ष समायोजित नहीं किया जाएगा जो सामान्य उम्मीदवारों हेतु लागू अनुसार उसी मानदंड पर चयनित होते हैं. दूसरे शब्दों में, जब एक अजा/अजजा/अपिव उम्मीदवार के चयन में एक शिथिल मानक लागू किया जाता है, उदाहरणार्थ आयु सीमा, अनुभव, योग्यता, लिखित परीक्षा में अवसरों की अनुमत्य संख्या, सामान्य संवर्ग उम्मीदवारों हेतु उपलब्ध की अपेक्षा वृहत्तर विस्तारित विचार जोन इत्यादि में, ऐसे अजा/अजजा/अपिव उम्मीदवारों की गणना आरक्षित रिक्तियों के समक्ष की जाती है. ऐसे उम्मीदवारों को अनारक्षित रिक्तियों के समक्ष विचारार्थ अनुपलब्ध माना जाएगा.

3. आयु रियायत :

क्र. सं.	संवर्ग	आयु रियायत की सीमा
1.	अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजातियां	05 वर्ष
2.	अन्य पिछड़ा वर्ग	03 वर्ष
3.	रा.रा.क्षे. दिल्ली सरकार में न्यूनतम तीन वर्षों की सतत सेवा के साथ विभागीय उम्मीदवार	समूह 'ख' पदों के लिए 05 वर्ष तक (जो उसी पंक्ति अथवा संबद्ध कैडर में हैं तथा जहां एक संबंध स्थापित किया जा सकता है कि एक विशेष पद के अंतर्गत पहले प्रस्तुत की सेवा पद के कर्तव्यों के कार्यकुशल निष्पादन हेतु उपयोगी होगी).
		40 वर्ष की आयु तक (अजा/अजजा हेतु 45 वर्ष, अपिव हेतु 43 वर्ष) समूह 'ग' पदों के लिए (जो उसी पंक्ति अथवा संबद्ध कैडर में हैं)

(**टिप्पणी :** यह का. एवं प्रशि. विभाग के दिशानिर्देशों के अनुसार विनियमित होगा).

च. वन एवं वन्यजीव विभाग द्वारा स्वीकृत जन्मतिथि मैट्रिक अथवा माध्यमिक विद्यालय छोड़ने के प्रमाणपत्र में अथवा एक भारतीय विश्वविद्यालय द्वारा मैट्रिक के समकक्ष के रूप में मान्यताप्राप्त प्रमाणपत्र में अथवा एक विश्वविद्यालय द्वारा अनुरक्षित मैट्रिक के रजिस्टर से एक सार में, जिसको विश्वविद्यालय के समुचित प्राधिकारी द्वारा अनुप्रमाणित अवश्य होना चाहिए, अथवा एक उच्चतर माध्यमिक अथवा समकक्ष परीक्षा प्रमाणपत्र में प्रविष्ट की गयी तिथि होगी.

छ. आयु से संबंधित कोई अन्य प्रलेख जैसे कि जन्मपत्री, शपथपत्र, नगर निगम से जन्म उद्धरण, सेवा रिकॉर्ड और इसी तरह के अन्य प्रलेख स्वीकार नहीं किये जाएंगे.

ज. अनुदेश के इस भाग में अभिव्यक्ति मैट्रिक/माध्यमिक परीक्षा प्रमाणपत्र में ऊपर उल्लिखित वैकल्पिक प्रमाणपत्र शामिल है.

झ. राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार द्वारा जारी अनुदेशों के अनुसार सरकारी कर्मचारियों और वन एवं वन्यजीव विभाग के कर्मचारियों के लिए छूट.

नोट : अभ्यर्थी यह नोट करें कि जन्म तिथि के परिवर्तन के लिए बाद में किसी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा और न ही इसे परिवर्तित किया जाएगा.

4. आवेदन शुल्क और भुगतान का तरीका :

पदों की सभी श्रेणियों के लिए आवेदन शुल्क रु. 100/- होगा. यथा प्रयोज्य बैंक प्रभार अभ्यर्थी द्वारा वहन किया जाएगा.

लागू सरकारी आदेशों के अनुसार सभी महिला अभ्यर्थियों और अनुसूचित जाति/जनजातियों से संबंधित अभ्यर्थियों को आवेदन शुल्क के भुगतान से छूट है. तथापि अपिव अभ्यर्थियों को शुल्क से छूट नहीं है और इन्हें निर्धारित पूरा शुल्क भुगतान करना अपेक्षित है.

क. आवेदन शुल्क भुगतान केवल ऑनलाइन तरीके से किया जाए.

ख. भुगतान का कोई अन्य तरीका स्वीकार नहीं किया जाएगा.

5. परीक्षा केंद्र :

ऑनलाइन परीक्षा और शारीरिक परीक्षा (जो लागू हो) का आयोजन केवल दिल्ली/एनसीआर में स्थित केंद्रों पर होगा.

6. चयन प्रक्रिया :

निम्नलिखित ब्यौरे के अनुसार पद की सभी श्रेणियों के लिए एक ऑनलाइन परीक्षा होगी :

पद कोड	पद का नाम	भर्ती की रीति	परीक्षा का विवरण
1.	वनपाल	दो चरण : ऑनलाइन वस्तुनिष्ठ बहु-विकल्प प्रकार परीक्षा और इसके बाद शारीरिक परीक्षा	**चरण-I** **सामान्य अभिरुचि-100 अंक/100 प्रश्न** **क)** सामान्य बुद्धिमत्ता + तर्कशक्ति- 25 अंक/ 25 प्रश्न **ख)** सामान्य ज्ञान-25 अंक/25 प्रश्न **ग)** मात्रात्मक अभिरुचि-25 अंक/25 प्रश्न **घ)** अंग्रेजी बोध-25 अंक/25 प्रश्न **भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित/जीवविज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं पर्यावरण-100 अंक/ 100 प्रश्न** **कुल - 200 अंक/200 प्रश्न** **[अवधि (03) तीन घंटे].** **चरण-II** **शारीरिक परीक्षा** किसी अभ्यर्थी के लिए ऊंचाई और सीना कसन के न्यूनतम मानदंड इस प्रकार होगा:

	ऊंचाई	सीना कसन	
		सामान्य	विस्तार
पुरुष	163	84	05
महिला	150	79	05

तथापि, उपर्युक्त ऊंचाई मानदंड में अनुसूचित जन-जातियों और प्रजातियों जैसे कि असमी, भूटानी, गढ़वाली, गोरखा, कुमांयूनी, लद्दाखी, मिजो, नागा, नेपाली, सिक्कमी, और अरुणाचल प्रदेश, लाहौल एवं स्पीति, मेघालय में रहने वालों से संबंधित अभ्यर्थियों के मामलें में नीचे दी गयी सीमा तक छूट है :

पद कोड	पद का नाम	भर्ती की रीति	परीक्षा का विवरण
			पुरुष - 152 सें.मी. महिला - 145 सें.मी. **(ख)** पुरुष/महिला अभ्यर्थियों को पैदल चार घंटों के भीतर क्रमशः 25/16 कि.मी. की दूरी को कवर करते हुए एक शारीरिक परीक्षा पास करनी होगी.
2.	**वन रक्षक**	दो चरण : ऑनलाइन वस्तुनिष्ठ बहु-विकल्प प्रकार परीक्षा और इसके बाद शारीरिक परीक्षा	**चरण-I** **क)** सामान्य बुद्धिमत्ता + तर्कशक्ति- 40 अंक/40 प्रश्न **ख)** सामान्य ज्ञान-40 अंक/40 प्रश्न **ग)** मात्रात्मक अभिरुचि-40 अंक/40 प्रश्न **घ)** अंग्रेजी भाषा एवं बोध-40 अंक/40 प्रश्न **ङ)** हिंदी भाषा एवं बोध-40 अंक/40 प्रश्न **कुल - 200 अंक/200 प्रश्न** **[अवधि दो घंटे].** **चरण-II** **शारीरिक परीक्षा** किसी अभ्यर्थी के लिए ऊंचाई और सीना कसन के न्यूनतम मानदंड इस प्रकार होगाः ऊंचाई / सीना कसन (सामान्य / विस्तार) पुरुष: 163 / 84 / 05 महिला: 150 / 79 / 05 तथापि, उपर्युक्त ऊंचाई मानदंड में अनुसूचित जन-जातियों और प्रजातियों जैसे कि असमी, भूटानी, गढ़वाली, गोरखा, कुमांयूनी, लद्दाखी, मिजो, नागा, नेपाली, सिक्कमी, और अरुणाचल प्रदेश, लाहौल एवं स्पीति, मेघालय में रहने वालों से संबंधित अभ्यर्थियों के मामलें में नीचे दी गयी सीमा तक छूट है : पुरुष - 152 सें.मी. महिला - 140 सें.मी. **(ख)** पुरुष/महिला अभ्यर्थियों को पैदल चार घंटों के भीतर क्रमशः 25/16 कि.मी. की दूरी को कवर करते हुए एक शारीरिक परीक्षा पास करनी होगी.
3.	**वन्यजीव रक्षक/आखेट प्रहरी**	ऑनलाइन वस्तुनिष्ठ बहु-विकल्प प्रकार	**क)** सामान्य बुद्धिमत्ता + तर्कशक्ति- 40 अंक/40 प्रश्न **ख)** सामान्य ज्ञान-40 अंक/40 प्रश्न **ग)** मात्रात्मक अभिरुचि-40 अंक/40 प्रश्न **घ)** अंग्रेजी भाषा एवं बोध-40 अंक/40 प्रश्न **ङ)** हिंदी भाषा एवं बोध-40 अंक/40 प्रश्न **कुल - 200 अंक/200 प्रश्न** **[अवधि दो घंटे].**

7. गलत उत्तर के लिए दंड :

अभ्यर्थी यह नोट करें कि उन सभी मामलों में जहां प्रश्न 01 अंक का है, अनुमान कार्य को निरुत्साहित करने के उद्देश्य से चार विकल्प वाले वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न पत्रों में अभ्यर्थी द्वारा अंकित गलत उत्तर/बहु उत्तर के लिए 0.25 अंक का दंड (ऋणात्मक अंकन) होगा.

8. मेधा की तैयारी :

i) वनपाल के पद के लिए आवेदकों को अपनी श्रेणी (अना/अपिव/अजा/अजजा आदि) की न्यूनतम अर्हकारी अंकों के अनुसार खंड क एवं ख में अलग-अलग अर्हता प्राप्त करनी होगी.

ii) संबंधित पदों के लिए सभी सफल अभ्यर्थियों की मेधा सूची ऑनलाइन परीक्षा में अभ्यर्थियों द्वारा प्राप्त अंकों के आधार पर अलग-अलग तैयार की जाएगी.

iii) वन एवं वन्यजीव विभाग को अभ्यर्थियों की उपलब्धता के अनुसार किसी पद के लिए न्यूनतम कट-ऑफ अंक निर्धारित करने का अधिकार है.

तथापि, यदि दो या अधिक अभ्यर्थी एक ही मेधा स्थान प्राप्त करते हैं, तब उनकी मेधा के निर्धारण के लिए निर्णायक तथ्य उनकी जन्म तिथि होगी अर्थात बड़े अभ्यर्थी को मेधा सूची में ऊपर रखा जाएगा. आगे तय होने की स्थिति में अभ्यर्थी जिसके नाम का पहला अक्षर (माध्यमिक विद्यालय परीक्षा प्रमाणपत्र के अनुसार) वर्णमाला क्रम (अंग्रेजी में) में पहले आता है, को मेधा में उच्चतर स्थान पर रखा जाएगा.

9. दस्तावेजों का सत्यापन :

पहचान के साथ-साथ दस्तावेजों का सत्यापन, प्रस्ताव/नियुक्ति पत्र जारी करने से पहले किया जाएगा जिसकी तिथि अलग से सूचित की जाएगी.

अपने मूल दस्तावेजों के सत्यापन के उद्देश्य हेतु निर्धारित तिथि पर इनकी स्व सत्यापित एक फोटो प्रति के साथ निम्नलिखित मूल दस्तावेजों के साथ पहचान और दस्तावेज सत्यापन के समय उम्मीदवारों को प्रस्तुत होना अनिवार्य होगा :

(i) आवेदन के सिस्टमजनित प्रिन्टआउट के साथ उम्मीदवार का स्कैन किया गया फोटो और हस्ताक्षर.

(ii) आवेदन शुल्क रसीद का प्रमाण.

(iii) माध्यमिक स्कूल परीक्षा का प्रमाणपत्र/अंकतालिका, जिसमें उम्मीदवार की जन्म तिथि अंकित है.

(iv) सभी शैक्षिक और वृत्तिक/उच्च योग्यता की डिग्री और प्रमाण पत्रों के साथ सभी वर्षों/सेमिस्टर की अंक तालिका.

(v) संबंधित सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी अजा/अजजा/अपिव का प्रमाण पत्र, जैसा भी मामला हो (यदि लागू है.)

(vi) सरकारी विभागों/पीएसयू/स्वायत्त निकायों में पहले से नियुक्त उम्मीदवारों को सेवा से जुड़ने के समय नियोक्ता से ''अनापत्ति प्रमाण पत्र'' (एनओसी) प्रस्तुत करना होगा, यदि नियुक्ति प्रदान की गई है.

(vii) आधार कार्ड, यदि जारी नहीं किया गया है तो आधार कार्ड की पंजीकरण पर्ची.

(viii) पहचान प्रमाण जैसे मतदाता पहचान पत्र, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस आदि.

(ix) विज्ञापन और/या बुलावा पत्र में दिए गए विवरण के अनुसार अन्य सभी दस्तावेज.

(x) यदि उम्मीदवार मूल दस्तावेजों के साथ पहचान/दस्तावेज के सत्यापन के लिए प्रस्तुत नहीं होता है तो वह नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा और उसकी उम्मीदवारी अस्वीकार कर दी जाएगी. किसी भी मामले में दस्तावेज/पहचान के सत्यापन के लिए दूसरा मौका नहीं दिया जाएगा.

10. आवेदन कैसे करें :

विस्तृत निविदा आमंत्रण एवं निविदा प्रपत्र की प्रति वेबसाइट **http://www.mpwrd.gov.in/tender-doc-drip** पर देखी जा सकती है। अन्य जानकारी के लिए कार्यालय संचालक एस.पी.एम.यू. (ड्रिप), जल संसाधन विभाग, स्वारा भवन, लिंक रोड नं. 3, कोलार गेस्ट हाउस के पीछे, भोपाल (म.प्र.) से सम्पर्क करें। (दूरभाषः 91 755 2424092, और फैक्स : 91 755 2424833)

नोट :- लिक्विडेटेड डेमेज की शर्तों को निम्नानुसार शिथिल किया गया है - The deducted LD would be releaseacd to the contractor only in the event of the contractor completing the whole work within the period as mentioned in the agreement or within extended time (Extension granted due to compensation event as defined in clause 49 of CC).

मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)
जी-22069/43338/2020 कार्यालय प्रमुख अभियंता जल संसाधन विभाग, भोपाल (म.प्र.)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग, संभाग शाजापुर (म.प्र.)
निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 10/2019-20 **शाजापुर, दिनांक 20.01.2020**

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र. एवं कार्य का नाम :- 1. विरगोद-टाण्डा पिन्दोनिया-दौरापुरा-छापरिया मार्ग के कि.मी. 1/2 से 7/10 लंबाई 7.00 कि.मी. में बी.टी. नवीनीकरण का कार्य।

टेण्डर क्रमांक	जिला	कार्य का प्रकार	आमंत्रण क्र.	ठेके की अनु. राशि (रु. लाख में)	भौतिक रूप से एनवलप प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज)
75559	शाजापुर	मार्ग नवीनीकरण	द्वितीय	113.88	मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग परिक्षेत्र उज्जैन में दिनांक 06.02.2020 समय सायं 5.30 बजे तक प्राप्त किया जावेगा। कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग संभाग ए.बी. रोड शाजापुर में दिनांक 06.02.2020 समय सायं 5.30 बजे तक प्राप्त किया जावेगा।
क्र. एवं कार्य का नाम :- 2. वेरछा में आर.आई. आवासगृह का निर्माण कार्य।					
75560	शाजापुर	भवन	प्रथम	4.82	– तदैव –
क्र. एवं कार्य का नाम :- 3. मझानिया आयुष अस्पताल में मरम्मत एवं रिनोवेशन का कार्य।					
75561	शाजापुर	भवन	प्रथम	1.75	– तदैव –
	कुल योग			**120.45**	

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम तिथि 05.02.2020, 17.30 बजे** निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।
मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज **दिनांक 06.02.2020, 17.30 बजे तक** उपरोक्तानुसार संबंधित कार्यालय में प्राप्त की जावेगी।

कार्यपालन यंत्री
जी-22095/43342/2020 लोक निर्माण विभाग, संभाग शाजापुर (म.प्र.)

मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण
कार्यालय महाप्रबंधक, परियोजना क्रियान्वयन इकाई-2, जिला सिवनी
Phone No. : 07692-224440, E-mail : gmpiuseoni2@rediffmail.com

पत्र क्र. 110/स्था/ग्रासविप्रा/II/ **सिवनी, दिनांक 16.01.2020**

प्रतिनियुक्ति/संविदा नियुक्ति हेतु विज्ञप्ति

कार्यालय महाप्रबंधक, म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, परियोजना क्रियान्वयन इकाई क्रमांक-2 सिवनी के कार्यालय में निम्न पद हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

स.क्र.	पद नाम	पद संख्या	नियुक्ति हेतु आवश्यक पात्रता
1	सहायक ग्रेड- 2	1	राज्य शासन या राज्य शासन के निगम, मण्डल, बोर्ड के अधीन किसी निर्माण कार्य विभाग में समान पद पर कार्यरत कर्मचारी प्रतिनियुक्ति पर अथवा निर्माण कार्य विभाग से सहायक वर्ग दो से अथवा संवर्ग के उच्च पद से सेवानिवृत्त कर्मचारी जिनकी आयु 31.01.2020 को 63 वर्ष से अधिक न हो एवं उम्मीदवार शारीरिक रूप से पूर्ण स्वस्थ होना चाहिये।

शर्तें :- 1. शासकीय विभाग में कार्यरत कर्मचारियों को प्रतिनियुक्ति पर जो वेतन उनके विभाग में प्राप्त हो रहे हैं, वही वेतनमान प्रतिनियुक्ति पर प्राप्त होगा। पृथक से प्रतिनियुक्ति भत्ता देय नहीं होगा। 2. सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों की सेवानिवृति के समय प्राप्त वेतन (ग्रेड-पे सहित) एवं देय महंगाई भत्ते में से पेंशन एवं उस पर देय राहत राशि कम कर निश्चित एकजाई वेतन प्रतिमाह देय होगा। 3. संविदा नियुक्ति की अवधि 01 वर्ष होगी एवं आवश्यकतानुसार संविदा नियुक्ति बढ़ाई जा सकेगी। 4. निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा। 5. वांछित योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों का चयन साक्षात्कार के माध्यम से किया जावेगा। 6. प्रतिनियुक्ति हेतु प्राप्त होने वाले आवेदनों को प्राथमिकता दी जावेगी। 7. परियोजना क्रियान्वयन इकाई-2 सिवनी कार्यालय को कोई भी/सभी आवेदन पत्रों को अमान्य करने का अधिकार होगा।

इच्छुक आवेदक/उम्मीदवार अपने आवेदन पत्र जिसमें उम्मीदवार का नाम, पिता का नाम, जन्मतिथि, योग्यता, जाति, अनुभव प्रमाण पत्र, पत्र व्यवहार का पता, मोबाइल नम्बर इत्यादि की जानकारी सहित आवश्यक प्रमाण पत्र (शासकीय विभाग में कार्यरत कर्मचारी अपने विभाग की सहमति अनुशंसा) के साथ **अंतिम तिथि 04.02.2020 तक** कार्यालयीन समय में **कार्यालय महाप्रबंधक, म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, परियोजना क्रियान्वयन इकाई-2, एम.बी.ई.बी. ऑफिस के सामने, बारापत्थर सिवनी (म.प्र.)** पर प्रेषित किये जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/96538/43371/2020 **महाप्रबंधक**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग संभाग, रतलाम
Website : www.mp.gov.in/pwdmp, E-mail : eepwdratlam@mp.nic.in
Phone : 07412-270437, Fax : 07412-232445

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 67/एस.ए.सी./2019-20 **रतलाम, दिनांक : 17.01.2020**

निविदा विज्ञप्ति

निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक	जिला	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	आमंत्रण क्रमांक	ठेके की अनु. राशि (रु. लाख में)	भौतिक रूप से एनवलप प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज)
1.	2020_PWDRB_75316_1	रतलाम	सिविल कार्य	रतलाम (वंजली) हवाई पट्टी पर बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य	प्रथम	183.57	मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग, उज्जैन परिक्षेत्र उज्जैन, दिनांक 06.02.2020 समय सायं 5:30 तक

उपरोक्त निविदा हेतु निर्धारित शुल्क ऑनलाइन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं प्रस्तुत करने की **अंतिम दिनांक 05.02.2020 सायं 17:30 बजे** निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधनों (यदि कोई हो) का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा। पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज **दिनांक 06.02.2020 सायं 17:30 बजे** तक दर्शित कार्यालय में प्राप्त की जावेगी।

कार्यपालन यंत्री
जी-22088/43341/2020 लोक निर्माण विभाग संभाग रतलाम

MADHYA PRADESH ROAD DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED

(Govt. of M.P. Undertaking)
45-A, Arera Hills, Bhopal-462011, Madhya Pradesh
Ph. : 0755-2527290, 2765205 Fax : (EPBX), 0755-2572643, Website : www.mprdc.gov.in
NIT No. 15561/Maintenance/Sidhi-Singrauli/BOT/MPRDC/2019 Dated : 23.01.2020

द्वितीय निविदा आमंत्रण

मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम लिमिटेड, भोपाल द्वारा निम्नलिखित मार्ग के कार्य हेतु आइटम रेट पर ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं :

क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रुपये लाख में)	धरोहर राशि (रुपये लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षाकाल सहित)
01.	मध्यप्रदेश राज्य में विद्यमान सड़क सीधी-सिंगरौली (रा.रा. 75E का खण्ड) के किमी. 107 से किमी. 185 तक में मरम्मत का कार्य।	878.06	17.56	20,000/-	6 माह

निविदा क्रय करने, निविदा जमा करने आदि का विवरण की डेट्स में दिया गया है। निविदा प्रपत्र केवल वेबसाइट **https://eprocure.gov.in** से 17:30 बजे **दिनांक 25.02.2020 तक** क्रय किया जा सकता है। निविदाकारों को वित्तीय दर केवल ऑनलाइन ही भरनी है। परिशिष्ट एवं शुद्धिपत्र (कोई भी) वेबसाइट **https://eprocure.gov.in** पर ही प्रकाशित किया जावेगा। भौतिक (Physical) निविदा जमा करने के दिनांक या निविदा खोलने के दिनांक को मध्यप्रदेश शासन द्वारा अवकाश घोषित करने पर उक्त कार्य अगले कार्य दिवस में संपादित किया जावेगा।
मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम लिमिटेड को किसी भी निविदा को स्वीकृत या अस्वीकृत करने या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये अस्वीकृत करने का अधिकार होगा।

प्रबंध संचालक
जी-22123/43344/2020 म.प्र. सड़क विकास निगम लिमिटेड भोपाल

कार्यालय, मुख्य अभियंता, इंदिरा सागर परियोजना (नहरें) सनावद, जिला- खरगोन (म.प्र.)

दूरभाष : 07280-234608, फैक्स : 07280-234608, E-mail : ceispnvdasand@gmail.com

संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना (तृतीय आमंत्रण)

निविदा सूचना क्र./17/सा./मु.अ./2019-20/ सनावद, दिनांक : 21.01.2020
निम्न कार्यों की ऑनलाइन निविदा ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम पोर्टल से वेबसाइट - **http://mptenders.gov.in** पर जारी की गई है। निविदा की संक्षिप्त जानकारी निम्नानुसार है :-

कार्य का विवरण	:	खरगोन उद्वहन नहर योजना के अन्तर्गत सड़क, पुल एवं पुलिया के निर्माण का शेष कार्य।
अनुबंध की अनुमानित राशि (रुपये लाख में)	:	रुपये 3372.00 लाख
धरोहर राशि (रुपये में)	:	रुपये 1686000/-
निविदा प्रपत्र का मूल्य	:	50000/- (वापसी योग्य नहीं)
ऑनलाइन निविदा क्रय करने का दिनांक	:	31.01.2020, 17:30 तक
ऑनलाइन निविदा दस्तावेज जमा करने का दिनांक	:	**01.02.2020, 17:30 तक**
धरोहर राशि प्रपत्र खोलने का दिनांक	:	**03.02.2020, 10:30 से**

निविदा प्रपत्र उपरोक्त वेबसाइट पर क्रेडिट कार्ड या इन्टरनेट बैंकिंग खाते से भुगतान करने के उपरान्त केवल ऑनलाइन क्रय किया जा सकता है।
निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये उपरोक्त वेबसाइट का अवलोकन करें।

मुख्य अभियंता
इंदिरा सागर परियोजना (नहरें)
जी-22072/43339/2020 सनावद, जिला - खरगोन (म.प्र.)

कार्यालय प्राचार्य शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, अनूपपुर, (म.प्र.) चंदास नदी के किनारे, ग्राम- परसवार, जिला- अनूपपुर, म.प्र.

ई-मेल : prinpoly.anp@mp.gov.in

क्र./शापोअ/शैक्ष./2020/ अनूपपुर, दिनांक .....

गेस्ट फेकल्टी नियुक्ति हेतु विज्ञापन

शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, अनूपपुर, म.प्र. में विभिन्न डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के लिये विद्यार्थियों के शिक्षण उपसत्र जनवरी-2020 से जून-2020 के पठन-पाठन की समुचित व्यवस्था हेतु निम्नलिखित व्याख्याता पद के विरुद्ध मेहमान प्रवक्ता पैनल बनाने की आवश्यकता है। इच्छुक उम्मीदवार अपने मूल दस्तावेजों सहित स्वयं के सत्यापित दस्तावेजों की फोटोकॉपी के एक सेट के साथ साक्षात्कार के लिये सुबह 10:00 बजे दी गई तिथि में पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, अनूपपुर में उपस्थित होवे।

क्र.	ब्रांच	पदों की संख्या	निर्धारित शैक्षणिक अर्हता	साक्षात्कार की तिथि
01	इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड टेली, इंजी.	02	बीई (प्रथम श्रेणी में)	31.01.2020
योग		02		

1. संस्था में अध्यापन कार्य की आवश्यकतानुसार शाखा विशेष के अभ्यार्थियों का चयन किया जायेगा।
2. मेहमान प्रवक्ता की रिक्तियों की संख्या में कमी या वृद्धि संस्था के आवश्यकतानुसार की जा सकती है।
3. आवेदक सादे कागज पर आवेदन पत्र में आवेदित पद का नाम, अपना नाम, पिता का नाम, जाति, जन्म तिथि, पत्र व्यवहार का पता दूरभाष क्रमांक, शैक्षणिक योग्यता, पॉलीटेक्निक या इंजीनियरिंग महाविद्यालयों में पढ़ाने का अनुभव आदि का उल्लेख करें तथा आवेदन के साथ शैक्षणिक योग्यता/जाति प्रमाण-पत्र/अनुभव प्रमाण-पत्र की सत्यापित छायाप्रतियां संलग्न करें।
4. मेहमान प्रवक्ता को शिक्षकीय कार्य हेतु प्रति कालखण्ड हेतु 400/- (चार सौ) रुपये मानदेय एवं अधिकतम तीन कालखण्ड प्रतिदिन प्रदाय किया जावेगा।
5. साक्षात्कार हेतु अभ्यार्थियों को किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं है।
6. साक्षात्कार हेतु अभ्याथियों को अलग से कोई सूचना नहीं दी जावेगी।
7. वर्तमान नियुक्तियां पूर्णतः अस्थाई रहेंगी व किसी भी अन्य व्यवस्था के होने पर निरस्त मानी जावेंगी एवं प्राचार्य का निर्णय अंतिम एवं बंधनकारी होगा।

नोट : अभ्याथियों द्वारा साक्षात्कार हेतु पूर्णतः भरे हुए फार्म 10.00 बजे से 12.00 बजे तक स्वीकार किये जायेंगे। उसके उपरांत आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जावेंगे। जिसके जिम्मेदार अभ्यार्थी स्वयं होंगे।

प्राचार्य
शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय
जी-22044/43332/2020 अनूपपुर (म.प्र.)

कार्यालय प्राचार्य शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, सिवनी, म.प्र.

क्रमांक/शापामसि/स्था./2020 सिवनी, दिनांक .....

गेस्ट फेकल्टी हेतु विज्ञापन

तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग के अधीन शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय सिवनी में कार्यरत व्याख्याता का 02 वर्ष के अध्ययन अवकाश में रहने के फलस्वरूप अध्यापन कार्य हेतु मैकेनिकल इंजी. विभाग में गेस्ट फेकल्टी आमंत्रित किया जाता है।
उक्त अवधि हेतु इच्छुक अभ्यार्थियों से आवेदन पत्र **दिनांक 30.01.2020 तक** आमंत्रित किए जाते हैं। अभ्यार्थियों का चयन मेरिट सूची के आधार पर किया जावेगा। चयनित अभ्यार्थियों की सूची दिनांक 01.02.2020 को जारी की जावेगी जिसकी सूचना महाविद्यालय के सूचना पटल पर चस्पा की जावेगी तथा चयनित अभ्यार्थियों को मोबाइल/ईमेल पर सूचित किया जावेगा। रिक्त पद का विवरण निम्नानुसार है :

क्र.	पदनाम/संकाय	रिक्त पदों की संख्या	पदों का आरक्षण	निर्धारित शैक्षणिक योग्यता
01.	व्याख्याता मेकेनिकल इंजी.	01	OBC-01	मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से मेकेनिकल इंजी. में प्रथम श्रेणी में स्नातक (बी.ई.) उपाधि।

1. योग्य अभ्यार्थियों का चयन मेरिट सूची के आधार पर किया जावेगा।
2. शासन के नियमानुसार आरक्षण के नियमों का पालन किया जावेगा।
3. मानदेय शासन के नियमानुसार अध्यापन कार्य के लिए 400/- रुपये (रुपये चार सौ मात्र) प्रति पीरियड, (अधिकतम 03 पीरियड) देय होगा।
4. अभ्यार्थी का संबंधित विभाग/शाखा में चयन होने पर संबंधित विभाग के विभागाध्यक्ष अथवा प्रभारी द्वारा चयनित अभ्यार्थी की उनके मूलतः पत्रोपाधि, अंकसूची, सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त जाति प्रमाण पत्र तथा मूलनिवास प्रमाण पत्र की जांच उपरान्त ही पदभार ग्रहण करने की पात्रता होगी।
5. आरक्षित वर्ग के अभ्यार्थियों को प्रमाण पत्रों की स्व-प्रमाणित प्रति लगाना आवश्यक है।
6. एम.ई./एम.टेक./पीएच.डी./अनुभव एवं अतिरिक्त उच्च योग्यता के प्रमाण पत्र भी संलग्न करें।
7. अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यार्थियों के ही आवेदन पत्र मान्य किये जावेंगे।
8. आवेदन पत्र में ई-मेल आई.डी./मोबाइल नं. अंकित करें।
9. प्राचार्य का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

प्राचार्य
जी-22051/43333/2020 शासकीय पॉलीटेक्निक, महाविद्यालय सिवनी

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, मदभदा रोड, संभाग क्रमांक-01, भोपाल,
फोन नं. : 0755-4222322
ई-मेल : mpphc.bhopal@yahoo.com, Mobile No. : 9425601532
क्रमांक - म.प्र.पु.आ.एवं.अ.वि.नि/52/पयं/भोपाल-1/तशा/2019
भोपाल, दिनांक : 21.01.2020

प्रेस विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम संभाग क्रमांक-01 भोपाल द्वारा SITC OF PREPAID ENERGY METER AT 240 CONSTABLE QUARTER GOVINDPURA BHOPAL हेतु निविदा क्रमांक 33/2019-20 ऑनलाइन TENDER ID No. : 2020_MPPHC_75790_1 आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 31.01.2020 समय 5.00 बजे तक** ऑनलाइन खरीदे जा सकते हैं। जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं। निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त वेबसाइट पर ही किए जावेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।
म.प्र. माध्यम/96516/43368/2020 **परियोजना यंत्री**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री
भदभदा रोड, संभाग क्रमांक-02, भोपाल, Mobile No. : 9425601534
ई-मेल : bhopaldivision2@gmail.com
क्र.- मप्रपुआअविनि/26/पयं/भोपाल-02/तशा/2020
भोपाल, दिनांक : 22.01.2020

प्रेस विज्ञप्ति

"पुलिस लाइन राजगढ़ एवं अजाक थाना में मरम्मत कार्य जिला-राजगढ़" के निर्माण हेतु निविदा क्रमांक-05/2019-20 (ऑनलाइन निविदा क्रमांक-MPPHCL/TENDER No. - 2019_MPPHC_76057) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 10.02.2020 समय 5.00 बजे तक** ऑनलाइन से खरीदे जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।
म.प्र. माध्यम/96534/43370/2020 **परियोजना यंत्री**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री
भदभदा रोड संभाग क्रमांक-02 भोपाल, Mobile No. : 9425601534
ई-मेल : bhopaldivision2@gmail.com
क्र.- मप्रपुआअविनि/24/पयं/भोपाल-02/तशा/2020
भोपाल, दिनांक : 22.01.2020

प्रेस विज्ञप्ति

"बाह्य विद्युतीकरण कार्य :- (33/0.4 KV, 1X500 KVA) विद्युत उपकेन्द्र का निर्माण कार्य, न्यू 100 डायल भवन पुलिस रेडियो मुख्यालय भोपाल, जिला-भोपाल के निर्माण हेतु निविदा क्रमांक-04/2019-20 (ऑनलाइन निविदा क्रमांक-MPPHCL/TENDER No. 75994) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 10.02.2020 समय 5.00 बजे तक** ऑनलाइन खरीदे जा सकते हैं, विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।
म.प्र. माध्यम/96533/43369/2020 **परियोजना यंत्री**

न तो भविष्य का डर होना चाहिये न अतीत के लिये कभी रोना चाहिये – पी.बी. शेली

''आध्यात्मिकता द्वारा मानव समाज का विकास'' संगोष्ठी

अध्यात्म से भेद-भाव खत्म होता है, एकरूपता बढ़ती है - राज्यपाल

भोपाल, राज्यपाल श्री लाल जी टंडन ने राजभवन के सांदीपनि सभागृह में आयोजित 'आध्यात्मिकता द्वारा मानव समाज का विकास' संगोष्ठी में कहा कि समाज में बढ़ते भौतिकवाद पर नियंत्रण स्थापित करने के लिये आध्यात्मिकता को बढ़ावा देना होगा। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति सभी जीवों में समान आत्मा की मान्यता पर आधारित है। राज्यपाल ने कहा कि अध्यात्म से भेद-भाव समाप्त होगा और समाज में मानवीयता का प्रसार होगा। उन्होंने महात्मा गांधी की आत्म-शक्ति और स्वामी विवेकानंद के आध्यात्मिक चिंतन को समृद्ध भारतीय संस्कृति का प्रतीक बताया।

संगोष्ठी में आचार्य डॉ. लोकेश मुनि ने कहा कि आधुनिक शिक्षा पद्धति बौद्धिक और शारीरिक विकास पर केंद्रित होती जा रही है। इसे आध्यात्मिक विकास से जोड़ने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अध्यात्म के प्रकाश में सभी समस्याओं का समाधान संवाद द्वारा संभव हो सकता है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने अपनी शैली में आध्यात्मिक जीवन को साकार किया है।

केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री प्रहलाद पटेल ने संगोष्ठी में कहा कि आध्यात्मिक सोच समाज में सर्वोपरि होना चाहिये और सभी को उसका अनुसरण करना चाहिये।

जनसम्पर्क मंत्री श्री पी.सी. शर्मा ने कहा कि महात्मा गांधी ने महात्मा बुद्ध से प्रेरणा लेकर देश की आजादी के लिये अहिंसा आंदोलन शुरू किया, जिससे विवश होकर अंग्रेजों ने भारत से पलायन किया। श्री शर्मा ने कहा कि गांधी जी का जीवन अहिंसा के सामर्थ्य का प्रतीक है। पूर्व मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि वर्तमान समय की सभी समस्याओं का समाधान आध्यात्मिक सोच में छिपा है। इसे पहचान कर इसका अनुसरण करने से ही मानव समाज का विकास और कल्याण होगा। वरिष्ठ पत्रकार श्री वेदप्रताप वैदिक ने कहा कि आध्यात्मिकता, मानव-प्रवृत्ति की सभी ग्रंथियों को खोलकर उसे अंतर्द्वंद्वों से मुक्त करती है। उन्होंने कहा कि जीवन के सभी क्षेत्रों में आध्यात्मिकता को बढ़ाने के प्रयास किये जाने चाहिये।

शाजापुर, आगर-मालवा, नीमच जिला क्लस्टर में प्रदेश का सबसे बड़ा सोलर पार्क

भोपाल, राज्य सरकार द्वारा प्रदेश का सबसे बड़ा सोलर पार्क शाजापुर, आगर-मालवा और नीमच जिला क्लस्टर में स्थापित किया जा रहा है। इसकी तकनीकी स्वीकृतियां जारी कर दी गई हैं। निविदा की प्रक्रिया प्रचलन में है। लगभग 6 हजार करोड़ रुपये की लागत से बनाये जा रहे इस सोलर पार्क से तीनों जिलों को कुल 1500 मेगावॉट बिजली मिलेगी। निर्माण कार्य मार्च-2022 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

नीमच जिले के प्रभारी जल-संसाधन मंत्री श्री हुकुम सिंह कराड़ा ने सोलर पार्क के निर्माण के लिये मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि सोलर पार्क की स्थापना में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री हर्ष यादव का विशेष योगदान रहा है। श्री कराड़ा ने बताया कि इस सोलर पार्क से प्रदेश की विद्युत वितरण कम्पनियों को बिजली प्रदाय की जायेगी। उन्होंने कहा कि इससे प्रदेश की ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति होगी और क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी।

सोलर पार्क के आगर-मालवा जिले में 550 मेगावॉट क्षमता का सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किया जा रहा है। यह संयंत्र प्रदेश में रीवा संयंत्र के बाद दूसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा संयंत्र होगा। सोलर पार्क के नीमच जिले के हिस्से में 500 मेगावॉट क्षमता और शाजापुर जिले के हिस्से में 450 मेगावॉट क्षमता का सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किया जा रहा है।

पल्स पोलियो अभियान

शुद्ध के लिए युद्ध अभियान से स्वास्थ्य सेवाएं होंगी बेहतर

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भोपाल स्थित जे.पी. अस्पताल में मॉड्यूलर शल्य चिकित्सा इकाई का लोकार्पण करते हुये।

भोपाल, मध्यप्रदेश में पल्स पोलियो अभियान का शासकीय जे.पी. अस्पताल में राज्य स्तरीय शुभारंभ हुआ। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, श्रम मंत्री श्री महेंद्र सिंह सिसोदिया, राजस्व और परिवहन मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती इमरती देवी, खाद्य-नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, जनसम्पर्क मंत्री श्री पी.सी. शर्मा और पूर्व मंत्री श्री रामनिवास रावत शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल हुए। पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और श्री सुरेश पचौरी ने बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया।

श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि प्रदेश में चलाया जा रहा शुद्ध के लिये युद्ध अभियान अन्य राज्यों के लिये मिसाल है। इस अभियान ने देश में प्रदेश की छवि को निखारा है। उन्होंने पांच वर्ष तक की उम्र के बच्चों को पोलियो ड्रॉप की खुराक पिलाना जरूरी बताते हुए कहा कि इससे बच्चों का स्वास्थ्य सुरक्षित होगा और भविष्य उज्ज्वल बनेगा। श्री सिंधिया ने कहा कि युवा पीढ़ी का बेहतर भविष्य तभी संभव है, जब खाद्य पदार्थों की शुद्धता बरकरार रहे, बीमारियों में कमी आये और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हो। उन्होंने शुद्ध के लिये युद्ध अभियान को लगतार जारी रखने की सलाह दी।

श्री तुलसीराम सिलावट ने बताया कि मध्यप्रदेश में पल्स पोलियो अभियान को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में पूरा किया जायेगा। अभियान के अन्तर्गत 3 दिन में। करोड़ से अधिक बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि शासकीय जे.पी. अस्पताल को अगले एक साल के भीतर प्रदेश का आदर्श अस्पताल बनाया जाएगा।

कार्यक्रम में शामिल मंत्रियों और पूर्व केंद्रीय मंत्रियों ने पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने की शपथ ली और हस्ताक्षर अभियान में भाग लेकर अपना समर्थन प्रदर्शित किया। इस अवसर पर जे.पी. अस्पताल में नवजात शिशुओं के लिये नव-निर्मित पी.आई.सी. यूनिट, ब्लड सेंटर और मॉड्यूलर ओ.टी. का लोकार्पण किया।

अपेक्स बैंक प्रशासक को कैबिनेट मंत्री का दर्जा

भोपाल, राज्य शासन ने मध्यप्रदेश राज्य सहकारी बैंक मर्यादित के प्रशासक श्री अशोक सिंह को कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्रदान किया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा आदेश जारी किया गया है।

'सत्या' और 'नंदी' नये माहौल में ढलने लगे

भोपाल, वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में 16 जनवरी को छत्तीसगढ़ के कानन पेंडारी जूलॉजिकल पार्क से लाया गया सिंह जोड़ा नये परिवेश में ढलने लगा है। लगभग 4 वर्ष की आयु वाले दोनों सिंह एक ही माँ की संतान हैं। फिलहाल इन्हें क्वेरेंटाइन में रखा गया है। वन्य-प्राणी चिकित्सक सत्या और नंदी का लगातार स्वास्थ्य परीक्षण कर रहे हैं। इनकी खुराक भी सामान्य हो चली है। सत्या 9 किलो और नंदी 8 किलो मांस का भोजन कर रहे हैं। वन विहार प्रबंधन द्वारा इनके लिये बाड़ा तैयार किया गया है।

अतिथि विद्वान 3 फरवरी तक भर सकेंगे विकल्प

भोपाल, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा अतिथि विद्वानों की आमंत्रण प्रक्रिया में संशोधन किया गया है। लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित नई नियुक्ति के फलस्वरूप फॉलेन आउट अतिथि विद्वान 3 फरवरी तक विकल्प भर सकते हैं। इसके अलावा जिन अतिथि विद्वानों ने अपनी प्रोफाइल अपडेट नहीं की है, वे 30 जनवरी तक अपनी प्रोफाइल अपडेट कर सकते हैं। चार फरवरी को मेरिट अनुसार अतिथि विद्वानों को महाविद्यालय का आवंटन किया जाएगा तथा 5 से 7 फरवरी तक वे संबंधित महाविद्यालय में कार्यभार ग्रहण कर सकेंगे।

राज्य सलाहकार बोर्ड की बैठक

दिव्यांगजनों के आरक्षित पदों के लिए लगाए जाएंगे विशेष शिविर

भोपाल, अपर मुख्य सचिव सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण श्री जे.एन. कंसोटिया ने दिव्यांग अधिकार अधिनियम 2016 के अन्तर्गत गठित राज्य सलाहकार बोर्ड की बैठक में कहा कि विभागों में दिव्यांगजन के लिए आरक्षित पदों की जानकारी का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाये। दिव्यांगजन के लिए कौशल उन्नयन, रोज़गार, स्व-रोज़गार के लिए चिन्हित 51 कोर्स और उसकी प्रशिक्षण व्यवस्था संबंधी जानकारी भी जरूरतमंदों तक पहुंचे, इसकी जिला स्तर तक व्यवस्था की जाना आवश्यक है।

अपर मुख्य सचिव ने कहा कि उच्च शिक्षा में दिव्यांगजन के प्रवेश के लिए पांच प्रतिशत सीट आरक्षित हैं। इनके लिए विशेष शिविर आयोजित कर भर्ती अभियान चलाया जाये। उनके प्लेसमेंट के लिए भी संबंधित विभाग परस्पर समन्वय से प्रभावी कार्य योजना विकसित करें। बैठक में निर्देश दिए गए कि दिव्यांगजन के सुगम्य परिवहन की सुविधा के लिए वाहनों में सीटों के आरक्षण, किराये में रियायत संबंधी स्टीकर बसों और बस स्टैंड पर लगाए जायें।

सलाहकार बोर्ड की बैठक में निर्णय लिया गया कि शासकीय और सार्वजनिक भवनों को दिव्यांगजन के लिए सुगम्य बनाने के साथ-साथ निजी संस्थानों के भवनों में सुगम्य वातावरण विकसित करने के लिए संबंधित संगठनों को शासन की ओर से सलाह दी जाये। श्रम विभाग की ओर से भी एडवायजरी जारी की जाये।

बैठक में जानकारी दी गयी कि कक्षा एक से आठ तक की पुस्तकें ब्रेल लिपि में विकसित की जा चुकी हैं। कक्षा नौ से बारह तक की पुस्तकों का कार्य जारी है। बैठक में निर्णय लिया गया कि श्रवण बाधित व्यक्तियों की समस्या और सुनवाई के लिए पुलिस विभाग से विशेष इन्टरप्रेटर को सम्बद्ध किया जाएगा। इसके लिए प्रत्येक जिले में दो व्यक्तियों को आवश्यक प्रशिक्षण दिया जाएगा। श्री कंसोटिया ने निर्देश दिए कि प्रत्येक जिले को 50-50 ट्रायसिकल उपलब्ध कराई जाएं। ये ट्रायसिकल प्रभारी मंत्री की स्वीकृति से पात्र व्यक्ति को तत्काल वितरित कराई जायें।

बैठक में बताया गया कि दिव्यांगजन की पहचान और सत्यापन के लिए प्रदेश में अब तक 3 लाख 50 हजार 716 यूनिक डिसएबिलिटी आईडी कार्ड पोर्टल के माध्यम से जनरेट किये जा चुके हैं। आगर-मालवा तथा अलीराजपुर जिले को इस कार्य को गति देने के निर्देश दिये गये हैं।

बैठक में विभिन्न पेंशन योजनाओं तथा संचालनालय द्वारा संचालित प्रोत्साहन योजना की प्रगति की जानकारी दी गयी। बैठक में सचिव श्रीमती अलका श्रीवास्तव, संचालक सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण श्री कृष्ण गोपाल तिवारी, दिव्यांगजन के पुर्नवास और कल्याण के क्षेत्र में कार्यरत विशेषज्ञ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

राज्य कृषि विपणन बोर्ड को मिला ई-अनुज्ञा के लिये राष्ट्रीय पुरस्कार

भुवनेश्वर, मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड को ई-अनुज्ञा प्रणाली लागू करने के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है। भुवनेश्वर में आयोजित सी.एस.आई. के वार्षिक सम्मेलन में ओडिशा के मुख्यमंत्री श्री नवीन पटनायक ने बोर्ड के अपर संचालक श्री केदार सिंह को यह पुरस्कार प्रदान किया।

किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री सचिन यादव ने इस उपलब्धि के लिये ई-अनुज्ञा टीम को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इस सिस्टम से प्रदेश के किसानों को फसल का सही दाम मिलेगा। साथ ही, व्यापारियों को व्यापार करने में सुगमता होगी।

किसानों को कम्बाइन हॉर्वेस्टर पर भी मिलेगा अनुदान

भोपाल, राज्य सरकार ने इस वर्ष से किसानों को कम्बाइन हॉर्वेस्टर खरीदने पर भी अनुदान देने का निर्णय लिया है। किसानों को कृषि यंत्रों पर दिये जाने वाली अनुदान राशि में भी वृद्धि की गई है। अब लघु, सीमांत, अनुसूचित-जाति, अनुसूचित-जनजाति तथा महिला कृषकों को कृषि यंत्रों की खरीदी पर कीमत का 50 प्रतिशत तथा अन्य किसानों को कीमत का 40 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा।

भण्डारित अनाज पर ऋण

प्रदेश में किसानों को आत्म-निर्भर बनाने की दिशा में राज्य सरकार ने भण्डार-गृहों में भण्डारित अनाज पर ऋण प्रदान करने की सुविधा दी है। किसान को उसकी कृषि उपज का वाजिब मूल्य मिलने तक भण्डार-गृहों में उपज रखने की सुविधा दी गई है। एक फसल मौसम तक भण्डार-गृह में कृषि उपज रखने का शुल्क राज्य सरकार वहन करेगी।

पौने चार हजार क्लस्टर में जैविक खेती

राज्य सरकार ने जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिये करीब पौने चार हजार क्लस्टर/समूह में जैविक खेती का कार्यक्रम लागू करने का निर्णय लिया है। इसके लिये किसानों को खेत की मिट्टी और उनके द्वारा तैयार बीज के मुफ्त परीक्षण की सुविधा दी गई है। प्रदेश में पिछले एक साल में अभियान चलाकर किसानों को 58 लाख से अधिक स्वाइल हेल्थ-कार्ड प्रदाय किये गये हैं।

मुख्यमंत्री बागवानी-खाद्य प्र-संस्करण योजना

प्रदेश में मुख्यमंत्री बागवानी तथा खाद्य प्र-संस्करण योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना में औद्योगिक/शासकीय भूमि पर क्लस्टर विकसित कर पॉलीहाउस/शेडनेट हाउस के अंदर फूलों और मसालों की खेती, टिश्यू कल्चर लैब और हाईटेक नर्सरी का विकास करने का निर्णय लिया गया है। इस सिलसिले में हरदा और बैतूल जिले में एक हजार एकड़ में आम की प्र-संस्कृत किस्म 'तोतापरी' का रोपण शुरू किया गया है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

संवाद कार्यक्रम

राज्य सरकार ने शुरू किया आम आदमी के सर्वांगीण विकास का सिलसिला

कुटीर एवं ग्रामोद्योग तथा नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री हर्ष यादव रायसेन में संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुये।

भोपाल, कुटीर एवं ग्रामोद्योग तथा नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री हर्ष यादव ने रायसेन में संवाद कार्यक्रम में कहा कि प्रदेश में नई सरकार ने पिछले एक वर्ष में सभी वर्गों के विकास के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लेकर उनका तेजी से क्रियान्वयन सुनिश्चित किया है। उन्होंने बताया कि लोगों का अपना घर का सपना साकार करने के लिये सरकार ने कलेक्टर गाइडलाइन में जमीन के दामों में 20 प्रतिशत की कमी की। आवास मिशन में प्रति परिवार दो लाख 50 हजार रुपये सहायता देना शुरू किया। भूमिहीनों को आवासीय पट्टे उपलब्ध कराए गये। इंदिरा गृह ज्योति योजना शुरू कर कमजोर वर्ग को हजारों रुपये के बिजली बिल से मुक्ति दिलाई गई। उन्होंने कहा कि अब प्रदेश में घरेलू उपभोक्ताओं को 100 रुपयों में 100 यूनिट बिजली मिल रही है। साथ ही, किसानों को 10 हॉर्स पावर तक के पम्पों के लिए आधी दर पर बिजली उपलब्ध कराई जा रही है।

श्री यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने सत्ता संभालते ही सबसे पहले किसानों का दो लाख रुपये तक का फसल ऋण माफ किया। पहले चरण में 20 लाख से अधिक किसानों का फसल ऋण माफ किया गया। शेष पात्र किसानों का फसल ऋण माफ करने के लिए दूसरा चरण शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि स्कूली शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए पांचवीं और आठवीं कक्षा को पुनः बोर्ड परीक्षा में शामिल किया गया। प्रदेश के इतिहास में पहली बार 35 हजार से अधिक शिक्षकों का ऑनलाइन ट्रांसफर किया गया।

श्री यादव ने लोगों को बताया कि राज्य सरकार ने वृद्धावस्था पेंशन तथा विधवा पेंशन योजना की राशि बढ़ाकर 600 रुपये प्रतिमाह कर बुजुर्गों को राहत दी है। कन्या विवाह/निकाह योजना में सहायता राशि 28 हजार से बढ़ाकर 51 हजार रुपये की गई। महिलाओं और युवतियों को निःशुल्क ड्राइविंग लायसेंस देने का सिलसिला शुरू किया गया। युवाओं को रोज़गार के अधिक से अधिक अवसर दिलाने के लिए प्रदेश में स्थापित होने वाले उद्योगों में 70 प्रतिशत नौकरियां स्थानीय लोगों को देने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया।

कुटीर एवं ग्रामोद्योग तथा नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री हर्ष यादव ने बताया कि अब एक हेक्टेयर भूमि वाले एससी-एसटी वर्ग के किसानों को पांच हॉर्स पावर तक के कृषि पम्प के लिए निःशुल्क बिजली मिलने लगी है। आदिवासी परिवारों में बच्चे के जन्म पर 50 किलो और मृत्यु पर 100 किलो अनाज प्रति परिवार देने की व्यवस्था लागू की गई है। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश राज्य जनता को पेयजल और स्वास्थ्य का कानूनी अधिकार देने वाला देश का पहला राज्य बनने की ओर अग्रसर है।

राज्य-स्तरीय पत्रकारिता पुरस्कार समारोह

सोशल मीडिया से जुड़े पत्रकारों को भी किया जाए सम्मानित - जनसम्पर्क मंत्री

भोपाल, जनसम्पर्क मंत्री श्री पी.सी. शर्मा माधवराव सप्रे स्मृति समाचार-पत्र संग्रहालय एवं शोध संस्थान के राज्य-स्तरीय पत्रकारिता पुरस्कार समारोह में शामिल हुए। पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री सुरेश पचौरी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। समारोह में मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्य के पत्रकारिता की विभिन्न विधाओं के पत्रकारों को सम्मानित किया गया।

श्री शर्मा ने कहा कि सोशल मीडिया से जुड़े पत्रकारों को सम्मानित किया जाना चाहिये। यह वर्तमान और भविष्य में समाचार जगत को मजबूत बनाने के लिये जरूरी है। उन्होंने सप्रे संग्रहालय द्वारा पत्रकारिता के इतिहास को संजोए रखने की दिशा में किये जा रहे कार्यों की सराहना की। श्री शर्मा ने संग्रहालय को डिजिटलाइजेशन के लिए सहयोग स्वरूप 5 लाख रुपये देने की घोषणा की।

पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री सुरेश पचौरी ने कहा कि सप्रे संग्रहालय की पूरी यात्रा संघर्षपूर्ण रही। इस संस्था ने देश भर में अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि जिन्हें पुरस्कार मिले हैं, निःसंदेह उनके कार्यों से समाज लाभान्वित हो रहा है। जिन विभूतियों की स्मृति में पुरस्कारों की स्थापना की गई है, उनके कार्य भी नई पीढ़ी को प्रेरणा देते हैं।

संग्रहालय के संस्थापक-संयोजक श्री विजयदत्त श्रीधर ने संस्था की गतिविधियों की जानकारी दी।

सम्मानित व्यक्तित्व

पत्रकारिता की शिक्षा में दीर्घ योगदान के लिए माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय के कुलाधिसचिव डॉ. श्रीकांत सिंह को सम्मानित किया गया। वरिष्ठ पत्रकार कमाल खान कमाल, रमेश तिवारी, सर्वदमन पाठक, महेश दीक्षित और मुकुन्द प्रसाद मिश्र को 'हुक्मचंद नारद पुरस्कार' प्रदान किया गया। संतोष कुमार शुक्ल लोक संप्रेषण पुरस्कार- अखिल कुमार नामदेव, माखनलाल चतुर्वेदी पुरस्कार- पंकज मुकाती, लाल बलदेव सिंह पुरस्कार- रश्मि खरे, जगदीश प्रसाद चतुर्वेदी पुरस्कार- विकास वर्मा, झाबरमल्ल शर्मा पुरस्कार- संजीव कुमार शर्मा, रामेश्वर गुरु पुरस्कार- महेश सोनी, के.पी. नारायणन पुरस्कार- डॉ. ऋतु पाण्डेय शर्मा, राजेन्द्र नूतन पुरस्कार- विनोद त्रिपाठी, गंगाप्रसाद ठाकुर पुरस्कार- आसिफ इकबाल (रायपुर), जगत पाठक पुरस्कार-सुशील पाण्डेय, सुरेश खरे पुरस्कार- कृष्णमोहन झा, आरोग्य सुधा पुरस्कार-पुष्पेन्द्र सिंह तथा होमई व्यारावाला पुरस्कार- होमेन्द्र सुन्दर देशमुख को प्रदान किया गया।

ऊर्जा मंत्री ने किया लाइफ सर्टिफिकेट डिजिटलाइजेशन प्रक्रिया का शुभारंभ

भोपाल, ऊर्जा मंत्री श्री प्रियव्रत सिंह ने इंदौर में पेंशनर्स सम्मेलन में मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा पेंशनरों के लिए जरूरी लाइफ सर्टिफिकेट की डिजिटल प्रक्रिया का शुभारंभ किया। इस प्रक्रिया से पेंशनरों को अब बिजली दफ्तर जाने-आने से मुक्ति मिलेगी। पेंशनर आधार अथवा थम्ब मशीन की मदद से अपने घर से ही यह सुविधा पा सकेंगे। इससे बयोवृद्ध एवं बीमार पेंशनरों को सुविधा होगी।

श्री सिंह ने कहा कि पेंशनरों को पुराने एरियर के भुगतान और बिजली बिल में छूट देने पर गंभीरता से विचार होगा। उन्होंने निर्देश दिये कि समय पर पेंशन भुगतान नहीं कर पा रहे बैंकों में पेंशन प्रकरण नहीं भेजें। श्री सिंह ने पेंशनर्स, संगठन के पदाधिकारियों और उनके परिजनों को श्रेष्ठ उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया।

मैनेजिंग डायरेक्टर श्री विकास नरवाल ने बताया कि पश्चिम क्षेत्र बिजली वितरण कंपनी ने पेंशनरों के लिए प्रदेश में सबसे पहले डिजिटलाइजेशन का काम किया है। पेंशनरों को पेंशन पाने के लिए अब तक जीवित प्रमाण पेश करने लेखाधिकारी के समक्ष और डिवीजन कार्यालय में उपस्थित होना पड़ता था। इससे बुजुर्गों और बीमार पेंशनरों को काफी परेशानी होती थी।

ग्लोबल स्किल्स पार्क में प्रीसिजन इंजीनियरिंग का एडवांस कोर्स प्रारंभ

आईटीआई, पॉलीटेक्निक, इंजीनियरिंग के 82 विद्यार्थी प्राप्त कर रहे प्रशिक्षण

भोपाल, ग्लोबल स्किल्स पार्क का एक अंश सिटी कैंपस के रूप में गोविंदपुरा भोपाल में स्थापित किया गया है। इसमें प्रीसिजन इंजीनियरिंग सेक्टर में प्रदेश के आईटीआई, पॉलीटेक्निक तथा इंजीनियरिंग कॉलेजों से उत्तीर्ण विद्यार्थियों को ग्लोबल स्किल्स पार्क सिटी कैम्पस में प्रिसीजन इंजीनियरिंग के एक वर्षीय कोर्स में प्रवेश दिया जा रहा है। इसमें प्रतिवर्ष 240 विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। वर्तमान में 15 जुलाई, 2019 से एक वर्षीय एडवांस सर्टिफिकेट कोर्स इन प्रीसिजन इंजीनियरिंग का प्रशिक्षण शुरू किया गया है। इसमें वर्तमान में 82 विद्यार्थी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

इसमें प्रीसिजन इंजीनियरिंग सेक्टर में प्रदेश के आईटीआई, पॉलीटेक्निक और इंजीनियरिंग कॉलेजों से उत्तीर्ण विद्यार्थियों के साथ कारखानों में कार्यरत आईटीआई उत्तीर्ण कर्मचारियों को 'एडवांस सर्टिफिकेट कोर्स इन प्रीसिजन इंजीनियरिंग' तथा 'स्पेशलाइजेशन सर्टिफिकेट कोर्स' में प्रशिक्षित किया जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय गुणवत्ता एवं मानकों पर आधारित दक्षता के लिए यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

ग्लोबल स्किल्स पार्क, भोपाल के निर्माण एवं व्यवस्थापन के लिए एशियन डेवलपमेंट बैंक नॉर्म्स अनुसार अंतर्राष्ट्रीय तकनीकी परामर्शी के रूप में इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नीकल एजुकेशन, एजुकेशन सर्विसेस (ITE Education Services) सिंगापुर को एजेंसी नियुक्त किया गया।

इसके साथ ही, TATA Consulting Engineers Limited से ग्लोबल स्किल्स पार्क की डिजाइन एंड कंस्ट्रक्शन सुपरविजन कंसल्टेंसी (DSC) के लिए अनुबंध किया गया है। परियोजना के लिए पूर्ण समर्पित एवं योग्य विशेषज्ञों से सुसज्जित परियोजना प्रबंधन इकाई काम कर रही है।

ग्लोबल स्किल्स पार्क की विशेषताओं में कोर्स एवं प्रशिक्षण के लिए इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल एजुकेशन, एजुकेशन सर्विसेस (TEES), सिंगापुर के साथ सम्पर्क, इंडस्ट्री की तर्ज की प्रयोगशाला एवं इंडस्ट्री के साथ MOU किया गया है। इसमें रोज़गार के अवसर, अंतर्राष्ट्रीय स्तर के औजार, उपकरण उपलब्ध कराना, कक्षाएं एवं प्रयोगशाला, अंतर्राष्ट्रीय रोज़गार के अवसर और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रशिक्षित प्रशिक्षक आदि शामिल हैं।

एम.पी. विजन-टू-डिलीवरी रोड मैप 2020-25

मध्यप्रदेश में सहकारिता से किसानों की समृद्धि के प्रयास शुरू

भोपाल, राज्य शासन के विजन टू डिलीवरी रोडमैप 2020-25 में सहकारिता के माध्यम से किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत बनाने का निर्णय लिया गया है। किसानों को कृषि आदान, अल्पकालीन कृषि ऋण तथा फसलों का उचित मूल्य दिलाने के लिए सहकारी बैंकों एवं प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों को सक्रिय किया गया है। वर्तमान में इन संस्थाओं में 73 लाख से अधिक किसान सदस्यों को सहकारिता के माध्यम से कृषि आदान संबंधी सभी सुविधाएं प्रदाय की जा रही हैं।

राज्य सरकार द्वारा सहकारी संस्थाओं की चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनाया गया है, जिससे लोकतांत्रिक ढंग से चुनाव हो सकें। ग्रामीण क्षेत्रों में नवीन रोज़गार सृजन तथा उत्पादकता में वृद्धि के लिए रोज़गारमूलक क्षेत्रों में नवीन सहकारी संस्थाओं का गठन किया जा रहा है।

9716 करोड़ रुपये का फसल ऋण वितरित

राज्य शासन किसानों को कृषि आदानों के लिए शून्य प्रतिशत ब्याज पर कृषि ऋण उपलब्ध करवा रहा है। वर्ष 2019-20 में 9,716 करोड़ रुपये का फसल ऋण वितरित किया जा चुका है। कालातीत ऋण वाले 4.95 लाख किसानों का ऋण माफ करने के बाद किसानों को 1633 करोड़ रुपये का फसल ऋण उपलब्ध कराया गया है।

ऋण माफी के लिए 4262 करोड़ रुपये निर्गमित

जय किसान फसल ऋण माफी योजना में 17 लाख 84 हजार किसानों के लिए 4262.68 करोड़ रुपये की राशि निर्गमित की गई है। प्रथम चरण की ऋण माफी प्रक्रिया पूर्ण हो गई है। दूसरे चरण की ऋण माफी की प्रक्रिया शुरू हो गई है। कालातीत ऋणों के अंतर्गत 9 लाख 42 हजार किसानों के लिए 2275.27 करोड़ रुपये तथा अकालातीत ऋण के अंतर्गत 8 लाख 42 हजार किसानों के लिए 1987.41 करोड़ रुपये की राशि शासन द्वारा निर्गमित की गई है।

बैंकों के माध्यम से 63.18 लाख किसान क्रेडिट कार्ड जारी

प्रदेश में व्यावसायिक बैंकों समेत समस्त बैंकों के माध्यम से कुल 63 लाख 18 हजार किसानों को क्रेडिट कार्ड जारी किये गये हैं। इनमें से जिला सहकारी केन्द्रीय बैंकों के माध्यम से 37 लाख किसानों को क्रेडिट कार्ड जारी किये गये हैं।

रासायनिक उर्वरक एवं उन्नत बीज प्रदाय

सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को वस्तु ऋण के रूप में रासायनिक उर्वरकों एवं उन्नत बीजों का प्रदाय किया जा रहा है। प्राथमिक समितियां रासायनिक उर्वरकों के अग्रिम भण्डारण को प्राथमिकता दे रही हैं। वर्ष 2019-20 में सहकारी समितियों द्वारा अभी तक किसानों को 19.80 लाख मीट्रिक टन रासायनिक उर्वरकों और 2.53 लाख क्विंटल उन्नत बीज वितरित किये गये हैं।

सहकारी बैंकों एवं साख समितियों को 3 हजार करोड़ रुपये स्वीकृत

राज्य शासन ने प्राथमिक साख समितियों एवं सहकारी बैंकों की वित्तीय स्थिति को सुदृढ़ करने के लिए 3 हजार करोड़ रुपये की शासकीय अंशपूंजी सहायता स्वीकृत की है।

73.69 लाख मीट्रिक टन गेहूं एवं 5.98 लाख मीट्रिक टन धान उपार्जन

किसानों को सहकारी समितियों के माध्यम से फसलों का उचित मूल्य दिलाने के प्रयास शुरू किये गये हैं। इस व्यवस्था में वर्ष 2019-20 में अभी तक 73 लाख 69 हजार 549 मीट्रिक टन गेहूं तथा 5 लाख 98 हजार 28 मीट्रिक टन धान का समर्थन मूल्य पर उपार्जन किया गया।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

सामयिकी

तुर्की ने विकिपीडिया से प्रतिबंध हटाया

तुर्की ने विकिपीडिया पर लगाया प्रतिबंध खत्म कर दिया है। देश की एक संवैधानिक अदालत ने फैसला सुनाते हुये कहा कि यह प्रतिबंध अभिव्यक्ति की आज़ादी का उल्लंघन है। दरअसल, इस पर बैन अप्रैल 2017 में लगा था जब विकिपीडिया ने उन आर्टिकल्स को हटाने से मना कर दिया जिनमें तुर्की सरकार को सीरिया में आई.एस. और अल-कायदा का सहयोगी बताया गया था।

जीसैट - 30

संचार उपग्रह का प्रक्षेपण रहा सफल

भारत के संचार उपग्रह जीसैट-30 का फ्रेंच गुआना के स्पेस पोर्ट से सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया गया। जीसैट-30 प्रक्षेपण वाहन एरियन 5 वीए - 251 से छोड़ा गया। 38 मिनट 25 सेकंड की उड़ान के बाद इसने ऑर्बिट में प्रवेश किया। इसरो के अध्यक्ष डॉ. के. सिवन ने कहा कि यह उपग्रह केयू-बैंड के जरिए भारत एवं इसके द्वीपों और सी-बैंड के जरिए खाड़ी देशों, कई एशियाई देशों और ऑस्ट्रेलिया में संचार सेवाएं प्रदान करेगा। इसके अलावा जीसैट-30 डीटीएच टेलीविज़न सेवा, एटीएम, स्टॉक-एक्सचेंज, टेलीविज़न अपलिंकिंग एवं टेलीपोर्ट सर्विसेज, डिजिटल सैटेलाइट न्यूज़ गैदरिंग और ई-गवर्नेंस अनुप्रयोगों के लिए वीसैट से कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। उपग्रह की प्रारंभिक जांच में पता चला कि वह अभी सामान्य स्थिति में है। उपग्रह को भूस्थिर कक्षा में स्थापित करने के लिए आने वाले दिनों में इसके ऑनबोर्ड प्रोपल्शन सिस्टम का उपयोग करके इसे ऊपर उठाने की कोशिश की जाएगी। सभी इन-ऑर्बिट परीक्षणों के सफल समापन के बाद यह उपग्रह चालू हो जाएगा।

- **उपग्रह का वजन 3357 किलोग्राम है।**
- **यह इनसैट-4ए को कक्षा में प्रतिस्थापित करेगा।**
- **भूस्थिर कक्षा भूमध्य रेखा से 36,000 किमी ऊपर है।**

कनाडा में
बम साइक्लोन से हुई तबाही, टूटा बर्फबारी का रिकॉर्ड

कनाडा में आए बर्फीले तूफान 'बम साइक्लोन' ने न्यू फाउंडलैंड, अटलांटिक और लैब्राडोर राज्य में तबाही मचाई। इस तूफान से न्यू फाउंडलैंड की राजधानी सेंट जॉन में इतिहास की अब तक की सबसे भारी बर्फबारी दर्ज की गई। यहां पर एक दिन में 76.2 सेमी (30 इंच) बर्फ गिरी, इससे बर्फबारी का 21 साल पुराना रिकॉर्ड टूट गया। कई फीट बर्फ जम जाने की वजह से घरों के दरवाजे बंद हो गए और लोग उनमें फंस गए। सड़कों पर खड़ी गाड़ियां भी बर्फ में दब गई हैं ऐसे में लोगों की मदद के लिए सेना को बुलाना पड़ा।

यमन में मिसाइल और ड्रोन से किये गये हमले में हुई कई सैनिकों की मौत

यमन के मारिब प्रांत में मिसाइल और ड्रोन से हमला किया गया। इस हमले में 70 से ज्यादा सैनिकों की मौत हो गई। यह घटना तब हुई, जब एक मस्जिद में सैनिक नमाज अदा कर रहे थे। इस हमले के लिए हूती विद्रोहियों को जिम्मेदार माना जा रहा है। गौरतलब है कि 2014 से सऊदी अरब समर्थित यमन का ईरान समर्थित हूतियों से संघर्ष चल रहा है। यमन के राष्ट्रपति आबिद रब्बू मंसूर हादी ने इस हमले की निंदा की है। उन्होंने इसे आतंकी हमला बताया है।

इस हमले से एक दिन पहले गठबंधन समर्थित सरकारी बलों ने सना के उत्तर में स्थित नाहम क्षेत्र में हूती विद्रोहियों के खिलाफ एक बड़ा अभियान चलाया था।

इंटरपोल के पूर्व प्रमुख को सुनाई गई 13 साल की सजा

इंटरपोल के पूर्व प्रमुख मेंग होंगवेई को 13 साल छह माह की कैद की सजा सुनाई गई है। मेंग को यह सजा रिश्वत के जुर्म में दी गई है। उन पर 2.90 लाख डॉलर का जुर्माना भी लगाया गया है। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि होंगवेई ने अपने रुतबे और पद का इस्तेमाल अनुचित लाभ व रिश्वत लेने के लिये किया। होंगवेई 2018 में चीन की यात्रा के दौरान लापता हो गए थे। बाद में उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया और कम्युनिस्ट पार्टी से निकाल दिया गया था। मेंग की पत्नी ने इस मामले को लेकर अपने और बच्चों के अपहरण की आशंका जताई थी। इसके बाद फ्रांस ने उन्हें राजनीतिक शरण दी थी। चीन में जनसुरक्षा मंत्री रहे मेंग को चीनी राष्ट्रपति द्वारा चलाए गए भ्रष्टाचार रोधी अभियान के तहत पकड़ा गया था। बताया जा रहा है कि मेंग ने अपने सभी अपराध कुबूल लिए हैं और वह फैसले के खिलाफ अपील नहीं करेंगे।

सूडान एनिमल रेस्क्यू

कुपोषित और बीमार शेरों के लिये चलाया गया अभियान

अफ्रीकी देश सूडान की राजधानी खार्तूम स्थित अल-कुरैशी चिड़ियाघर में मौजूद कुपोषित और बीमार अफ्रीकी शेरों को बचाने के लिए ऑनलाइन मुहिम शुरू की गई है।

ये शेर इतने कमजोर हो गये हैं कि इनकी हड्डियां तक झलकने लगी हैं। बताया गया है कि इनका वजन औसत वजन से दो-तिहाई तक गिर चुका है। इन शेरों की तस्वीरें इस समय सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रही हैं और सूडान एनिमल रेस्क्यू हैश टैग काफी ट्रेंड हो रहा है।

वहीं एक्टिविस्ट और जनता अब इन शेरों को बाहर भेजने की मांग करने लगे हैं, ताकि इनका पालन-पोषण ठीक ढंग से हो सके।

नई सर्जरी से जल्द जुड़ सकेंगी टूटी पसली

मौजूदा उपचार में टूटी पसलियों को जोड़ने की प्रक्रिया में लंबे समय तक दर्द का सामना करना पड़ता है, लेकिन शोधकर्ताओं ने सर्जरी की एक नई प्रक्रिया विकसित की है। इससे टूटी हुई पसलियों को बिना किसी दर्द के जल्द जोड़ा जा सकता है।

अमेरिका के करीब एक दर्जन मेडिकल सेंटर के शोधकर्ताओं ने सर्जिकल स्टेबलाइजेशन ऑफ रिब फ्रैक्चर (एसएसआरएफ) प्रक्रिया का परीक्षण किया है। इस प्रक्रिया में फ्रैक्चर के दोनों छोर को एक प्लेट के जरिये जोड़ा जाता है। मेडिकल यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ कैरोलिना के सर्जन एवर्ट एरिकसन ने कहा, 'शोध से जाहिर होता है कि फेफड़ों की समस्या से पीड़ित लोगों को भी इस प्रक्रिया से लाभ हो सकता है।'

रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने कहा राष्ट्राध्यक्ष न हो बेमियादी

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने दूसरे विश्व युद्ध के सैनिकों से मुलाकात की। सैनिकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वह किसी भी नेता के असीमित समय तक राष्ट्रपति रहने के खिलाफ हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा सिस्टम सोवियत यूनियन में हुआ करता था। पुतिन खुद 21 साल से कभी देश के राष्ट्रपति, तो कभी प्रधानमंत्री हैं। 1999 में पुतिन प्रधानमंत्री बने थे। पुतिन 2000 में राष्ट्रपति बने। 8 साल तक यह पद संभालने के बाद वे 2008 से 2012 तक दोबारा प्रधानमंत्री रहे। इसके बाद उन्होंने फिर राष्ट्रपति पद संभाला। उनका कार्यकाल 2024 तक चलेगा। गौरतलब है कि पुतिन के संविधान में बदलाव के ऐलान के बाद रूस में प्रधानमंत्री दिमित्री मेदवेदेव के नेतृत्व वाली कैबिनेट ने इस्तीफा दे दिया था।

चीन में फैला कोरोना वायरस, सैकड़ों लोग हुये संक्रमित

चीन में सार्स जैसे वायरस का संक्रमण बढ़ता जा रहा है। इसकी वजह से 15 से ज्यादा व्यक्तियों की मौत हो गई है। चीन ने इस बात की पुष्टि की है कि नया कोरोना वायरस इंसान से इंसानों में फैल रहा है। इसकी चपेट में चीन के कुछ स्वास्थ्यकर्मी भी आए हैं। वुहान में 200 नए मामले सामने आए हैं, वहीं कुल मामलों की संख्या 500 से पार हो गई है। चीन में नए साल का उत्सव शुरू हो रहा है, जिस दौरान लाखों लोग यात्रा करते हैं। ऐसे में वायरस के संक्रमण को लेकर लोगों की चिंता बढ़ गई है। इस वायरस को मद्देनजर रखते हुये भारत में स्वास्थ्य मंत्रालय ने विदेश मंत्रालय से उन लोगों की सूची मांगी है, जिन्होंने 31 दिसंबर तक चीन के वीजा के लिए आवेदन दिए हैं। इन सभी आवेदकों की काउंसलिंग की जाएगी। गौरतलब है कि यह वायरस जापान-थाईलैंड समेत तीन अन्य एशियाई देशों में फैल चुका है। नॉटिंघम यूनिवर्सिटी के वायरोलॉजिस्ट जोनाथन बॉल के मुताबिक बहुत हद तक संभव है कि यह पशुओं से ही इंसानों तक पहुंचा हो।

- **विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक सी-फूड से जुड़ा है कोरोना वायरस।**
- **इस वायरस के मरीजों में आमतौर पर जुखाम, खांसी, गले में दर्द, सांस लेने में दिक्कत, बुखार जैसे शुरुआती लक्षण देखे जाते हैं।**
- **बाद में ये लक्षण न्यूमोनिया में बदल जाते हैं और किडनी को पहुंचाते हैं नुकसान।**

ईरान ने

एनपीटी से हटने की दी चेतावनी

ईरान ने कहा है कि अगर उसके परमाणु कार्यक्रम से जुड़े विवाद का मुद्दा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् में लाया जाता है, तो वह परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) से हटने के बारे में विचार करेगा।

गौरतलब है कि हाल ही में ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी ने ईरान पर 2015 के परमाणु समझौते के नियमों का पालन करने में विफल रहने का आरोप लगाया था और इस मुद्दे को सुरक्षा परिषद् के समक्ष लाने की प्रक्रिया शुरू की थी।

इस कारण संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् ईरान पर फिर से अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंध लगा सकती है। गौरतलब है कि 2018 में अमेरिका के समझौते से हटने और प्रतिबंध लगाने के बाद हालात बदलने लगे, जिसके कारण 2019 में ईरान ने परमाणु समझौता तोड़ने की घोषणा कर दी थी।

- **1968 में प्रभाव में आई एनपीटी परमाणु हथियारों के प्रसार को रोकने के लिए बनी थी।**
- **ईरान और अमेरिका, ब्रिटेन, चीन, रूस, फ्रांस तथा जर्मनी के बीच 2015 में ईरान परमाणु समझौता हुआ था।**
- **अमेरिका ने ईरान परमाणु समझौते से खुद को अलग कर लिया है।**

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

चर्चा में

कर्नल राजा जॉन चारी

नासा के चंद्र और मंगल मिशन का हिस्सा बनेंगे

अमेरिकी वायुसेना में भारतीय मूल के कर्नल राजा जॉन

वुरपुत्तूर चारी नासा के उन 11 स्नातकों में शामिल हैं, जो आईएसएस, चंद्रमा और मंगल पर जाने वाले अभियानों का हिस्सा बन सकते हैं। ये यात्री 2017 में 18,000 आवेदकों में से चुने गये हैं। राजा ने दो वर्ष की अवधि वाला नासा का बुनियादी अंतरिक्ष यात्री प्रशिक्षण पूरा कर लिया है।

लेफ्टिनेंट कर्नल युवराज मलिक

एनबीटी के निदेशक बने

लेफ्टिनेंट कर्नल युवराज मलिक को नेशनल बुक ट्रस्ट

(एनबीटी) का निदेशक नियुक्त किया गया है। मलिक साहित्य अकादमी विजेता और वर्तमान निदेशक रीता चौधरी की जगह लेंगे। वे सेना से प्रतिनियुक्त पर इस पद पर आये हैं। मलिक जम्मू-कश्मीर के राजभवन, यूएन मिशन में अफ्रीका के अलावा राजस्थान, पंजाब और सिक्किम में कई अभियानों में शामिल रहे हैं।

जैस्मीन मोगबेली

नासा के अंतरिक्ष मिशन के लिये चुनी गईं

ईरानी मूल की अंतरिक्ष यात्री जैस्मीन मोगबेली नासा के

अंतरिक्ष मिशन के लिये तैयार हैं। वे पहली ईरानी-अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री होंगी जो नासा के अंतरिक्ष मिशन पर जायेंगी। जैस्मीन ने हेलीकॉप्टर गनशिप पायलट के रूप में अफगानिस्तान में 150 मिशन पूरे किये हैं। मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग में ग्रेजुएट 36 वर्षीय जैस्मीन का जन्म जर्मनी में हुआ था। 1979 में उनका परिवार ईरान छोड़कर जर्मनी चला गया था, हालांकि मोगबेली न्यूयॉर्क के बाल्डविन में पली-बढ़ी हैं। 2005 में उन्होंने सेना में कमीशन प्राप्त किया था।

माइकल पात्रा

आरबीआई के नये डिप्टी गवर्नर बने

माइकल देवव्रत पात्रा को आरबीआई का नया डिप्टी

गवर्नर नियुक्त किया गया है। वार्मिक मंत्रालय के अनुसार पात्रा का कार्यकाल तीन साल का होगा। पात्रा, विरल आचार्य की जगह लेंगे। वे अब तक कार्यकारी निदेशक के रूप में मौद्रिक नीति विभाग का काम देख रहे थे। पात्रा ने आईआईटी मुंबई से अर्थशास्त्र में पीएच.डी. की है। वे 2005 से आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति में हैं।

तरणजीत सिंह संधू

अमेरिका में भारत के राजदूत नियुक्त

वरिष्ठ राजनयिक तरणजीत सिंह संधू को अमेरिका में भारत का नया राजदूत नियुक्त किया गया है। वह वर्तमान में श्रीलंका में भारत के राजदूत हैं। संधू

अमेरिका में हर्षवर्द्धन श्रृंगला का स्थान लेंगे। संधू वाशिंगटन में 2013 से 2017 तक डेप्युटी चीफ ऑफ मिशन रहे हैं। वाशिंगटन में भारतीय मिशन के तहत 1997 से 2000 में भी उनकी तैनाती रही है।

अंजू शर्मा

गुजरात की आईएएस को मिला क्रॉसवर्ड बुक अवॉर्ड

गुजरात की आईएएस अफसर अंजू शर्मा को उनकी

पुस्तक -'कॉरपोरेट मॉन्क, अ जर्नी फ्रॉम वेल्थ टू विजडम' के लिये मुंबई में हुये समारोह में 17वें क्रॉसवर्ड बुक अवॉर्ड से नवाजा गया है। अपनी सेवा के दौरान वह कई महत्वपूर्ण पदों पर रही हैं। वर्तमान में वह गुजरात सरकार में हायर एंड टेक्निकल एजुकेशन विभाग में बतौर प्रधान सचिव कार्यरत हैं।

केरल में

दुनिया का सबसे लंबा केक बना

केरल के त्रिशूर में दुनिया का सबसे बड़ा केक बनाया

गया है। इस केक को बेकर्स एसोसिएशन केरल ने बनाया है। केरल के 1500 शेफ और बेकर्स ने 5.3 किलोमीटर यानि 4 मील लंबे केक को बनाया है। हजारों टेबल पर केक के ऊपर चॉकलेट और डेजर्ट लगाया गया है। इस वनीला केक का वजन 27,000 किलोग्राम है और यह 10 सेन्टीमीटर ऊंचा है। इसे गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने सबसे लंबे केक की सूची में शामिल किया है।

हरीश साल्वे

ब्रिटेन की महारानी के कानूनी सलाहकार बनेंगे

अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय के समक्ष कुलभूषण जाधव मामले

में भारत की ओर से पैरवी कर चुके वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे को इंग्लैंड और वेल्स की अदालतों के लिये ब्रिटेन की महारानी का कानूनी सलाहकार नियुक्त किया जायेगा। साल्वे का नाम ब्रिटेन के न्याय मंत्रालय द्वारा जारी नियुक्तियों की सूची में शामिल है। महारानी के लिये 114 वकील नियुक्त किये जा रहे हैं। साल्वे और अन्य के नाम की औपचारिक घोषणा मार्च में की जायेगी।

जातीय एकता को

तिब्बत में अनिवार्य बनाने विधेयक पारित

तिब्बत में पहली बार जातीय एकता को अनिवार्य बनाने

के लिये कानून बनाया गया है, जो सुदूर हिमालय क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास में इसकी अहम भूमिका को झलकाता है। ग्लोबल टाइम्स के अनुसार तिब्बत की पीपुल्स कांग्रेस ने विधेयक पारित किया जो आगामी 1 मई 2020 से प्रभावित हो जायेगा। शिन्हुआ समाचार एजेंसी के अनुसार नये कानून में कहा गया है कि तिब्बत पुरातन काल से चीन का अभिन्न हिस्सा है और सभी जातीय समूहों के लोगों की साझा जिम्मेदारी है कि क्षेत्रीय एकीकरण को सुरक्षित किया जाये।

अमेरिका में

सिखों की पहली बार होगी अलग से जनगणना

11. संविदा में नियुक्ति पश्चात् कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से संविदा पर माना जावेगा।
12. संविदा पर नियुक्त व्यक्ति बिना किसी विशिष्ट कारण रहे बिना सूचना के कर्तव्य से 01 माह से अधिक अनुपस्थित रहता है, तो संविदा नियुक्ति स्वतः समाप्त मानी जावेगी। विज्ञापित पदों की संख्या में कमी या बढ़ोतरी का अधिकार कलेक्टर को होगा। कोई भी भारतीय नागरिक आवेदन कर सकता है।
13. आवेदक आवेदन-पत्र के साथ स्वयं का पता लिखा हुआ लिफाफा जिस पर पर्याप्त डाक टिकट लगा हो संलग्न करें।

आवेदन-पत्र

निम्न प्रारूप पर नवीन पासपोर्ट फोटो के साथ देवें

1. पद नाम.....
2. आवेदक का नाम.....
3. आवेदक के पिता/पति का नाम.....
4. आवेदक का वर्तमान पता.....
5. स्थायी पता.....
6. दूरभाष/मो. नंबर.....
7. जन्मतिथि (अंकों में).....शब्दों में.....
8. **शैक्षणिक योग्यता :-**

क्र.	परीक्षा का नाम	बोर्ड/वि.वि. का नाम	उत्तीर्ण करने का वर्ष	पूर्णांक/प्राप्तांक	श्रेणी
1.					
2.					

9. कार्य अनुभव/प्रमाण-पत्र सहित प्रमाण-पत्र विस्तृत विवरण कब से कब तक कंपनी/विभाग/संस्था का नाम धारित पद।

घोषणा-पत्र

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि इस आवेदन-पत्र में मेरे द्वारा दी गई समस्त जानकारी पूर्णतः सत्य है। जानकारी असत्य पाये जाने पर मेरा आवेदन निरस्त कर, वैधानिक कार्यवाही करने के पूर्ण अधिकार कलेक्टर/अध्यक्ष जिला दिव्यांग एवं पुनर्वास केन्द्र, जबलपुर का होगा।

दिनांक..... **आवेदक के हस्ताक्षर**

स्थान..... .....

कलेक्टर/अध्यक्ष
जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र
जिला-जबलपुर (म.प्र.)

जी-22052/43334/2020

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryawas Bhawan, Bhopal (M.P.)-462011

IFB No. - WB –19/882

No. 1364/FA/WB/CMGSY/2020 Bhopal, Dated : 25.01.2020

Online item rate bids are invited on e-procurement portal **https://www.mptenders.gov.in** for up-gradation of Rural Road of Gravel Standards Constructed under CMGSY to Black top Standards under World Bank and AIIB Financed MPRC Project P-157054, as under :

S. No.	Name of District	Number of Packages	No. of Roads	Grand Total (In Rs.)
1	Bhind	2	26	117392000/-
2	Hoshangabad	1	10	39334000/-
3	Singrauli	1	2	17044000/-

1. Tender document can be purchased only online from the above website from 27.01.2020 17:30 hrs.
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed IFB and tender document on the above mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/96576/43372/2020 **(T & e-G)**

कार्यालय मुख्य अभियंता
लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण, भोपाल (म.प्र.)
निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 04/सी.आर.एफ./मु.अ./(सेतु परिक्षेत्र)/वर्ष 2019-20 **भोपाल, दिनांक 17.01.2020**

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र. एवं कार्य का नाम :- 1. सतना जिले के खम्हारिया टिकरी अकौना मार्ग में सेमरावल तथा गौरेया-रेहुटा-गढ़वा खुर्द-वरती मार्ग में टमस नदी पर उच्चस्तरीय पुल का निर्माण कार्य।

टेण्डर क्रमांक	जिला	कार्य का प्रकार	निविदा आमंत्रण क्रमांक	कार्य की अनु. राशि (रु. लाख में)	भौतिक रूप से एनवलप प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज)
2020_PWDRB_75065-1	सतना	पुल कार्य	प्रथम	1573.34	मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण परिक्षेत्र, द्वितीय तल प्लॉट नम्बर 27.28, अरेरा हिल्स, भोपाल
			कुल योग	1573.34	

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम तिथि 02.03.2020, (17.30) बजे** निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज दिनांक 03.03.2020, (17.30) बजे तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त की जावेगी।

मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग
सेतु निर्माण परिक्षेत्र, भोपाल (म.प्र.)

जी-22021/43331/2020

दलगत भावना से ऊपर उठकर करें विकास की बात - उच्च शिक्षा मंत्री

देवास, उच्च शिक्षा, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री जीतू पटवारी ने अपने प्रभार के जिला देवास में जिला योजना समिति की बैठक में समिति के सदस्यों से कहा कि यह समिति जिले के विकास से संबंधित कार्यों पर चर्चा करने का मंच है। यहां जन-प्रतिनिधियों को दलगत भावना से ऊपर उठकर जिले के विकास की बात पर जोर देना चाहिये। श्री पटवारी ने निर्वाचित जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में विकास और निर्माण के कार्यों का नियमित निरीक्षण करें, जिससे व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरुस्त बनाये रखा जा सके।

श्री पटवारी ने बैठक में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, पशु-पालन और अजा-अजजा कल्याण की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण से संबंधित सभी योजनाओं की अद्यतन जानकारी और ठेकेदारों के विरुद्ध की गई कार्यवाही की जानकारी क्षेत्रीय विधायक को दी जाये। शिक्षक-विहीन शालाओं में शिक्षकों की पर्याप्त व्यवस्था की जाये। छात्रावासों में सोलर पैनल लगाने की कार्य-योजना बनाई जाये। श्री पटवारी ने कहा कि नये आँगनवाड़ी केन्द्र खोलने की प्रक्रिया में जन-प्रतिनिधियों के प्रस्ताव भी शामिल किये जायें। प्रसूति सहायता योजना में लंबित सभी मामलों में तुरंत भुगतान की कार्यवाही की जाये।

देवास जिले में 30 गौ-शालाएं स्वीकृत

जिला योजना समिति की बैठक में बताया गया कि प्रथम चरण में 30 गौ-शालाएं स्वीकृत की गई हैं। इनमें से 20 गौ-शालाओं का निर्माण आगामी फरवरी माह के अंत तक पूर्ण किया जायेगा। द्वितीय चरण में 90 गौ-शालाओं का प्रस्ताव है।

बैठक में जानकारी दी गई कि देवास जिले के 500 तक की जनसंख्या वाले सभी गांव प्रधानमंत्री ग्राम-सड़क योजना में बारहमासी पक्की सड़कों से जोड़ दिये गये हैं। इसी तरह, 250 से 500 तक जनसंख्या के गांवों को मुख्यमंत्री ग्राम-सड़क योजना में ग्रेवल स्तर तक के मार्ग का निर्माण कर पक्की सड़कों से जोड़ा गया है।

'खेलो इंडिया' यूथ गेम्स में पदक विजेताओं को मिलेगी प्रोत्साहन राशि

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने असम के गुवाहटी में 'खेलो इंडिया' यूथ गेम्स में प्रदेश के खिलाड़ियों के अद्वितीय प्रदर्शन की सराहना करते हुए पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी है। उन्होंने स्वर्ण पदक विजेता को एक लाख, रजत पदक विजेता को 75 हजार तथा कांस्य पदक विजेता को 50 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि दिए जाने की घोषणा की है।

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री जीतू पटवारी ने पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश के खिलाड़ियों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर की खेल अधोसंरचना, आधुनिक और वैज्ञानिक पद्धति से प्रशिक्षण, खेल उपकरण जैसी सभी सुविधाएँ सुलभ कराई जा रही हैं।

श्री पटवारी ने कहा कि प्रदेश कि खेल नीति का परिणाम है कि हमारे खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। खेलो इंडिया में प्रदेश को पिछले वर्ष सिर्फ 8 स्वर्ण पदक मिले थे। इस वर्ष प्रदेश के खिलाड़ियों ने 15 स्वर्ण प्राप्त किये हैं।

डेटा साइंस में कॅरियर के बेहतर अवसर

'रोज़गार और निर्माण' के पाठकों के लिये 'कॅरियर की राहें' नाम से उपयोगी स्तंभ लगातार प्रकाशित किया जा रहा है। युवाओं को कॅरियर की विभिन्न विधाओं से परिचित कराने और कॅरियर के रास्तों पर आगे बढ़ने के लिए सफल दिशायें देने वाला 'कॅरियर की राहें' स्तंभ नियमित रूप से कॅरियर काउंसलर श्रीमती मीना भंडारी द्वारा प्रस्तुत किया जाता है। श्रीमती भंडारी पिछले 23 सालों से कॅरियर संबंधी विषयों पर लेखन कर रही हैं।

नैस्कॉम तथा क्रिसिल द्वारा कराए गए एक सर्वेक्षण के मुताबिक भारत में वर्ष 2020 के अंत तक साढ़े सात लाख डेटा साइंटिस्टों की आवश्यकता होगी। इसी प्रकार ब्लू ओसियन मार्केट इंटेलिजेंस की नवीनतम रिपोर्ट में बताया गया है कि आने वाले कुछ वर्षों में भारत में बड़ी संख्या में डेटा साइंटिस्ट की जरूरत होगी। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2020 के अंत तक भारत में डेटा साइंस का कारोबार 3 बिलियन डॉलर को पार कर जाएगा। इन दोनों रिपोर्टों से ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि डेटा साइंस के क्षेत्र में रोज़गार के कितने अवसर उपलब्ध हैं। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि डेटा साइंस एक ऐसा क्षेत्र है जो अपने नयेपन और कार्य की प्रकृति के कारण युवाओं में काफी कम समय में बहुत तेजी से लोकप्रिय हो गया है।

गणित, सांख्यिकी, मशीन लर्निंग आदि का है मिश्रण

गौरतलब है कि डेटा साइंस वैज्ञानिक तरीकों का उपयोग करके डेटा के अरबों-खरबों बाइट्स से वांछित परिणाम निकालने के लिए वैज्ञानिक गणनाओं को लागू करने की एक विशिष्ट प्रक्रिया है। यह गणित, सांख्यिकी, मशीन लर्निंग, डोमेन ज्ञान, आईटी और सॉफ्टवेयर का मिश्रण है। यह एक ऐसा विज्ञान है, जो आँकड़ों के माध्यम से आज की वस्तुस्थिति का आकलन करते हुए भविष्य का संभावित रास्ता बताता है। हार्वर्ड बिजनेस स्कूल की एक रिपोर्ट के अनुसार, सही तरह के डेटा जुटा लेना ही सफलता के लिए पर्याप्त नहीं है, अपितु आपकी सफलता ऐसा एनालिटिकल टूल विकसित करने में है, जो कारोबारी नतीजों पर फोकस करता हो।

इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि कई कंपनियों ने अपने ग्राहक संबंधी डेटा के व्यापक संग्रहण और विश्लेषण के बाद कंपनी के नतीजों में चमत्कारिक सुधार किए हैं। गूगल, अमेजन, फ्लिपकार्ट, स्नैपडील, फेसबुक, माइक्रोसॉफ्ट आदि कंपनियाँ डेटा साइंस के इस्तेमाल से अपने कारोबारी प्रतिद्वंद्वियों को जबरदस्त चुनौती दे रही हैं। उन्हें अपने हर एक ग्राहक के बारे में सटीक जानकारी है और वे यह भी जानती हैं कि उनके ये ग्राहक अपनी शुरुआत क्लिकिंग में कौन-सी साइट पर जाते हैं या अपने क्रेडिट कार्ड अथवा डेबिट कार्ड द्वारा कौन-से सामान की ज्यादा खरीदारी करते हैं। यकीनन पिछले कुछ वर्षों में कंपनियों में डेटा की मांग में बहुत तेजी से इजाफा हुआ है।

बनता जा रहा है जीवन का हिस्सा

उल्लेखनीय है कि डेटा साइंस तेजी से हमारे दैनिक जीवन का एक अभिन्न अंग बन गया है। सुबह उठने से लेकर रात में सोने जाने तक, एक भी ऐसा क्षण नहीं है, जिसमें डेटा साइंस का उपयोग न होता हो। हमारे दैनिक जीवन में मनोरंजन, ज्ञान, समाचारों की पसंदीदा विधा यू ट्यूब है। यू ट्यूब हमें वीडियो सजेस्ट करने के लिए हमारे डेटा का ही उपयोग करता है। हम यू ट्यूब पर आगे क्या देखना चाहेंगे इसके लिए यू ट्यूब डेटा साइंस का उपयोग करके हमारे खोज पैटर्न को ट्रैक करके हमें उन वीडियो को दिखाता है जो कुछ हद तक हमारे द्वारा पहले देखे गए वीडियो से संबंधित होते हैं, ताकि हम यू ट्यूब पर अन्य वीडियो के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा सर्फिंग करते रहें। इसी तरह नेटफ्लिक्स हमें उन टीवी शो या फिल्मों को दिखाता है, जो कुछ हद तक हमारे द्वारा पूर्व में देखे गए डेटा से संबंधित है।

इसी प्रकार डेटा साइंस का उपयोग करके अमेजॉन, फ्लिपकार्ट हमारे खरीद पैटर्न के आधार पर उत्पादों की सिफारिश करते हैं और यह उन उत्पादों को प्रदर्शित करते हैं जो अन्य खरीदारों ने उस उत्पाद के साथ खरीदे हैं या हम अपनी खरीदारी की आदतों या पैटर्न के आधार पर क्या खरीद सकते हैं। डेटा साइंस की एक बड़ी सफलता अमेजन का एलेक्सा, एप्पल का सिरी तथा माइक्रोसॉफ्ट का कोरटाना है। ये वर्चुअल असिस्टेंट सिस्टम हमारे कमांड सुनकर ही हमारे लिए सभी चीजें करते हैं। हम एलेक्सा, सिरी या कोरटाना को उन चीजों के बारे में बताते हैं जो हम चाहते हैं और ये सिस्टम नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग टोपोलॉजी तथा डेटा साइंस का उपयोग करके अपनी प्राकृतिक आवाज को टेक्स्ट में बदल देते हैं और कमांड को एक्जीक्यूट करने के लिए उस टेक्स्ट से वांछित परिणाम निकालते हैं।

हर क्षेत्र में है उपयोगी

यकीनन डेटा साइंस ने हेल्थकेयर के क्षेत्र में भी जीवन को आसान बना दिया है। डेटा साइंस के उपयोग से भविष्यवाणी के आधार पर एक रोगी के लिए पर्याप्त दवा भी तैयार की जा सकती हैं। डेटा साइंस ने खिलाड़ियों और स्पोर्ट्स से जुड़े लोगों के जीवन को भी आसान बना दिया है। इन दिनों डेटा साइंस का उपयोग एक खेल के लिए तैयार करने के लिए एक खिलाड़ी के स्वास्थ्य और मानसिक स्थितियों का विश्लेषण करने के लिए किया जा सकता है। इसके अलावा, डेटा साइंस का इस्तेमाल रणनीति बनाने और प्रतिद्वंद्वी को मैच शुरू होने से पहले ही पराजित करने में किया जा सकता है।

गौरतलब है कि तकनीकी के तेजी से बढ़ते इस्तेमाल की वजह से आज बिजनेस का काम जितना आसान हो गया है, उतना ही उसका डेटा भी बढ़ गया है। ऐसे में इस डेटा को सहेजना और उसका व्यवस्थित तरीके से विश्लेषण करना बहुत चुनौतीपूर्ण काम होता जा रहा है। डेटा साइंस की इन्हीं चुनौतियों से निपटने का कार्य करते हैं डेटा साइंटिस्ट। डेटा साइंटिस्ट उन पेशेवरों को कहा जाता है, जिनके पास प्रोग्रामिंग, स्टैटिस्टिक्स, एप्लाइड मैथेमेटिक्स और कम्प्यूटर की अच्छी जानकारी होती है। इनके पास किसी भी तरह के डेटा को बेहतर तरीके से विजुअलाइज करने की विलक्षण क्षमता होती है। डेटा साइंटिस्ट विभिन्न सेक्टरों द्वारा दिए गए उलझाऊ और जटिल डेटा में से अहम जानकारियों को बारीकी से खंगालते हैं। वे यह भी पता लगाते हैं कि किस वजह से कंपनी की स्थिति में गिरावट आ रही है या कंपनी के लिए कौन-सा नया उपक्रम लाभकारी होगा।

तेजी से बढ़ रही है डेटा साइंटिस्ट की मांग

वर्तमान समय में इंटरनेट के बढ़ते इस्तेमाल और कम्प्यूटर तथा इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के कॉम्बिनेशन से डेटा का दायरा काफी विस्तृत हो गया है, जिसे सहेज कर रखना और उसका सही एनालिसिस करना बेहद आवश्यक हो गया है। इस वजह से डेटा साइंटिस्ट की मांग काफी तेजी से बढ़ी है। ऐसे में डेटा साइंटिस्ट बनकर युवा अपने भविष्य को सुरक्षित कर सकते हैं। डेटा साइंटिस्ट बनने के लिए यह जरूरी है कि युवाओं को डेटा एनालिसिस करने के साथ-साथ मैथेमेटिक्स व स्टैटिस्टिक्स की जानकारी हो और बिजनेस की अच्छी समझ हो, क्योंकि डेटा के विश्लेषण का मुख्य मकसद बिजनेस को बेहतर बनाना होता है। ऐसे में बिजनेस की अच्छी समझ होगी, तभी बेहतर डेटा एनालिसिस किया जा सकेगा।

डेटा साइंटिस्ट बनने के लिए इंजीनियरिंग अथवा मैथेमेटिक्स या स्टैटिस्टिक्स में बैचलर डिग्री होना जरूरी है। मैथ्स या स्टैटिस्टिक्स के साथ बी.एससी. या एम.एससी. या इंजीनियरिंग में बीई या बीटेक की डिग्री रखने वाले आवेदक भी इसके लिए योग्य होते हैं। एडवांस्ड सर्टिफिकेट और एडवांस्ड प्रोग्राम जैसे कुछ प्रोग्राम के लिए इंजीनियरिंग या मैथ्स या स्टैटिस्टिक्स में बैचलर डिग्री या मास्टर डिग्री होने के साथ-साथ दो वर्ष का अनुभव भी चाहिए। कुछ संस्थान सामान्य ग्रेजुएट को भी दाखिला देते हैं। संस्थान प्रवेश परीक्षा आयोजित करके दाखिला देते हैं।

डेटा साइंस के लिए हाल ही में आईआईएम कोलकाता तथा आईआईटी खड़गपुर ने मिलकर दो वर्षीय फुलटाइम पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन बिजनेस एनालिटिक्स प्रोग्राम की शुरुआत की है। इसके अलावा देश में कई संस्थानों द्वारा डेटा साइंस तथा बिजनेस एनालिटिक्स स्पेशलाइजेशन में शॉर्ट टर्म कोर्स कराए जा रहे हैं। जो इस प्रकार हैं- एडवांस्ड सर्टिफिकेट प्रोग्राम इन बिजनेस एनालिटिक्स, एडवांस्ड बिजनेस एनालिटिक्स एंड बिजनेस ऑप्टिमाइजेशन प्रोग्राम, मास्टर्स इन मैनेजमेंट (टेक्नोलॉजी मैनेजमेंट एंड बिजनेस एनालिटिक्स), पोस्ट ग्रेजुएट सर्टिफिकेट प्रोग्राम इन मार्केट रिसर्च एंड डेटा एनालिटिक्स, पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन बिजनेस एनालिटिक्स, डेटा एनालिसिस का कोर्स करने के उपरांत निम्नलिखित क्षेत्रों में रोज़गार के अवसर हैं- डेटाबेस एंड इंफॉर्मेशन इंटिग्रेशन, क्लाउड कंप्यूटिंग, नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग, सोशल और इंफॉर्मेशन नेटवर्क, वेब इंफॉर्मेशन एक्सेस, बिजनेस डेटा एनालिसिस।

डेटा साइंस में विशेषज्ञता हासिल कर आप डेटा साइंटिस्ट, सीनियर इंफॉर्मेशन एनालिस्ट, इंफॉर्मेशन ऑफिसर, डेटा ऑफिसर, सॉफ्टवेयर टेस्टर, सपोर्ट एनालिस्ट और बिजनेस एनालिस्ट आदि पदों पर नियुक्ति पा सकते हैं। डेटा साइंटिस्ट के रूप में काम करते हुए शुरुआती दिनों में ही आसानी से 30-50 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन मिल जाता है। पांच से छह साल के अनुभव के बाद यह वेतन एक से डेढ़ लाख रुपये तक पहुँच जाता है।

डेटा साइंस तथा संबंधित क्षेत्र का रोज़गारोन्मुखी कोर्स निम्नलिखित संस्थानों में उपलब्ध है

- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, इन्दौर।
- इंडियन स्टैटिस्टिकल इंस्टीट्यूट, कोलकाता।
- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, बैंगलुरु।
- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, कोलकाता।
- इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस, हैदराबाद।
- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी), खड़गपुर।
- एसपी जैन स्कूल ऑफ ग्लोबल मैनेजमेंट, मुंबई।

- श्रीमती मीना भंडारी

(लेखिका, सुप्रसिद्ध कॅरियर काउंसलर हैं)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य ज्ञान - खेल

1. **वर्ष 2019 में सबसे ज्यादा वनडे शतक किस बल्लेबाज ने लगाए हैं?**
   (अ) रोहित शर्मा
   (ब) डेविड वार्नर
   (स) जोस बटलर
   (द) इनमें से कोई नहीं
2. **वर्ष 2019 में आईटीएफ वर्ल्ड चैम्पियन पुरस्कार किसे मिला है?**
   (अ) बियांका आंद्रेस्क्यू
   (ब) सिमोना हालेप
   (स) स्लोएन स्टीफंस
   (द) एश्ले बार्टी
3. **सबसे ज्यादा बार फीफा क्लब वर्ल्डकप जीतने वाली टीम है?**
   (अ) रियल मेड्रिड
   (ब) लिवरपूल
   (स) मैनचेस्टर यूनाइटेड
   (द) इनमें से कोई नहीं
4. **वर्ष 2019 में बैडमिंटन वर्ल्ड टूर फाइनल का खिताब किसने जीता है?**
   (अ) नोजोमी ओकुहारा
   (ब) कैरोलिना मारिन
   (स) चेन यूफेई
   (द) इनमें से कोई नहीं
5. **विश्वनाथन आनंद ने वर्ल्ड रैपिड शतरंज चैम्पियनशिप किस वर्ष जीती थी?**
   (अ) वर्ष 2011
   (ब) वर्ष 2017
   (स) वर्ष 2015
   (द) वर्ष 2014
6. **मीराबाई चानू का संबंध किस खेल से है?**
   (अ) भारोत्तोलन
   (ब) मुक्केबाजी
   (स) तीरंदाजी
   (द) हॉकी
7. **किस भारतीय खिलाड़ी ने ओलिंपिक खेलों में सर्वाधिक 7 बार भाग लिया है?**
   (अ) अभिनव बिंद्रा
   (ब) लिएंडर पेस
   (स) गगन नारंग
   (द) दिलीप टिर्की
8. **सबसे ज्यादा महिला वनडे विश्वकप किस देश ने जीते हैं?**
   (अ) इंग्लैंड
   (ब) वेस्टइंडीज
   (स) न्यूजीलैंड
   (द) ऑस्ट्रेलिया
9. **इस वर्ष खेलो इंडिया गेम्स किस शहर में आयोजित किए गए हैं?**
   (अ) गुवाहाटी
   (ब) कोहिमा
   (स) शिलांग
   (द) दार्जिलिंग
10. **पहलवान दीपक पूनिया ओलिंपिक में किस वर्ग में हिस्सा लेंगे?**
    (अ) 74 किलोग्राम
    (ब) 86 किलोग्राम
    (स) 54 किलोग्राम
    (द) 49 किलोग्राम
11. **वर्ष 2019 में चाइना ओपन में महिला एकल वर्ग का खिताब किसने जीता है?**
    (अ) नोजोमी ओकुहारा
    (ब) पी.वी. सिंधु
    (स) कैरोलिना मारिन
    (द) ताई जूसिंग
12. **महिला टेनिस खिलाड़ी कैरोलिना प्लिस्कोवा का संबंध किस देश से है?**
    (अ) चेक गणराज्य
    (ब) सर्बिया
    (स) यूक्रेन
    (द) डेनमार्क
13. **वर्ष 2023 में पुरुष हॉकी विश्वकप किस देश में खेला जाएगा?**
    (अ) पाकिस्तान
    (ब) ऑस्ट्रेलिया
    (स) भारत
    (द) नीदरलैंड्स
14. **हरमीत देसाई किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं?**
    (अ) टेबल टेनिस
    (ब) स्क्वैश
    (स) बैडमिंटन
    (द) शतरंज
15. **अंतर्राष्ट्रीय ट्वेंटी-20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं?**
    (अ) मिशेल स्टार्क
    (ब) शाहिद अफरीदी
    (स) ट्रेंट बोल्ट
    (द) लसिथ मलिंगा
16. **ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम के वर्तमान कप्तान हैं?**
    (अ) टिम पेन
    (ब) स्टीव स्मिथ
    (स) डेविड वॉर्नर
    (द) एरॉन फिंच
17. **जर्मनी ने कितनी बार फीफा विश्वकप जीता है?**
    (अ) एक (ब) दो
    (स) तीन (द) चार
18. **भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच हैं?**
    (अ) राहुल द्रविड़
    (ब) रवि शास्त्री
    (स) विनोद कांबली
    (द) अजय जड़ेजा

(शेष पृष्ठ 29 पर)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये

सामान्य ज्ञान

प्र 1. मध्यप्रदेश तुलसी अकादमी की स्थापना कब हुई?
(A) 1986
(B) 1987
(C) 1988
(D) 1989

प्र 2. हरिशंकर परसाई का जन्म मध्यप्रदेश के किस जिले में हुआ था?
(A) सागर
(B) ओरछा
(C) उज्जैन
(D) होशंगाबाद

प्र 3. किस जनजाति में गुदना-गुदवाने की परम्परा प्रचलित है?
(A) सहरिया
(B) भील
(C) कोल
(D) कोरकू

प्र 4. निमाड़ का पारम्परिक लोकनाट्य इनमें से कौन सा है?
(A) पण्डवानी
(B) माच
(C) गम्मत
(D) नौटंकी

प्र 5. मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कैलाश जोशी का जन्म किस जिले में हुआ था?
(A) इंदौर
(B) देवास
(C) रतलाम
(D) दमोह

प्र 6. भारत के विख्यात हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद का संबंध किस शहर से है?
(A) इंदौर
(B) भोपाल
(C) ग्वालियर
(D) सागर

प्र 7. बाण-सागर परियोजना निम्न में से किस नदी पर बनी है?
(A) ताप्ती
(B) नर्मदा
(C) सोन
(D) चंबल

प्र 8. मध्यप्रदेश की वन प्रजातियों में सबसे ज्यादा मिलने वाली वन प्रजाति कौन सी है?
(A) साल
(B) सागौन
(C) बांस
(D) बीजा

प्र 9. मध्यप्रदेश राज्य खनिज निगम की स्थापना कब की गई?
(A) 1960
(B) 1961
(C) 1962
(D) 1963

प्र 10. इनमें से कौन मालवा अंचल का लोक गीत है?
(A) फाग गायन
(B) भरथरी गायन
(C) देवरी गायन
(D) निरगुन गायन शैली

प्र 11. मध्यप्रदेश जनजातीय में 'दादर' इनमें से क्या है?
(A) वाद्य यंत्र
(B) लोक गीत
(C) नृत्य
(D) जाति

प्र 12. मध्यप्रदेश में सबसे ज्यादा मैगनीज किस जिले में पाया जाता है?
(A) छिंदवाड़ा
(B) होशंगाबाद
(C) बालाघाट
(D) दमोह

प्र 13. मध्यप्रदेश आदिवासी लोक कला परिषद् की स्थापना किस सन् में हुई?
(A) 1980 (B) 1981
(C) 1982 (D) 1983

प्र 14. गांधी सागर जल विद्युत केन्द्र किस नदी पर निर्मित किया गया है?
(A) नर्मदा (B) चंबल
(C) सोन (D) ताप्ती

प्र 15. किस कवि को भारत का 'शेक्सपीयर' कहा जाता है?
(A) भर्तृहरि
(B) कालिदास
(C) शरद जोशी
(D) बाणभट्ट

प्र 16. मांडू किससे संबंधित है?
(A) रानी अहिल्या बाई
(B) रानी रूपमती
(C) रानी लक्ष्मी बाई
(D) रानी दुर्गावती

प्र 17. अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति अधिनियम 1989 कब लागू किया गया?
(A) 1 जनवरी 1990
(B) 30 जनवरी 1989
(C) 30 जनवरी 1990
(D) 1 जनवरी 1991

प्र 18. मध्यप्रदेश में कृषि महाविद्यालय कहां पर स्थित है?
(A) भोपाल (B) सतना
(C) शहडोल (D) गंजबासौदा

प्र 19. जनजातीय विश्वविद्यालय की स्थापना इनमें से कहां पर की गई है?
(A) पचमढ़ी (B) अमरकंटक
(C) पन्ना (D) झाबुआ

प्र 20. मध्यप्रदेश में जड़ी-बूटी बैंक कहां पर स्थित है?
(A) इंदौर (B) पचमढ़ी
(C) देवास (D) सागर

प्र 21. वन डे गवर्नेंस लागू करने वाला प्रदेश का प्रथम जिला इनमें से कौन है?
(A) जबलपुर (B) ग्वालियर
(C) भोपाल (D) इंदौर

प्र 22. मध्यप्रदेश स्थित 'इंदिरा प्रियदर्शनी राष्ट्रीय उद्यान' का पूर्व नाम क्या था?
(A) पन्ना राष्ट्रीय उद्यान
(B) पेंच राष्ट्रीय उद्यान
(C) कान्हा किसली राष्ट्रीय उद्यान
(D) बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान

प्र 23. उर्मिल परियोजना किन दो राज्यों के मध्य है?
(A) मध्यप्रदेश-उत्तरप्रदेश
(B) मध्यप्रदेश-गुजरात
(C) मध्यप्रदेश-महाराष्ट्र
(D) मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़

प्र 24. राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय कहां पर स्थित है?
(A) इंदौर
(B) भोपाल
(C) सागर
(D) जबलपुर

प्र 25. मध्यप्रदेश का पहला समाचार-पत्र कौन सा है?
(A) मालवा अखबार
(B) ग्वालियर अखबार
(C) भोपाल समाचार
(D) देशबंधु

प्र 26. खेड़ी नुमा पुरातात्विक स्थल मध्यप्रदेश में कहां स्थित है?
(A) हरदा (B) रीवा
(C) होशंगाबाद (D) सतना

प्र 27. ध्रुपद संगीत अकादमी कहां पर स्थापित है?
(A) इंदौर (B) भोपाल
(C) ग्वालियर (D) सागर

प्र 28. इनमें से कौन से कवि सांसद/मंत्री रह चुके हैं?
(A) माणिक वर्मा
(B) डॉ. शिवमंगल सिंह
(C) बालकवि बैरागी
(D) कवि पद्माकर

प्र 29. भगवान आदिनाथ की प्रतिमा जो बावनगजा के नाम से भी जानी जाती है कहां पर स्थित है?
(A) बड़वानी (B) दतिया
(C) ग्वालियर (D) मंदसौर

प्र 30. मध्यप्रदेश राज्य के प्रथम मुख्य न्यायाधीश इनमें से कौन थे?
(A) न्यायमूर्ति पी.वी. दीक्षित
(B) न्यायमूर्ति एम. हिदायतुल्लाह
(C) न्यायमूर्ति जी.पी. सिंह
(D) न्यायमूर्ति एन.डी. ओझा

प्र 31. इनमें से कौन 'उर्मिला' महाकाव्य के रचनाकर हैं?
(A) पं. भवानी प्रसाद मिश्र
(B) हरिशंकर परसाई
(C) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन'
(D) गजानन माधव

प्र 32. मध्यप्रदेश राज्य में सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क कहां पर स्थित है?
(A) इंदौर (B) भोपाल
(C) रीवा (D) उज्जैन

प्र 33. मध्यप्रदेश राज्य महिला आयोग की स्थापना कब की गई?
(A) 1996 (B) 1998
(C) 2000 (D) 2002

प्र 34. मध्यप्रदेश राज्य में "लाड़ली लक्ष्मी योजना" कब प्रारंभ की गई?
(A) 2005 (B) 2006
(C) 2007 (D) 2008

प्र 35. मध्यप्रदेश में जहांगीर महल किस जिले में स्थित है?
(A) टीकमगढ़
(B) छतरपुर
(C) रायसेन
(D) रीवा

प्र 36. देश का पहला गो अभ्यारण्य है?
(A) नीमच
(B) श्योपुर
(C) सिंगरौली
(D) आगर-मालवा

प्र 37. गजानन माधव मुक्तिबोध पुरस्कार किस क्षेत्र में दिया जाता है?
(A) कहानी (B) कविता
(C) नाटक (D) उपन्यास

प्र 38. डॉ. भीमराव अम्बेडकर राष्ट्रीय सामाजिक विज्ञान संस्थान कहां स्थित है?
(A) शहडोल (B) महू
(C) देवास (D) बुरहानपुर

प्र 39. म.प्र. में पत्रकारिता विश्वविद्यालय की स्थापना किस शहर में की गई?
(A) इंदौर (B) सागर
(C) भोपाल (D) ग्वालियर

प्र 40. सतपुड़ा ताप विद्युत गृह कहां पर स्थित है?
(A) सागर (B) बैतूल
(C) ग्वालियर (D) खण्डवा

प्र 41. आदिवासी क्षेत्रों में जनजातियों के लिए शिक्षा का प्रसार योजना का नाम क्या है?
(A) पवनपुत्र योजना
(B) शंखनाद योजना
(C) कल्पवृक्ष योजना
(D) मधुबन योजना

प्र 42. मध्यप्रदेश पंचायती राज्य व्यवस्था में ग्राम 'सचिवालय' की अवधारणा कब लागू की गई?
(A) 2002 (B) 2004
(C) 2006 (D) 2008

प्र 43. मध्यप्रदेश के प्रसिद्ध खिलाड़ी खम्मन सिंह किस खेल से संबंधित हैं?
(A) कुश्ती
(B) फुटबॉल
(C) क्रिकेट
(D) टेबल टेनिस

प्र 44. अनुसूचित जाति/जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के अन्तर्गत विशेष न्यायालय कहां पर स्थित होती है?
(A) प्रत्येक तहसील
(B) प्रत्येक ब्लॉक
(C) प्रत्येक जिला
(D) प्रत्येक संभाग

प्र 45. अनुसूचित जाति/जनजातीय अत्याचार निवारण अधिनियम की धारा-3 किस विषय से संबंधित है?
(A) विशेष लोक अभियोजक
(B) विशेष न्यायालय
(C) अत्याचार के अपराधों के लिए दण्ड
(D) नियम बनाने की शक्ति

प्र 46. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 17 का उद्देश्य या आशय क्या है?
(A) कानून के समक्ष समानता
(B) अस्पृश्यता का उन्मूलन
(C) नौकरियों में आरक्षण
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

प्र 47. मध्यप्रदेश का प्रसिद्ध लोकनाट्य रागिनी किस अंचल की नाट्य विधा है?
(A) रीवा अंचल
(B) ग्वालियर अंचल
(C) होशंगाबाद अंचल
(D) इंदौर अंचल

प्र 48. प्रसिद्ध रचना 'जीप पर सवार इल्लियाँ' के रचनाकार कौन हैं?
(A) शरद जोशी
(B) भवानी प्रसाद मिश्र
(C) पद्माकर
(D) हरिशंकर परसाई

प्र 49. कालिदास की रचना इनमें से कौन सी है?
(A) नीतिशतक
(B) कादम्बरी
(C) रघुवंशम
(D) हर्ष चरित

उत्तरमाला

1. ब, 2. द, 3. ब, 4. स, 5. ब, 6. स, 7. स, 8. ब, 9. स, 10. ब, 11. स, 12. स, 13. अ, 14. ब, 15. ब, 16. ब, 17. स, 18. द, 19. ब, 20. ब, 21. अ, 22. ब, 23. अ, 24. ब, 25. ब, 26. स, 27. ब, 28. स, 29. अ, 30. ब, 31. स, 32. अ, 33. ब, 34. स, 35. अ, 36. द, 37. अ, 38. ब, 39. स, 40. ब, 41. स, 42. ब, 43. स, 44. स, 45. स, 46. ब, 47. ब, 48. अ, 49. स

- सुभाष पाण्डेय
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लेखन करते हैं)

(पिछले पृष्ठ का शेष)

19. महेश भूपति ने पुरुष युगल वर्ग में कितने ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं?
(अ) 2
(ब) 3
(स) 4
(द) 8

20. अमित पंघाल का संबंध किस खेल से है?
(अ) कुश्ती
(ब) मुक्केबाजी
(स) एथेलेटिक्स
(द) शतरंज

21. इनमें से कौन-सा खिलाड़ी निशानेबाज नहीं है?
(अ) सौरभ चौधरी
(ब) जी साथियान
(स) अंजुम मुदगिल
(द) दिव्यांश सिंह पवार

22. फीफा फुटबॉल विश्वकप 2022 में कितनी टीमें हिस्सा लेंगी?
(अ) 20
(ब) 24
(स) 26
(द) 32

23. इनमें से किस भारतीय क्रिकेटर ने क्रिकेट के तीनों प्रारूपों में शतक नहीं बनाया है?
(अ) विराट कोहली
(ब) के.एल. राहुल
(स) सुरेश रैना
(द) रोहित शर्मा

24. ब्राजील ने कितनी बार कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट जीता है?
(अ) छः (ब) आठ
(स) नौ (द) सात

25. घरेलू मैदान पर लगातार 11 टेस्ट सीरीज जीतने का रिकॉर्ड किस देश के नाम है?
(अ) ऑस्ट्रेलिया (ब) भारत
(स) इंग्लैंड (द) दक्षिण अफ्रीका

उत्तरमाला

1. अ	2. ब	3. अ	4. स	5. ब
6. अ	7. ब	8. द	9. अ	10. ब
11. स	12. अ	13. स	14. अ	15. द
16. अ	17. द	18. ब	19. स	20. ब
21. ब	22. द	23. अ	24. स	25. ब

- पुष्पेन्द्र कुमार सविता
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित विषयों पर लेखन करते हैं।)

लाला लाजपत राय जयंती 28 जनवरी

आजादी के लिए विद्रोह के स्वर मुखरित करने वाले गरम दल के नेता लाला लाजपत राय

'जो अमोघ और अधिकतम राष्ट्रीय शिक्षा लाभकारी राष्ट्रीय निवेश है, राष्ट्र की सुरक्षा के लिए उतनी ही आवश्यक है, जितनी भौतिक प्रतिरक्षा के लिए सैन्य व्यवस्था।'

'ऐसा कोई भी श्रम रूप अपयशकर नहीं है, जो सामाजिक उद्देश्यों की पूर्ति में सहायक हो और समाज को जिसकी आवश्यकता हो।'

'राजनीतिक प्रभुत्व आर्थिक शोषण की ओर ले जाता है। आर्थिक शोषण पीड़ा, बीमारी और गंदगी की ओर ले जाता है और ये चीजें धरती के विनीततम लोगों को सक्रिय या निष्क्रिय बगावत की ओर धकेलती हैं और जनता में आज़ादी की चाह पैदा करती हैं।'

'सब एक हो जाओ, अपना कर्तव्य जानो, अपने धर्म को पहचानो, तुम्हारा सबसे बड़ा धर्म तुम्हारा राष्ट्र है। राष्ट्र की मुक्ति के लिए, देश के उत्थान के लिए कमर कस लो, इसी में तुम्हारी भलाई है और इसी से समाज का उपकार हो सकता है।'

'मैंने जो मार्ग चुना है, वह गलत नहीं है। हमारी कामयाबी एकदम निश्चित है। मुझे जेल से जल्द छोड़ दिया जाएगा और बाहर आकर मैं फिर से अपने कार्य को आगे बढ़ाऊंगा, ऐसा मेरा विश्वास है। यदि ऐसा न हुआ तो मैं उसके पास जाऊंगा, जिसने हमें इस दुनिया में भेजा था। मुझे उसके पास जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति नहीं होगी।'

ये प्रेरणादायक विचार हैं देश की आजादी के लिए आजीवन विद्रोह के स्वर मुखरित करने वाले स्वतंत्रता सेनानी लाला लाजपत राय के। लाला जी क्रांति के द्वारा भारत में स्वतंत्रता चाहते थे। बाल-लाल-पाल त्रयी के द्वारा स्वतंत्रता आंदोलन में दिए गए राष्ट्रीय योगदान में लाला लाजपत राय का सम्माननीय स्थान है। पंजाब के दयानन्द एंग्लो वैदिक कॉलेज (डी.ए.वी.) की स्थापना में उनका विशेष योगदान था। लाला जी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के गरम दल के प्रमुख नेता तथा पूरे पंजाब के प्रतिनिधि थे। वे जब अंग्रेजों के खिलाफ बोलते थे तो शेर की तरह दहाड़ते थे इसलिए उनको 'पंजाब केसरी' कहा जाता था। उनकी मौत का बदला लेने के लिए ही क्रांतिकारी भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरु ने सांडर्स की हत्या की थी।

विदेश जाकर बताये ब्रिटिश शासन के अत्याचार

बचपन से ही उनके मन में देश सेवा का जुनून सवार हो गया था और उन्होंने देश को विदेशी शासन से आजाद कराने का प्रण ले लिया था। कॉलेज के दिनों में वह कई स्वतंत्रता सेनानियों जैसे लाल हंसराज और पंडित गुरुदत्त के संपर्क में आए। उन्होंने कानून की शिक्षा प्राप्त कर हिसार में वकालत प्रारम्भ की थी, किन्तु बाद में स्वामी दयानंद के सम्पर्क में आने के कारण वे आर्य समाज के प्रबल समर्थक बन गये। यहीं से उनमें उग्र राष्ट्रीयता की भावना जागृत हुई।

लाला लाजपत राय का जन्म 28 जनवरी, 1865 को पंजाब के फिरोजपुर में हुआ था। उनके पिता मुंशी राधा कृष्ण आजाद फारसी और उर्दू के बड़े विद्वान थे। वे राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, रेवाड़ी में शिक्षक थे। लाला जी की माता गुलाब देवी धार्मिक विचारों की महिला थीं। उन्होंने प्राथमिक शिक्षा रेवाड़ी में हासिल की। बाद में कानून की पढ़ाई के लिए उन्होंने 1880 में लाहौर स्थित सरकारी कॉलेज में दाखिला लिया। उनकी शादी सन् 1877 में राधा देवी से हो गई थी। वे धीरे-धीरे वकालत के क्षेत्र में मशहूर होते गए और हाईकोर्ट में वकालत करने के लिए 1892 में वह हिसार से लाहौर चले गए। इसके पहले छात्र जीवन में ही उन्होंने राजनीतिक गतिविधियों में हिस्सा लेना शुरू कर दिया था। वे देश को आजाद कराने के लिए क्रांतिकारी रास्ता अपनाने के हिमायती थे। उन्होंने पूर्ण स्वराज की वकालत की। उन्होंने यह महसूस किया कि दुनिया के सामने ब्रिटिश शासन के अत्याचारों को रखना होगा, ताकि भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अन्य देशों का भी सहयोग मिल सके। इसके लिए 1905 में वे गोपालकृष्ण गोखले के साथ कांग्रेस प्रतिनिधि के रूप में इंग्लैंड गए और वहां की जनता के सामने भारत की आजादी का पक्ष रखा। अपने देश, धर्म तथा संस्कृति के लिए उनमें जो प्रबल प्रेम तथा आदर था, उसी के कारण वे स्वयं को राष्ट्र के लिए समर्पित कर अपना जीवन दे सके।

असहयोग आंदोलन में निभाई सक्रिय सहभागिता

20 फरवरी, 1920 को जब लाला लाजपत राय स्वदेश लौटे तो अमृतसर में जलियांवाला बाग हत्या काण्ड के कारण सारा राष्ट्र असन्तोष तथा क्षोभ की ज्वाला में जल रहा था। इसी बीच महात्मा गांधी ने 'असहयोग आंदोलन' आरम्भ किया तो लाला जी पूर्ण तत्परता के साथ इस संघर्ष में जुट गये, जो सैद्धांतिक तौर पर रॉलेक्ट एक्ट के विरोध में चलाया जा रहा था। पंजाब में असहयोग आंदोलन का नेतृत्व करने के कारण 1921 में उन्हें जेल भेज दिया गया। इसके बाद लाला जी ने 'लोक सेवक संघ' की स्थापना की। उनके नेतृत्व में यह आंदोलन पंजाब में जंगल की आग की तरह फैल गया और जल्द ही वे 'पंजाब का शेर' या 'पंजाब केसरी' जैसे नामों से पुकारे जाने लगे। उन दिनों सरकारी शिक्षण संस्थानों के बहिष्कार, विदेशी वस्त्रों के त्याग, अदालतों का बहिष्कार, शराब के विरुद्ध आंदोलन, चरखा और खादी का प्रचार जैसे कार्यक्रमों को कांग्रेस ने अपने हाथ में ले रखा था, जिसके कारण जनता में एक नई चेतना का प्रादुर्भाव हो चला था। लाला जी ने केवल राजनीति ही नहीं वरन जन-सेवा का भी सच्चा पाठ पढ़ा था। जब सन् 1896 तथा 1899 में उत्तर भारत में भयंकर अकाल पड़ा तो लाला जी ने अपने साथी लाला हंसराज के सहयोग से अकाल-पीड़ित लोगों तक हर तरह की सहायता पहुंचाई। लाला लाजपत राय ने देशभर में स्वदेशी वस्तुएं अपनाने के लिए भी अभियान चलाया। उनके व्यक्तित्व के बारे में तत्कालीन मशहूर अंग्रेज लेखक विन्सन ने लिखा था- 'लाजपत राय के सादगी और उदारता भरे जीवन की जितनी प्रशंसा की जाए कम है। उन्होंने अशिक्षित गरीबों और असहायों की बड़ी सेवा की थी। इस क्षेत्र में अंग्रेजी सरकार बिल्कुल

ध्यान नहीं देती थी।'

लाला लाजपत राय जब हिसार में वकालत करते थे, तब उन्होंने कांग्रेस की बैठकों में भी भाग लेना शुरू कर दिया और धीरे-धीरे कांग्रेस के सक्रिय कार्यकर्ता बन गए। 1888 में वे प्रथम बार मात्र 23 वर्ष की आयु में कांग्रेस के इलाहाबाद अधिवेशन में सम्मिलित हुए थे, जिसकी अध्यक्षता मि. जार्ज यूल ने की थी। इसके बाद हुए कांग्रेस के 'लाहौर अधिवेशन' को सफल बनाने में लाला जी का ही हाथ था। इसके बाद हुए सूरत के प्रसिद्ध कांग्रेस अधिवेशन में लाला लाजपत राय ने अपने सहयोगियों के द्वारा राजनीति में गरम दल की विचारधारा का सूत्रपात कर दिया था और जनता को यह विश्वास दिलाने में सफल हो गये थे कि केवल प्रस्ताव पास करने और गिड़गिड़ाने से स्वतंत्रता मिलने वाली नहीं है। जनभावना को देखते हुए ही अंग्रेजों को उनके देश-निर्वासन को रद्द करना पड़ा था। 1907 में जब पंजाब के किसानों में अपने अधिकारों को लेकर चेतना हुई तो सरकार का क्रोध लाला जी तथा सरदार अजीत सिंह पर उमड़ पड़ा और इन दोनों देशभक्त नेताओं को देश से निर्वासित कर पड़ोसी देश बर्मा के मांडले नगर में नजरबंद कर दिया गया। इस दमनपूर्ण कार्य का प्रबल जनविरोध किये जाने पर सरकार को अपना यह आदेश जल्दी ही वापस लेना पड़ा। लाला जी पुनः स्वदेश आये और देशवासियों ने उनका स्वागत किया।

इण्डियन होमरूल लीग की स्थापना

प्रथम विश्वयुद्ध (1914-1918) के दौरान लाला जी एक प्रतिनिधि मण्डल के सदस्य के रूप में पुनः इंग्लैंड गये और देश की आज़ादी के लिए प्रबल जनमत जागृत किया। वहां से वे जापान होते हुए अमेरिका चले गये और स्वाधीनता-प्रेमी अमेरिकावासियों के समक्ष भारत की आजादी का पक्ष प्रबलता से प्रस्तुत किया। यहां उन्होंने एक संस्था 'इण्डियन होमरूल लीग' की स्थापना की तथा कुछ ग्रन्थ भी लिखे। उन्होंने 'तरुण भारत' नामक एक देशप्रेम तथा नवजागृति से परिपूर्ण पुस्तक लिखी, जिसे ब्रिटिश सरकार ने प्रतिबंधित कर दिया था। उन्होंने 'यंग इंण्डिया' नाम से मासिक पत्र भी निकाला। इसी दौरान उन्होंने 'भारत का इंग्लैंड पर ऋण', 'भारत के लिए आत्मनिर्णय' आदि पुस्तकें भी लिखीं, जो यूरोप की प्रमुख भाषाओं में अनुदित हो चुकी हैं। लाला जी परदेश में रहकर भी अपने देश और देशवासियों के उत्थान के लिए काम करते रहे थे। वे उच्च कोटि के नेता ही नहीं थे, अपितु ओजस्वी लेखक और प्रभावशाली वक्ता भी थे। हजारों मील दूर बंगाल की खाड़ी में स्थित मांडले जेल में जब लाला लाजपत राय का किसी से भी किसी प्रकार का कोई संपर्क नहीं था तो अपने इस समय का उपयोग उन्होंने लेखन कार्य में किया। लाला जी ने भगवान श्रीकृष्ण, अशोक, शिवाजी, स्वामी दयानंद सरस्वती, गुरुदत्त, मेत्सिनी और गैरीबाल्डी की संक्षिप्त जीवनियां भी लिखीं। 'नेशनल एजुकेशन', 'अनहैप्पी इंडिया' और "द स्टोरी ऑफ माई डिपोर्टेशन' उनकी अन्य महत्वपूर्ण रचनाएं हैं। उन्होंने 'पंजाबी', 'वंदे मातरम' (उर्दू) और 'द पीपुल' इन तीन समाचार पत्रों की स्थापना करके भी इनके माध्यम से देश में 'स्वराज' का प्रचार किया। लाला लाजपत राय ने उर्दू दैनिक 'वंदे मातरम' में एक बार लिखा था- 'मेरा मज़हब हक़परस्ती है, मेरी मिल्लत क़ौमपरस्ती है, मेरी इबादत खलकपरस्ती है, मेरी अदालत मेरा ज़मीर है, मेरी जायदाद मेरी क़लम है, मेरा मंदिर मेरा दिल है और मेरी उमंगें सदा जवान हैं। इटली के क्रांतिकारी ज्युसेपे मेत्सिनी को लाजपत राय अपना आदर्श मानते थे। किसी पुस्तक में उन्होंने जब मेत्सिनी का भाषण पढ़ा तो उससे इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने मेत्सिनी की जीवनी पढ़नी चाही। वह भारत में उपलब्ध नहीं थी तो उन्होंने उसे इंग्लैण्ड से मंगवाया। मेत्सिनी द्वारा लिखी गई अभूतपूर्व पुस्तक 'इयूटीज ऑफ़ मैन' का लाला लाजपत राय ने उर्दू में अनुवाद किया।

लाला जी की मृत्यु का प्रतिशोध लेने के लिए हुई थी सांडर्स की हत्या

सन् 1928 में जब अंग्रेजों द्वारा नियुक्त साइमन कमीशन भारत आया तो देश के नेताओं ने उसका बहिष्कार करने का निर्णय लिया। 30 अक्टूबर, 1928 को कमीशन लाहौर पहुंचा तो जनता के प्रबल प्रतिरोध को देखते हुए सरकार ने धारा 144 लगा दी। लाला जी के नेतृत्व में नगर के हजारों लोग कमीशन के सदस्यों को काले झण्डे दिखाने के लिए रेलवे स्टेशन पहुंचे और 'साइमन वापस जाओ' के नारों से आकाश गुँजा दिया। इस पर पुलिस को लाठीचार्ज का आदेश मिला। उसी समय सार्जेंट सांडर्स ने लाला जी की छाती पर लाठी का प्रहार किया, जिससे उन्हें सख्त चोट पहुंची। उसी शाम लाहौर की एक विशाल जनसभा में एकत्रित जनता को सम्बोधित करते हुए लाला जी ने गर्जना की थी- 'मेरे शरीर पर पड़ी लाठी की प्रत्येक चोट अंग्रेजी साम्राज्य के कफ़न की कील का काम करेगी।' इस गंभीर प्रहार से आहत लाला जी ने अठारह दिन तकलीफ भोगने के बाद 17 नवम्बर, 1928 को आखिरी सांस ली।

लाला जी की मृत्यु से सारा देश उत्तेजित हो उठा और चंद्रशेखर आज़ाद, भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव व अन्य क्रांतिकारियों ने लाला जी की मौत का बदला लेने का निर्णय किया। इन जाँबाज देशभक्तों ने लाला जी की मौत के ठीक एक महीने बाद अपनी प्रतिज्ञा पूरी करते हुए 17 दिसंबर, 1928 को ब्रिटिश पुलिस के अफसर सांडर्स को गोली से उड़ा दिया। लाला जी को श्रद्धांजलि देते हुए उस समय महात्मा गांधी ने कहा था- 'भारत के आकाश पर जब तक सूर्य का प्रकाश रहेगा, लाला जी जैसे व्यक्तियों की मृत्यु नहीं होगी। वे अमर रहेंगे।' उनका यह कथन सच साबित हुआ और उनका जीवन आज भी देशवासियों के जीवन में प्रेरणा का संचार कर रहा है।

- रीता मोदी
(लेखिका, स्वतंत्र पत्रकार हैं)

आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका अन्य कार्यों से सम्बद्ध नहीं होंगे

भोपाल, मध्यप्रदेश में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को अब एकीकृत बाल विकास योजना के कार्यों के अतिरिक्त अन्य कार्यों में संबद्ध नहीं किया जायेगा। सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में सभी विभागाध्यक्षों, संभागायुक्तों, कलेक्टरों और जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को आदेश जारी किये हैं।

वर्तमान में प्रदेश में 80 हजार 160 आंगनवाड़ी केन्द्र तथा 12070 मिनी आंगनवाड़ी केन्द्र स्वीकृत हैं। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा इन केंद्रों के माध्यम से शून्य से 6 वर्ष तक के बच्चों को पूरक पोषण आहार देकर सुपोषित करने एवं शाला पूर्व शिक्षा प्रदाय करने का महत्वपूर्ण कार्य किया जाता है। इसके अतिरिक्त गर्भवती और धात्री माताओं को पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं प्रदाय की जाती हैं, जिसकी निरन्तरता एवं अतिकम वजन वाले बच्चों की विशेष देखभाल की जाती है। अभी तक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका को गैर आईसीडीएस कार्यों में भी संबद्ध किया जाता रहा है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता/सहायिका द्वारा अन्य कार्य नहीं करने पर उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाती रही है। ऐसा होने से आंगनवाड़ी केंद्रों की सेवाएं लम्बे समय तक प्रभावित हो रही थीं। साथ ही, बच्चों के पोषण स्तर में सुधार भी बाधित होता है।

कड़कनाथ मुर्गी पालन के लिये हितग्राहियों को प्रोत्साहित किया जाये

मुरैना, पशुपालन, मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास मंत्री श्री लाखन सिंह यादव ने बानमोर में सहकारी दुग्ध संघ मुरैना द्वारा संचालित दुग्ध संयंत्र एवं रायरू में शासकीय कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र का अवलोकन करते हुये कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवार कड़कनाथ और आरआईआर प्रजाति की मुर्गियों के चूजे पालकर अपनी आय बढ़ा सकते हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इन प्रजातियों के मुर्गी-पालन के लिये हितग्राहियों को प्रोत्साहित करें। श्री यादव ने प्रक्षेत्र में कड़कनाथ, आरआईआर और चेपब्रो प्रजाति के मुर्गी पालन के साथ इन प्रजातियों की मुर्गियों के अंडों से विशेष मशीन द्वारा 21 दिन में चूजे निकलने की प्रक्रिया को देखा। इस प्रक्रिया में 18 दिन तक अंडों को मशीन में रखकर निर्धारित तापमान दिया जाता है। इसके बाद तीन दिन हेचर होने पर मुर्गी का चूजा प्राप्त होता है। चूजों को अनुकूल वातावरण देकर उनकी देख-रेख की जाती है। शासकीय कुक्कुट-पालन प्रक्षेत्र रायरू में 6-7 हजार मुर्गे एवं मुर्गियां हैं। यहां तैयार चूजे ग्वालियर एवं चंबल संभाग में सप्लाई किए जा रहे हैं।

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए

विश्व इतिहास

1. पुर्नजागरण में कौन-कौन से पहलू समाहित थे?
अ. तार्किकता
ब. मानवता वादी दृष्टिकोण
स. वैज्ञानिक प्रगति
द. उपरोक्त सभी
उत्तर- द. उपरोक्त सभी

2. 'मोनालिसा' किसकी प्रसिद्ध कृति है?
अ. लियोनार्डो द विंची
ब. विंसेंट वान गॉग
स. पाब्लो पिकासो
द. सल्वाडोर डाली
उत्तर- अ. लियोनार्डो द विंची

3. नील नदी के किनारे किस-सभ्यता का विकास हुआ था?
अ. असीरिया
ब. चीन
स. मिस्र
द. सुमेरियन
उत्तर- स. मिस्र

4. हेलस या हेलिनिक सभ्यता के नाम से किस सभ्यता को जाना जाता था?
अ. रोमन
ब. यूनानी
स. थसीरियन
द. चीनी
उत्तर- ब. यूनानी

5. चीन-की सभ्यता का विकास किस नदी घाटी के किनारे पर हुआ था?
अ. यॉंग्सीक्यांग
ब. ह्वांग - हो
स. अमेजन
द. सिंधु
उत्तर- ब. ह्वांग - हो

6. रेशम से वस्त्र निर्माण तकनीक का आविष्कार कहाँ पर हुआ था?
अ. भारत
ब. रोम
स. चीन
द. जापान
उत्तर- स. चीन

7. यहूदियों के पूजा स्थल को क्या कहा जाता है?
अ. मठ
ब. अग्नि मंदिर
स. मस्जिद
द. सिनेगॉग
उत्तर- द. सिनेगॉग

8. पुनर्जागरण काल का प्रथम मानवता वादी किसे माना जाता है?
अ. कार्लमार्क्स
ब. एडमंड बर्क
स. मार्टिन लूथर किंग
द. पैट्रार्क
उत्तर- द. पैट्रार्क

9. पुनर्जागरण की शुरुआत कहाँ से हुई थी?
अ. फ्राँस
ब. रूस
स. इटली
द. ब्रिटेन
उत्तर- स. इटली

10. 'द प्रेज ऑफ फॉली' पुस्तक की रचना किसके द्वारा की गई थी?
अ. मैकियावेली
ब. रूसो
स. दाँते
द. इरैस्मस
उत्तर- द. इरैस्मस

11. "डॉन क्विजोट" पुस्तक के लेखक कौन थे?
अ. मीगुल डी सर्वांतेस
ब. लियोनार्डो
स. काँट
द. मॉण्टेस्क्यू
उत्तर- अ. मीगुल डी सर्वांतेस

12. मॉण्टेस्क्यू द्वारा अपनी किस पुस्तक में 'शक्ति के प्रथक्करण'की अवधारणा प्रस्तुत की गई थी?
अ. द सोशल कॉन्ट्रेक्ट
ब. द स्प्रिट ऑफ लॉ
स. वेल्थ ऑफ नेशंस
द. द प्रिंस
उत्तर- ब. द स्प्रिट ऑफ लॉ

13. लैसेज फेयर (मुक्त व्यापार) का सिद्धांत किसके द्वारा प्रस्तुत किया गया था?
अ. कार्ल मार्क्स
ब. एडम स्मिथ
स. जॉन लॉक
द. मैकियावैली
उत्तर- ब. एडम स्मिथ

14. 'लुई 14वें का युग' पुस्तक की रचना किसने की थी?
अ. रूसो
ब. मॉण्टेस्क्यू
स. वॉल्टेयर
द. जॉन-ऑक
उत्तर- स. वॉल्टेयर

15. अमेरिका की खोज किस सन् में की गई थी?
अ. 1498 ई.
ब. 1496 ई.
स. 1491 ई.
द. 1492 ई.
उत्तर- द. 1492 ई.

16. 'बोस्टन-टी पार्टी' का संबंध किस क्राँति से है?
अ. फ्राँस की क्राँति
ब. अमेरिकी क्राँति
स. रूसी क्राँति
द. चीनी क्राँति
उत्तर- ब. अमेरिकी क्राँति

17. 'सामान्य इच्छा (General will) **नामक विचार किसके द्वारा दिया गया था?**
अ. रूसो
ब. वॉल्टेयर
स. नेपोलियन
द. मूरे
उत्तर- अ. रूसो

18. अमेरिका में दास प्रथा की समाप्ति किसके द्वारा की गई थी?
अ. जॉर्ज वाशिंगटन
ब. अब्राहम लिंकन
स. एबिगेल एडम्स
द. सैमुअल एडम्स
उत्तर- ब. अब्राहम लिंकन

19. 'स्वतंत्रता, समानता एवं बंधुत्व' किस क्रांति का नारा था?
अ. इग्लैंड की गौरवपूर्ण क्रांति
ब. अमेरिकी क्रांति
स. फ्रांसीसी क्रांति
द. रूसी क्रांति
उत्तर- स. फ्रांसीसी क्रांति

20. 'टेनिस कोर्ट की शपथ' घटना का संबंध किस क्रांति से था?
अ. फ्रांसीसी क्रांति
ब. रूसी क्रांति
स. प्रथम विश्व युद्ध
द. द्वितीय विश्व युद्ध
उत्तर- अ. फ्रांसीसी क्रांति

21. अमेरिका को पूर्ण रूप से स्वतंत्रता कब प्राप्त हुई थी?
अ. 4 जुलाई, 1789 ई.
ब. 4 जुलाई, 1776 ई.
स. 19 नवम्बर, 1876 ई.
द. 21 सितंबर, 1805 ई.
उत्तर- ब. 4 जुलाई, 1776 ई.

22. 'डिवाइन कॉमेडी' की रचना किसके द्वारा की गई थी?
अ. वॉल्टेयर
ब. पेट्रार्क
स. माइकल एन्जेलो
द. दांते
उत्तर- द. दांते

23. 'द लास्ट जजमेंट' एवं 'दि फॉल ऑफ मैन' किसकी कृतियां हैं?
अ. लियोनार्डो द विंची
ब. माइकल एन्जेलो
स. जियावो
द. राफेल
उत्तर- ब. माइकल एन्जेलो

24. 'अमेरिकन फिलॉसोफिकल सोसायटी' की स्थापना किसने की थी?
अ. जॉर्ज वाशिंगटन
ब. बैंजामिन फ्रेंकलिन
स. अब्राहम लिंकन
द. मार्टिन लुथर किंग
उत्तर- ब. बैंजामिन फ्रेंकलिन

25. 'ट्रेफेल्गर का युद्ध' कब लड़ा गया था?
अ. 21 अक्टूबर 1805 ई.
ब. 22 अक्टूबर 1799 ई.
स. 21 अक्टूबर 1815 ई.
द. 21 अक्टूबर 1795 ई.
उत्तर- अ. 21 अक्टूबर 1805 ई.

26. 'ट्रेफेल्गर का युद्ध' किनके मध्य लड़ा गया था?
अ. नेपोलियन एवं इग्लैंड
ब. इटली एवं जर्मनी
स. नेपोलियन एवं रूस
द. नेपोलियन एवं चीन
उत्तर- अ. नेपोलियन एवं इंग्लैंड

27. 'वाटर लू' का युद्ध किस वर्ष हुआ था?
अ. 1817 ई.
ब. 1816 ई.
स. 1815 ई.
द. 1812 ई.
उत्तर- स. 1815 ई.

28. नेपोलियन की मृत्यु किस स्थान पर हुई थी?
अ. हवाई द्वीप
ब. सेंट हेलेना द्वीप
स. गुआम
द. डिएगो गार्सिया
उत्तर- ब. सेंट हेलेना द्वीप (1821. ई)

29. जर्मनी का एकीकरण किसके द्वारा किया गया था?
अ. गेरीबाल्डी
ब. मेजिनी
स. बिस्मार्क
द. फ्रेडरिक लिस्ट
उत्तर- स. बिस्मार्क

30. फ्रेंकफर्ट की संधि किन दो देशों के मध्य हुई थी?
अ. जर्मनी एवं इटली
ब. प्रशा एवं फ्रांस
स. चीन एवं जर्मनी
द. जर्मनी एवं इंग्लैंड
उत्तर- ब. प्रशा एवं फ्रांस

31. इटली के एकीकरण का जनक किसे कहा जाता है?
अ. गिबर्टी
ब. जोसेफ मेजिनी
स. गैरीबाल्डी
द. काऊण्ट कैवूर
उत्तर- ब. जोसेफ मेजिनी

32. 'लाल कुर्ती' सेना का गठन किसके द्वारा किया गया था?
अ. मेजिनी
ब. बिस्मार्क
स. नेपोलियन
द. गैरीबाल्डी
उत्तर- द. गैरीबाल्डी

33. जर्मनी के 'आर्थिक राष्ट्रवाद का पिता' किसे माना जाता है?
अ. कार्ल मार्क्स
ब. एंजेल
स. फ्रेडरिक लिस्ट
द. विलियम प्रथम
उत्तर- स. फ्रेडरिक लिस्ट

34. विएना कांग्रेस की बैठक कब संपन्न हुई थी?
अ. 1820 ई.
ब. 1825 ई.
स. 1815 ई.
द. 1810 ई.
उत्तर- स. 1815 ई.

35. औद्योगिक क्रांति का प्रारंभ कहां से हुआ था?
अ. जर्मनी
ब. अमेरिका
स. चीन
द. इंग्लैंड
उत्तर- द. इंग्लैंड

36. औद्योगिक क्रांति के इंग्लैंड में ही शुरू होने के क्या कारण थे?
1. भौगोलिक स्थिति
2. यांत्रिक आविष्कार
3. औपनिवेशिक विस्तार
अ. 1, एवं 2
ब. 2 एवं 3
स. 1 एवं 3
द. उपरोक्त सभी
उत्तर- द. उपरोक्त सभी

37. सेफ्टी लैंप का आविष्कार किसने किया था?
अ. जेम्स वाट
ब. हंफ्री डेवी
स. जेम्स हरग्रीब्ज
द. हेनरी कोर्ट
उत्तर- ब. हंफ्री डेवी

38. अफीम युद्ध किन देशों के मध्य लड़ा गया था?
अ. चीन एवं जापान
ब. भारत एवं अफगानिस्तान
स. चीन एवं ब्रिटेन
द. ईराक एवं ईरान
उत्तर- स. चीन एवं ब्रिटेन (1839-40 ई.)

39. आधुनिक रूस का निर्माता किसे कहा जाता है?
अ. लेनिन
ब. ट्राटस्की
स. स्टालिन
द. करेन्सकी
उत्तर- स. स्टालिन

40. एकजार, एक चर्च और एक रूस का नारा किसके द्वारा दिया गया था?
अ. जार निकोलस द्वितीय
ब. लेनिन
स. करेन्सकी
द. ट्राटस्की
उत्तर- अ. जार निकोलस द्वितीय

41. प्रथम विश्व युद्ध की शुरुआत कब हुई थी?
अ. 28 जून, 1914
ब. 28 जुलाई, 1914
स. 28 सितंबर 1915
द. 11 सितंबर 1915
उत्तर- ब. 28 जुलाई, 1914

42. अंतर्राष्ट्रीय संस्था 'राष्ट्र संघ' की स्थापना किस वर्ष हुई थी?
अ. 1920 ई.
ब. 1925 ई.
स. 1930 ई.
द. 1932 ई.
उत्तर- अ. 1920 ई.

43. निम्न में से कौन-सा राष्ट्र प्रथम विश्व युद्ध के दौरान धुरी राष्ट्रों में शामिल नहीं था?
अ. ऑस्ट्रेलिया
ब. हंगरी
स. जापान
द. इटली
उत्तर- स. जापान

44. प्रथम विश्व युद्ध की समाप्ति के दौरान ब्रिटिश प्रधानमंत्री कौन थे?
अ. जॉर्ज क्लेमेसो
ब. लॉयड जॉर्ज
स. वुडरो विल्सन
द. विंस्टन चार्चिल
उत्तर- ब. लॉयड जॉर्ज

45. प्रथम विश्व युद्ध की समाप्ति कब हुई थी?
अ. 20 नवम्बर 1918
ब. 30 सितंबर 1919
स. 4 जुलाई 1919
द. 11 नवम्बर 1918
उत्तर- द. 11 नवम्बर 1918

46. 'सेव्रे की संधि' किस देश के साथ की गई थी?
अ. जर्मनी
ब. बुल्गारिया
स. हंगरी
द. तुर्की
उत्तर- द. तुर्की

47. द्वितीय विश्व युद्ध की समाप्ति किस वर्ष हुई थी?
अ. 1936 ई.
ब. 1939 ई.
स. 1945 ई.
द. 1947 ई.
उत्तर- स. 1945 ई.

48. रूसी क्रांति के दौरान 'मेन्शेविक दल' का नेता कौन था?
अ. करेंस्की
ब. ट्रॉटस्की
स. लेनिन
द. स्टालिन
उत्तर- अ. करेंस्की

49. 'नाजी पार्टी' का चिन्ह क्या था?
अ. स्वास्तिक
ब. तलवार
स. हाथौड़ा
द. बंदूक
उत्तर- अ. स्वास्तिक

50. द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान कौन सा राष्ट्र मित्र राष्ट्रों में शामिल नहीं था?
अ. इंग्लैंड
ब. फ्रांस
स. जापान
द. अमेरिका
उत्तर- स. जापान

- आशीष कुमार श्रीवास
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लेखन करते हैं)

यदि उदासी न हो तो खुशी का कोई महत्व नहीं है – कार्लजंग

भारतीय विज्ञान कांग्रेस

देश में वैज्ञानिक वातावरण का विकास चाहते थे आधुनिक भारत के निर्माता पंडित जवाहर लाल नेहरू

भारत ही नहीं विश्व के विज्ञान में हमारे देश के वैज्ञानिकों का अहम योगदान आज से नहीं बल्कि लंबे समय से रहा है। पूरी दुनिया हमारे वैज्ञानिकों को बड़े ही सम्मान से देखती है, लेकिन एक दौर ऐसा भी था जब हमारे देश में विज्ञान और प्रौद्योगिकी को लेकर काफी कमी थी, तब देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने इसकी महत्ता को समझते हुये देश में विज्ञान के प्रति माहौल बनाया और देश के वैज्ञानिकों को उपयुक्त सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ विभिन्न संस्थाओं की नींव रखी।

"विज्ञान मित्र" थे देश के पहले प्रधानमंत्री नेहरू जी

हाल ही में बेंगलुरु के कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय में 107वीं भारतीय विज्ञान कांग्रेस का आयोजन किया गया, जिसमें देश-दुनिया के कई वैज्ञानिकों ने हिस्सा लिया। भारतीय विज्ञान कांग्रेस एक वार्षिक कार्यक्रम है, जिसमें विज्ञान से संबंधित मुद्दों पर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर का वैज्ञानिक विचार-विमर्श होता है। भारतीय विज्ञान कांग्रेस को लेकर पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू में खासा उत्साह

था। नेहरू जी का विज्ञान के प्रति ऐसा लगाव था कि आज भी उन्हें 'विज्ञान का मित्र' कहा जाता है। नेहरू जी के पास एक 'विजनरी' दृष्टि थी, वे दूरदृष्टा थे। पंडित जवाहरलाल नेहरू की अध्यक्षता में भारतीय विज्ञान कांग्रेस संस्था का 34वां वार्षिक सत्र जनवरी, 1947 में दिल्ली में आयोजित हुआ था। वे पहले ऐसे गैर-वैज्ञानिक थे, जिन्होंने भारतीय विज्ञान कांग्रेस की अध्यक्षता की थी। उन्होंने अपने अध्यक्षीय भाषण में यह कहा था कि सामाजिक प्रासंगिक मुद्दों-भूख और गरीबी के समाधान की क्षमता विज्ञान में है। पंडित नेहरू के वैज्ञानिक सलाहकारों में से एक ब्रिटिश भौतिकीविद् और नोबेल पुरस्कार से सम्मानित पैट्रिक ब्लैकेट थे, जिन्होंने नेहरू के निधन के बाद उनकी बौद्धिक क्षमता और वैज्ञानिक स्वभाव की प्रशंसा की थी।

शोध संस्थानों पर था जोर, वैज्ञानिकों को दिया बढ़ावा

नेहरू जी ने अपने कार्यकाल में वैज्ञानिकों को यह स्वतंत्रता दी थी कि वे संस्थाओं का निर्माण करें, जो भारत में वैज्ञानिक शोध का पवित्र स्थान बन सकें। स्वतंत्रता के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने देश के विकास में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की भूमिका को समझते हुए शोध संस्थानों की स्थापना पर जोर दिया था। नेहरूजी के दौर में होमी जहांगीर भाभा, सर सीवी रमन, सतीश धवन, नलिनी रंजन सरकार, जेसी घोष, मेघनाद साहा, एसएस भटनागर जैसे वैज्ञानिक देश में सर्वोत्तम संस्थाओं के निर्माण के लिये स्वतंत्र थे। वैज्ञानिकों से प्रधानमंत्री नेहरू जी का कितना जुड़ाव था, इस बारे में कहा जाता है कि पंडित नेहरू को होमी भाभा भाई कहकर संबोधित करते थे। नेहरू को भाभा अक्सर देर रात फोन करते थे और नेहरू हमेशा उनसे बात करने के लिए समय निकालते थे। पैट्रिक ब्लैकेट जो डीआरडीओ के सलाहकार थे, उनका कहना था कि नेहरू को बौद्धिक कंपनी बहुत पसंद थी और होमी भाभा से वह कंपनी उन्हें मिला करती थी।

टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च की स्थापना के दौरान पंडित जवाहर लाल नेहरू ने एक साथ वैज्ञानिकों और आमजनों को संबोधित करते हुये कहा था कि स्वतंत्र भारत को समर्थ और शक्ति संपन्न बनाने के लिए जिस सुदृढ़ आधार की आवश्यकता है, वह विज्ञान से ही संभव है। पुस्तक 'ग्रोइंग द ट्री ऑफ साइंस : होमी भाभा एंड द टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च' से यह जाना जा सकता है कि भारत में किस तरह वैज्ञानिक विकास में कुछ वैज्ञानिकों और संस्थाओं की बड़ी भूमिका है।

जमीनी विज्ञान के साथ ही अंतरिक्ष विज्ञान की तरफ भी बढ़ाया कदम

पंडित जवाहर लाल नेहरू के विज्ञान के प्रति खास प्रेम ने भारत को अंतरिक्ष विज्ञान में आज सशक्त बना दिया है। ऐसा कहना कदापि भी गलत नहीं होगा, स्वतंत्रता के बाद ही पंडित जवाहर नेहरू के निर्देश पर भारत ने अंतरिक्ष विज्ञान की तरफ कदम बढ़ाना शुरू कर दिया था। आजादी के संघर्ष के दौरान पश्चिमी देशों और सोवियत संघ की यात्रा के दौरान पंडित नेहरू ने विज्ञान के क्षेत्र में हो रहे कामों को ध्यान से देखा था। आजाद भारत में भी विज्ञान उनकी प्राथमिकता में था। रूस ने दुनिया का पहला उपग्रह 'स्पूतनिक' पृथ्वी की कक्षा में स्थापित किया था। इसके साथ ही अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रूस और अमेरिका सहित 50 से ज्यादा देशों ने अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में एक साल तक चलने वाली एक परियोजना के लिए गठबंधन किया था। साराभाई चाहते थे कि भारत भी इसका हिस्सा बने और उन्होंने इसके लिए सरकार को एक प्रस्ताव बनाकर भेजा। प्रधानमंत्री नेहरू साराभाई को जानते थे और होमी भाभा की वजह से उनकी प्रतिभा भी पहचानते थे। सरकार ने यह प्रस्ताव मान लिया और इस प्रयोग को देखने-समझने की जिम्मेदारी साराभाई को ही दी गई। 1962 में इंडियन नेशनल कमेटी फॉर स्पेस रिसर्च (इनकॉस्पर) बनाई गई और प्रधानमंत्री नेहरू ने इसकी कमान साराभाई को सौंपी, यही इनकॉस्पर बाद में इसरो बना। आज यही इसरो अंतरिक्ष विज्ञान में भारत का झंडा बुलंद कर रहा है।

भारतीय विज्ञान कांग्रेस का इतिहास

भारतीय विज्ञान कांग्रेस संस्था (ISCA: इंडियन साइंस कांग्रेस एशोसिएशन) की शुरुआत दो ब्रिटिश रसायनशास्त्री प्रो. जे.एल. साइमनसेन और प्रो. पी.एस. मैकमोहन की पहल से हुई थी। उनके मन में इस बारे में विचार आया कि यदि अनुसंधान कर्मियों द्वारा एक वार्षिक बैठक और विज्ञान की तरक्की के लिए प्रबंध किए जाएं तो भारत में वैज्ञानिक अनुसंधान को प्रोत्साहित किया जा सकता है। इसके बाद उन्होंने भारतीय विज्ञान कांग्रेस संस्था नामक एक संस्था का गठन किया। इस संस्था का मुख्यालय कोलकाता में स्थित है। संस्था के उद्देश्य निम्न हैं :-

- भारत में विज्ञान को उन्नत करना एवं उसे बढ़ावा देना।
- भारत में उपयुक्त स्थान पर वार्षिक सम्मेलन का आयोजन करना।
- कार्यवाहियों, जर्नल एवं कार्य विवरण इत्यादि को प्रकाशित करना।
- विज्ञान का प्रचार करना।

कांग्रेस की पहली बैठक एशियाटिक सोसाइटी, कोलकाता में 15 से 17 जनवरी तक 1914 में हुई थी, जिसके महाध्यक्ष कलकत्ता विश्वविद्यालय के तत्कालीन कुलपति न्यायमूर्ति सर आशुतोष मुखर्जी थे। भारत एवं विदेश के विभिन्न हिस्सों से आए 105 वैज्ञानिकों ने बैठक में भागीदारी की और वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, नृजाति विज्ञान, भू-विज्ञान, भौतिक विज्ञान एवं प्राणि विज्ञान जैसे विज्ञान के 6 अनुभागों के अंतर्गत 35 लेख प्रस्तुत किए गए।

प्रारंभ में मात्र 105 सदस्यों वाली भारतीय विज्ञान कांग्रेस संस्था में अब सदस्यों की संख्या बढ़कर 60,000 से ज्यादा की हो गई है। प्रस्तुति के लिए प्राप्त लेखों की संख्या 35 से बढ़कर 2000 हो गई है। वर्ष 2000 तक इसमें विज्ञान के 16 अनुभाग, 2 समितियां और 6 मंच थे। विज्ञान के 16 अनुभागों में कृषि विज्ञान, मानव विज्ञान और पुरातत्व विज्ञान, जैव रसायन, जैव भौतिकी और आण्विक जैविकी, पादप विज्ञान, रसायन विज्ञान, कम्प्यूटर विज्ञान, पृथ्वीतंत्र विज्ञान, अभियांत्रिकी, पदार्थ विज्ञान, गणितशास्त्र, आयुर्विज्ञान और पशुचिकित्सा, भौतिक विज्ञान, शरीर क्रिया विज्ञान, मनोविज्ञान और शिक्षाशास्त्र, सांख्यिकी, जैव विज्ञान, कीट विज्ञान एवं मात्स्यिकी शाखा शामिल थी। गृह विज्ञान व विज्ञान और समाज जैसी दो समितियां थीं। वहीं 6 फोरम में संचार एवं सूचना विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान, न्यायालयीय विज्ञान, विज्ञान शिक्षा, विद्यालयी छात्रों के लिए विज्ञान और महिलाएं और विज्ञान शामिल थे।

वर्तमान में भारतीय विज्ञान कांग्रेस में 14 अनुभाग हैं, जिसमें कृषि एवं वानिकी, पशु, पशुचिकित्सा एवं मात्स्यिकी, मानव विज्ञान एवं व्यवहार विज्ञान (पुरातत्व विज्ञान, मनोविज्ञान एवं शिक्षाशास्त्र सहित), रसायन विज्ञान, पृथ्वीतंत्र विज्ञान, अभियांत्रिकी, पर्यावरण विज्ञान, सूचना एवं संचार विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी (कम्प्यूटर विज्ञान सहित), पदार्थ विज्ञान, गणितशास्त्र (सांख्यिकी सहित), आयुर्विज्ञान (शरीर क्रिया-विज्ञान सहित), नव जीवविज्ञान (जैव रसायन, जैव भौतिकी, आण्विक जैविकी एवं जैव प्रौद्योगिकी सहित), भौतिक विज्ञान, पादप विज्ञान और एक समिति विज्ञान और समाज शामिल हैं।

आजादी के बाद भारतीय विज्ञान कांग्रेस

आजादी के बाद स्वतंत्र भारत भारतीय विज्ञान कांग्रेस संस्था का 34वां वार्षिक सत्र भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की अध्यक्षता में 3 से 8 जनवरी तक 1947 में दिल्ली में आयोजित किया गया था। पंडित नेहरू का विज्ञान कांग्रेस के प्रति लगाव इसकी अध्यक्षता करने के बाद भी बरकरार रहा। भारतीय विज्ञान कांग्रेस का शायद ही ऐसा कोई सत्र रहा होगा जिसमें वे अनुपस्थित रहे हों। पंडित नेहरू देश में विशेषकर युवा वर्ग में एक वैज्ञानिक वातावरण का विकास करना चाहते थे, इसलिए उन्होंने विज्ञान कांग्रेस के कार्यकलापों को अत्यधिक सम्पन्न किया। सन् 1947 के बाद विज्ञान कांग्रेस के इस कार्यक्रम में विदेशी समाजों और शैक्षणिक संस्थाओं से आमंत्रित प्रतिनिधित्व को भी सम्मिलित कर लिया गया था। सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग की सहायता से ही यह प्रवृत्ति अभी भी जारी है।

भारतीय विज्ञान कांग्रेस संस्था का स्वतंत्रता के पश्चात ब्रिटिश विज्ञान उन्नति संस्था, अमेरिकी विज्ञान उन्नति संस्था, फ्रांसीसी विज्ञान अकादमी, बांग्लादेश विज्ञान अकादमी, श्रीलंका विज्ञान उन्नति संस्था, बीजिंग विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्था जैसी विभिन्न विदेशी वैज्ञानिक अकादमियों और संस्थाओं तथा अन्य संस्थाओं से सक्रिय जुड़ाव रहा है ताकि पारस्परिक हित वाले विषयों पर उपयोगी विचार-विमर्श हो सके। अब तक भारतीय विज्ञान कांग्रेस के वार्षिक आयोजन के 107 वर्ष पूरे हो चुके हैं ऐसे में इसकी प्रमुख जयंतियों का उल्लेख करना यहां जरूरी है।

- लार्ड रथरफोर्ड की अध्यक्षता में सन् 1938 में विज्ञान कांग्रेस का रजत जयंती (सिल्वर जुबली) सत्र कोलकाता में आयोजित होना था, लेकिन अचानक उनकी मृत्यु हो जाने के कारण सर जेम्स जीन्स ने उस सत्र की अध्यक्षता की थी। भारतीय विज्ञान कांग्रेस के रजत जयंती सत्र में ही पहली बार विदेशी वैज्ञानिकों ने हिस्सा लिया था।
- अक्टूबर 1963 में दिल्ली में प्रो. डी.एस. कोठारी की अध्यक्षता में भारतीय विज्ञान कांग्रेस ने अपना स्वर्ण जयंती (गोल्डन जुबली) सत्र आयोजित किया था। इस अवसर पर 'ए शॉर्ट हिस्ट्री ऑफ दि इंडियन साइंस कांग्रेस एसोसिएशन' और 'फिफ्टी इयर्स ऑफ साइंस इन इंडिया' जैसे दो विशेष प्रकाशनों को प्रकाशित किया गया था।
- चंडीगढ़ में भारतीय विज्ञान कांग्रेस की हीरक जयंती (डायमंड जुबली) 1973 में 3 से 9 जनवरी तक मनायी गई। डॉ. एस. भगवनतम ने हीरक जयंती सत्र की अध्यक्षता की थी। इस अवसर 'ए डिकेड (1963-72) इंडियन साइंस कांग्रेस एसोसिएशन' (विथ लाइफ - स्केचेस ऑफ जनरल प्रेसिडेन्ट्स) और 'ए डिकेड (1963-72) ऑफ साइंस इन इंडिया' का प्रकाशन किया गया था।
- सन् 1988 में प्रो. सी.एन.आर. राव की अध्यक्षता में भारतीय विज्ञान कांग्रेस संस्था ने अपना 75वां वर्ष जिसे प्लेटिनम जयंती भी कहा जाता है, मनाया था। इस अवसर पर 'इंडियन साइंस कांग्रेस एसोसिएशनः ग्रोथ एंड एक्टिविटीज' नामक एक विशेष विवरणिका का प्रकाशन किया गया था, जिसमें वर्षों से संस्था में हो रहे कार्यक्रमों की विशिष्टताओं का उल्लेख था।
- पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की अध्यक्षता में 2013 में कोलकाता में भारतीय विज्ञान कांग्रेस संस्था ने अपना शताब्दी सत्र आयोजित किया था। इस अवसर पर भारत में वरिष्ठ वैज्ञानिकों को सम्मान देने और प्रोत्साहित करने के लिए आशुतोष मुखर्जी फैलोशिप (दस फेलोशिप) शुरू की गई थी। विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अभिनव नीति 2013 को जारी किया गया। शताब्दी समारोह के लिए डाक विभाग द्वारा टिकट जारी किया गया और भारतीय विज्ञान कांग्रेस राष्ट्रव्यापी उत्सव का शताब्दी सत्र नामक एक विशेष पुस्तक भी प्रकाशित की गई थी।

डॉ. एम.एस. स्वामीनाथन की संकल्पना थी 'केंद्रीय थीम'

वर्ष 1976 में भारतीय विज्ञान कांग्रेस के दौरान विचार-विमर्श के स्तर पर महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिले। उस समय यह महसूस किया जा रहा था कि व्यापक आधार वाले वैज्ञानिकों के इस सम्मेलन में वैज्ञानिक एवं प्रौद्योगिकीय प्रभाव वाले राष्ट्रीय मुद्दों को भी लिया जाए। तब भारतीय विज्ञान कांग्रेस संस्था के तत्कालीन महाध्यक्ष डॉ. एम.एस. स्वामीनाथन ने 1976 में राष्ट्रीय प्रासंगिकता की केंद्रीय थीम की संकल्पना का सूत्रपात किया जिस पर अब वार्षिक अधिवेशन के दौरान प्रत्येक विज्ञान कांग्रेस में चर्चा होती है। इसके अलावा केंद्रीय थीम के विभिन्न पहलुओं पर कई पूर्ण अधिवेशन आयोजित किए जाते हैं, जिनमें वैज्ञानिकों एवं प्रौद्योगिकीविदों के साथ-साथ नीति-निर्माता और प्रशासक परस्पर विचार-विमर्श करते हैं। इस तरह से संस्था ऐसा मंच बनी, जहाँ विभिन्न शाखाओं एवं जीवन के विभिन्न क्षेत्रों के लोग केंद्रीय थीम पर चर्चा में हिस्सा लेते हैं।

अन्य महत्वपूर्ण तथ्य

- इस वार्षिक कार्यक्रम में श्रेष्ठ शोध को बढ़ावा देने के लिये भारतीय विज्ञान कांग्रेस के 86वें सत्र से प्रत्येक अनुभाग में सर्वश्रेष्ठ शोध-पत्र प्रस्तुत करने वाले को सम्मानित किये जाने का निर्णय लिया गया था। इसमें प्रमाण पत्र के साथ एक हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाता था।
- विज्ञान कांग्रेस के 94वें सत्र से पुरस्कार राशि को बढ़ाया गया और यह राशि 5,000 रुपये की गई।
- 2013-14 के सर्वश्रेष्ठ पोस्टर प्रस्तुति पुरस्कार को एक अलग कार्यक्रम में बदला गया।
- 1981 में भारतीय विज्ञान कांग्रेस के 68वें सत्र से युवा वैज्ञानिकों के लिए 'यंग साइंटिस्ट्स अवॉर्ड' कार्यक्रम पेश किया गया।
- यंग साइंटिस्ट्स कार्यक्रम युवा वैज्ञानिकों को अपने समकक्षों और विशेषज्ञों के साथ प्रासंगिक वैज्ञानिक समस्याओं में विचारों के आदान-प्रदान के अवसरों के साथ अपने शोध कार्य को प्रस्तुत करने में सक्षम बनाता है।
- भारतीय विज्ञान कांग्रेस संस्था द्वारा यंग साइंटिस्ट अवार्ड्स सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुतियां देने वाले युवा उम्मीदवारों को दिया जाता है। वर्तमान में इस तरह के चौदह पुरस्कार दिए जाते हैं।
- विज्ञान कांग्रेस के 93वें सत्र से यंग साइंटिस्ट्स अवॉर्ड की पुरस्कार राशि को 5,000 रुपये से बढ़ाया गया, अब इस पुरस्कार के तहत 25,000 रुपये और प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है।
- 107वें भारतीय विज्ञान कांग्रेस की थीम - 'विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी : ग्रामीण विकास' थी।
- विशेषज्ञों द्वारा समीक्षा किए गए विज्ञान और इंजीनियरिंग प्रकाशन की संख्या के आधार पर भारत का है दुनिया में तीसरा स्थान।

- रश्मि रंजन
(लेखिका, वाटर एड में कार्यक्रम अधिकारी हैं एवं समसामयिक मुद्दों पर लेखन करती हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये

सामान्य गणित

(1) 32 सदस्यों का औसत भार 40.5 कि.ग्रा. है। यदि रमेश का भार भी मिला लिया जाये तो औसत भार में 500 ग्राम की वृद्धि होती है। रमेश का भार ज्ञात करें।
(a) 57 कि.ग्रा. (b) 60 कि.ग्रा.
(c) 58 कि.ग्रा. (d) 65 कि.ग्रा.
उत्तर - (a) 57 कि.ग्रा.
व्याख्या - 32 सदस्यों का कुल भार = (40.5 x 32) कि.ग्रा. = 1296 कि.ग्रा.
32 सदस्यों तथा रमेश का औसत भार = (41 x 33) कि.ग्रा. = 1353 कि.ग्रा.
रमेश का भार = 1353 -1296 = 57 कि.ग्रा.

(2) एक परिवार के 6 लोगों की औसत आयु 27 वर्ष है। यदि सबसे छोटे सदस्य की आयु 7 वर्ष हो, तो परिवार के अन्य सदस्यों की औसत आयु, सबसे छोटे सदस्य के जन्म पर क्या रही होगी।
(a) 15 वर्ष (b) 30 वर्ष
(c) 24 वर्ष
(d) इनमें से कोई नहीं
उत्तर - (c) 24 वर्ष
व्याख्या - 6 सदस्यों की कुल आयु का योग = (27 x 6) वर्ष = 162
7 वर्ष पहले सभी सदस्यों की कुल आयु = [162 - (6 x 7)] = 120 वर्ष
उस समय परिवार के सबसे छोटे सदस्य का जन्म नहीं हुआ था।
अतः परिवार में 5 सदस्य थे।
इनकी आयु का योग 120 वर्ष था। अतः उस समय परिवार की औसत आयु = $\frac{120}{5}$ = 24 वर्ष।

(3) एक खिलाड़ी ने 16 पारियों में कुछ रन बनाये।17वीं पारी में उसने 87 रन बनाये तथा इससे उसकी औसत रन संख्या में 3 रनों की वृद्धि हो गई। 17वीं पारी के बाद खिलाड़ी की औसत रन संख्या कितनी होगी -
(a) 39 (b) 45
(c) 40
(d) ज्ञात नहीं की जा सकती
उत्तर - (a) 39
व्याख्या - माना 17 पारियों की औसत रन संख्या x है, तब 16 पारियों की औसत रन संख्या = $(x - 3)$
17वीं पारी में लिए रन = $[17x - 16(x - 3)] = (x + 48)$
अतः $x + 48 = 87$ तथा $x = (87 - 48) = 39$, इसलिए 17 पारियों की औसत रन संख्या 39 होगी।

(4) प्रथम 50 प्राकृत संख्याओं का औसत क्या होगा -
(a) 12.25 (b) 21.25
(c) 25 (d) 25.5
उत्तर - (d) 25.5
व्याख्या - पहली n प्राकृत संख्याओं का योग = $\frac{n(n+1)}{2}$
पहली 50 प्राकृत संख्याओं का योग = $\frac{(50\times51)}{2}=1275$
औसत = $\frac{1275}{50}=25.5$

(5) 8 वर्ष पहले सुनील की आयु अपने पुत्र की आयु का चार गुना थी। आठ वर्ष बाद सुनील की आयु अपने पुत्र की आयु से दोगुनी होगी उनकी वर्तमान आयु ज्ञात करें -
(a) 15 वर्ष एवं 60 वर्ष
(b) 14 वर्ष एवं 56 वर्ष
(c) 20 वर्ष एवं 30 वर्ष
(d) 16 वर्ष एवं 40 वर्ष
उत्तर - (d) 16 वर्ष एवं 40 वर्ष
व्याख्या - माना पुत्र की वर्तमान आयु x है।
तो 8 वर्ष पहले पुत्र की आयु = $(x - 8)$ वर्ष
8 वर्ष पूर्व सुनील की आयु = $4(x - 8) = 4x - 32$ वर्ष
अब सुनील की आयु = $(4x - 32 + 8) = (4x - 24)$ वर्ष
8 वर्ष बाद सुनील की आयु = $(4x - 24 + 8)$ वर्ष = $(4x - 16)$
तथा पुत्र की आयु = $(x + 8)$
अतः $4x - 16 = 2(x + 8)$
$2x = 32, x = 16$
पुत्र की वर्तमान आयु = 16 वर्ष
सुनील की वर्तमान आयु = (4 x 16 - 24) = 40 वर्ष

(6) एक पिता की आयु पुत्र की आयु के तीन गुने से 3 वर्ष अधिक है। यदि 3 वर्ष बाद पिता की आयु पुत्र की आयु के दोगुने से 10 वर्ष अधिक हो, तो पुत्र की वर्तमान आयु ज्ञात कीजिये -
(a) 10 वर्ष (b) 15 वर्ष
(c) 11 वर्ष (d) 12 वर्ष
उत्तर - (a) 10 वर्ष
व्याख्या - माना कि पुत्र की वर्तमान आयु x है तथा पिता की वर्तमान आयु $(3x + 3)$, 3 वर्ष बाद पुत्र की आयु = $(3x + 3 + 3) = (3x + 6)$
अतः $(3x + 6) = 2(x + 3) + 10 \Rightarrow x$
$x = 10$ वर्ष

(7) रहीम तथा मीना की वर्तमान आयु का अनुपात 5:7 है। 5 वर्ष बाद इनकी आयु का अनुपात 3:4 होगा। मीना की वर्तमान आयु कितनी होगी -
(a) 24 वर्ष (b) 35 वर्ष
(c) 40 वर्ष
(d) ज्ञात नहीं की जा सकती
उत्तर - (b) 35 वर्ष
व्याख्या - माना रहीम की वर्तमान आयु $5x$ वर्ष तथा मीना की वर्तमान आयु = $7x$ वर्ष है।
$\frac{5x+5}{7x+5}=\frac{3}{4}$
$\Rightarrow 20x + 20 = 21x + 15$
$\Rightarrow x = 5$
अब मीना की वर्तमान आयु = 7 x 5 = 35 वर्ष

(8) 6 वर्ष पूर्व कुनाल तथा रोहित की आयु का अनुपात 6:5 था। चार वर्ष बाद इनकी आयु का अनुपात 11:10 होगा। रोहित की वर्तमान आयु कितनी है -
(a) 16 वर्ष (b) 18 वर्ष
(c) 20 वर्ष
(d) इनमें से कोई नहीं
उत्तर - (a) 16 वर्ष
व्याख्या - माना 6 वर्ष पूर्व कुनाल की आयु = $6x$ वर्ष
तथा रोहित की आयु = $5x$ वर्ष थी।
इनकी वर्तमान आयु क्रमशः $(6x + 6)$ तथा $(5x + 6)$ वर्ष है।
चार वर्ष बाद इनकी आयु क्रमशः $(6x + 10)$ तथा $(5x + 10)$ होगी।
अतः $\frac{6x+10}{5x+10}=\frac{11}{10}$
$\Rightarrow 60x + 100 = 55x + 110$
$\Rightarrow 5x = 10, x = 2$
रोहित की वर्तमान आयु = (5 x 2 + 6) = 16 वर्ष

निर्देश - (प्र. 9-10) एक कस्बे की जनसंख्या 176400 है। यदि इसमें 5% वार्षिक दर से वृद्धि हो, तो -

(9) 2 वर्ष बाद इस कस्बे की जनसंख्या क्या होगी -
(a) 15485 (b) 16496
(c) 194481
(d) इनमें से कोई नहीं
उत्तर - (c) 194481
व्याख्या - 2 वर्ष बाद कस्बे की जनसंख्या
$\left[176400\times\left(1+\frac{5}{100}\right)^2\right]$
$=\left(176400\times\frac{21}{20}\times\frac{21}{20}\right)$
= 194481

(10) 2 वर्ष पूर्व कस्बे की जनसंख्या कितनी होगी -
(a) 160000 (b) 150000
(c) 165000
(d) इनमें से कोई नहीं
उत्तर - (a) 160000
व्याख्या - 2 वर्ष पूर्व कस्बे की जनसंख्या
$=\frac{176400}{(1+\frac{5}{100})^2}$
$=176400\times\frac{20}{21}\times\frac{20}{21}$
= 160000

(11) नमक के 6 लीटर घोल में 5% नमक है। वाष्प द्वारा इस घोल में से 1 लीटर पानी निकालने पर शेष बचे घोल में कितने प्रतिशत नमक होगा -
(a) 5% (b) 3%
(c) 7% (d) 6%
उत्तर - (d) 6%
व्याख्या - 6 लीटर घोल में नमक की मात्रा = 6 लीटर का 5%
$=\left(6\times\frac{5}{100}\right)=\frac{3}{10}$ लीटर
1 लीटर पानी वाष्प द्वारा उड़ जाने पर घोल की मात्रा = 5 लीटर
इसमें नमक = $\frac{3}{10}$ लीटर
अतः घोल में नमक का % = $\frac{3}{10}\times\frac{1}{5}\times100=6\%$

(12) यदि शक्कर के मूल्य में 20% की वृद्धि हो जाये, तो गृहिणी को इसकी खपत कितनी प्रतिशत कम कर देनी चाहिए, जिससे खर्च न बढ़े -
(a) $16\frac{2}{3}\%$ (b) $15\frac{2}{3}\%$
(c) 16%
(d) इनमें से कोई नहीं
उत्तर - (a) $16\frac{2}{3}\%$
व्याख्या - खपत में कमी %
$=\left[\frac{R}{100+R}\times100\right]\%$
$=\frac{20}{120}\times100=16\frac{2}{3}\%$

(13) यदि व्यक्ति किसी वस्तु को 20% लाभ पर बेचता है। यदि वह इसे 20% कम दाम में खरीदता तथा 5 रुपये कम में बेचता है, तो उसे 25% लाभ होता। तो वस्तु का क्रय मूल्य ज्ञात करें -
(a) 30 रुपये (b) 20 रुपये
(c) 40 रुपये (d) 25 रुपये
उत्तर - (d) 25 रुपये
व्याख्या - माना वस्तु का क्रय मूल्य = x है, तो पहला विक्रय मूल्य
$=(x\times\frac{120}{100})=\frac{6x}{5}$ रुपये
तथा क्रय मूल्य = (x का 80%)
$=x\times\frac{80}{100}=\frac{4x}{5}$
तथा विक्रय मूल्य = $\frac{4x}{5}$ का
$125\%=\frac{4x}{5}\times\frac{125}{100}=x$ रुपये
अतः $\frac{6x}{5}-x=5\Rightarrow\frac{x}{5}=5, x=25$
अतः वस्तु का क्रय मूल्य = 25 रुपये होगा।

(14) एक शर्ट का अंकित मूल्य 150 रुपये है। दो क्रमागत बट्टे देने के बाद उसका मूल्य 105 रुपये हो जाता है। यदि दूसरा बट्टा 12.5% हो, तो पहला बट्टा कितना होगा -
(a) 20% (b) 25%
(c) 21%
(d) इनमें से कोई नहीं
उत्तर - (a) 20%
व्याख्या - माना पहला बट्टा x % है।
अब 150 रुपये का $(100 - x)$% का 87.5% = 105
$\Rightarrow 150\times\frac{100-x}{100}\times\frac{87.5}{100}=105$
$\Rightarrow (100-x)=\left(\frac{105\times200}{262.5}\right)=80$
$\Rightarrow x = 20\%$
अतः पहला बट्टा 20% होगा।

(15) एक प्लाट को 37400 रुपये में बेचने से विनोद को 15% हानि होती है। वह इसे कितने रुपये में बेचे कि उसे 15% लाभ हो-
(a) 42000 रु. (b) 45000 रु.
(c) 50600 रु. (d) 51600 रु.
उत्तर - (c) 50600 रु.
व्याख्या - माना प्लाट का क्रय मूल्य = x है, तब x का 85% = 37400
$\therefore\left(x\times\frac{85}{100}\right)=37400$
$\Rightarrow x=(37400\times\frac{100}{85})$
= 44000 रुपये तथा विक्रय मूल्य = 44000 रुपये का 115%
$=\left(44000\times\frac{115}{100}\right)$ रुपये
= 50600 रुपये

(16) A ने कोई वस्तु 400 रुपये में खरीदकर B को 20% लाभ पर बेच दी। B ने इसे C को 10% लाभ पर बेच दिया। C ने इसे कितने में खरीदा होगा -
(a) 472 रुपये (b) 476 रुपये
(c) 528 रुपये (d) 532 रुपये
उत्तर - (c) 528 रुपये
व्याख्या - A का विक्रय मूल्य = 400 रुपये का 120%
$=(400\times\frac{120}{100})=480$ रुपये
B का विक्रय मूल्य = 480 रुपये
का $110\%=480\times\frac{110}{100}=528$
अतः C ने वस्तु को 528 रुपये में खरीदा होगा।

(17) यदि किसी वस्तु के क्रय मूल्य तथा विक्रय मूल्य में 4:5 का अनुपात हो, तो लाभ कितने प्रतिशत होगा -
(a) 10% (b) 20%
(c) 25% (d) 30%
उत्तर - (c) 25%
व्याख्या - माना क्रय मूल्य = $4x$ तथा विक्रय मूल्य = $5x$
अतः लाभ % = $\frac{x}{4x}\times100=25\%$

(18) एक व्यक्ति किसी वस्तु को 5% लाभ पर बेचता है। यदि वह इसे 5% कम पर खरीदता तथा 1 रुपये कम में बेचता हो, तो उसे 10% लाभ होता। उस वस्तु का क्रय मूल्य ज्ञात करें -
(a) 150 रु. (b) 200 रु.
(c) 240 रु. (d) 250 रु.
उत्तर - (b) 200 रु.
व्याख्या - माना क्रय मूल्य = x रु.
5% लाभ पर विक्रय मूल्य = (x का 105%)
$=(x\times\frac{105}{100})=\frac{21x}{20}$ रु.
नया क्रय मूल्य = x का 95%
$=\frac{95x}{100}=\frac{19x}{20}$ रु.
नया विक्रय मूल्य = ($\frac{19x}{20}$ का 110%)
$\Rightarrow\frac{19x}{20}\times\frac{110}{100}=\frac{209x}{200}$ रु.
$\frac{21x}{20}-\frac{209x}{200}=1$
$(210 - 209)x = 200$
$x = 200$, अतः वस्तु का क्रय मूल्य = 200 रुपये।

(19) यदि a : b = 8 : 15, b : c = 5 : 8 तथा c : d = 4 : 5 हो, तो a : d ज्ञात कीजिये -
(a) 4 : 15 (b) 5 : 3
(c) 5 : 7
(d) इनमें से कोई नहीं
उत्तर - (a) 4 : 15
व्याख्या - $\frac{a}{d}=\left(\frac{a}{b}\times\frac{b}{c}\times\frac{c}{d}\right)$
$=\left(\frac{8}{15}\times\frac{5}{8}\times\frac{4}{5}\right)=\frac{4}{15}$
अतः a : d = 4 : 15

(20) यदि a : b = 5 : 7 हो, तो (3a + 5b) : (5a - 2b) ज्ञात कीजिये -
(a) 40 : 51 (b) 50 : 11
(c) 50 : 19
(d) इनमें से कोई नहीं
उत्तर - (b) 50 : 11
व्याख्या - दिया गया है $\frac{a}{b}=\frac{5}{7}$
$\therefore\frac{(3a+5b)}{(5a-2b)}=\frac{3\left(\frac{a}{b}\right)+5}{5\left(\frac{a}{b}\right)-2}$
$=\frac{3\times\frac{5}{7}+5}{5\times\frac{5}{7}-2}=\frac{\left(\frac{15}{7}+5\right)}{\left(\frac{25}{7}-2\right)}$
$=\left(\frac{50}{7}\times\frac{7}{11}\right)=\frac{50}{11}$

(21) A अकेला किसी कार्य को 15 घण्टे में कर सकता है तथा B अकेला इसी कार्य को 12 घण्टे में कर सकता है। तो A और B दोनों इस कार्य को करने में कितना समय लेंगे -
(a) $\frac{20}{3}$ घण्टे (b) $\frac{21}{3}$ घण्टे
(c) $\frac{23}{4}$ घण्टे
(d) इनमें से कोई नहीं
उत्तर - (a) $\frac{20}{3}$ घण्टे
व्याख्या - A का 1 घण्टे का कार्य = $\frac{1}{15}$
B का 1 घण्टे का कार्य = $\frac{1}{12}$
(A+B) का एक घण्टे का कार्य
$=\left(\frac{1}{15}+\frac{1}{12}\right)=\frac{9}{60}=\frac{3}{20}$
अतः A और B दोनों मिलकर कार्य को $\frac{20}{3}$ घण्टे में पूरा करेंगे।

- साहिल शर्मा
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लेखन करते हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

मध्यप्रदेश सामान्य ज्ञान

1. मध्यप्रदेश में इकबाल सम्मान किस क्षेत्र में दिया जाता है?
(अ) उर्दू रचनात्मक लेखन
(ब) वीरता
(स) साम्प्रदायिक सद्भाव
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर- (अ) उर्दू रचनात्मक लेखन

2. भारत का भौगोलिक केन्द्र बिन्दु मध्यप्रदेश के किस शहर में स्थापित है?
(अ) जबलपुर
(ब) होशंगाबाद
(स) कटनी
(द) खंडवा
उत्तर- (स) कटनी
व्याख्या- यह बिंदु कटनी जिले के करोंडी गांव में स्थित है। स्वतंत्रता से पूर्व नागपुर अविभाजित भारत का केन्द्र बिन्दु था।

3. कर्क रेखा मध्यप्रदेश के बीच से गुजरती है। यह किस नदी के समानान्तर चलती है?
(अ) नर्मदा
(ब) ताप्ती
(स) बेतवा
(द) बैनगंगा
उत्तर- (अ) नर्मदा
व्याख्या - कर्क रेखा प्रदेश के 14 जिलों में से होकर निकलती है। यह जिले हैं - रतलाम, उज्जैन, आगर-मालवा, राजगढ़, सीहोर, भोपाल, विदिशा, रायसेन, सागर, दमोह, जबलपुर, कटनी, उमरिया और शहडोल। भारत में कर्क रेखा 8 राज्यों से निकलती है।

4. दिव्यांग खेल केंद्र की स्थापना मध्यप्रदेश के किस शहर में की जायेगी?
(अ) भोपाल
(ब) ग्वालियर
(स) जबलपुर
(द) इंदौर
उत्तर- (ब) ग्वालियर
व्याख्या - 170.99 करोड़ रुपये की लागत से इस केंद्र की स्थापना की जायेगी तथा इस केंद्र को सोसायटी पंजीकरण अधिनियम 1860 के तहत पंजीकृत भी किया जायेगा।

5. राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास संस्थान मध्यप्रदेश के किस नगर में स्थापित किया जायेगा?
(अ) भोपाल
(ब) सीहोर
(स) भिंड
(द) सागर
उत्तर- (ब) सीहोर
व्याख्या- सीहोर में बनने वाला संस्थान देश में मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास क्षेत्र का अपने प्रकार का पहला संस्थान होगा।

6. प्रदेश का सबसे छोटा जिला कौन-सा है?
(अ) टीकमगढ़
(ब) सीहोर
(स) निवाड़ी
(द) दमोह
उत्तर- (स) निवाड़ी
व्याख्या- अक्टूबर 2018 को अस्तित्व में आया, यह प्रदेश का 52वां जिला है। निवाड़ी जिले में ओरछा, मोहनगढ़ और पृथ्वीपुर तहसीलें सम्मिलित हैं। इस जिले की लंबाई 1317.45 वर्ग किमी है, जो कि सभी जिलों में सबसे कम है।

7. माखनलाल चतुर्वेदी मध्यप्रदेश के हिन्दी के प्रसिद्ध कवि रहे हैं। उनकी स्मृति में माखनलाल चतुर्वेदी समारोह किस जिले में मनाया जाता है?
(अ) भोपाल
(ब) होशंगाबाद
(स) बाबई
(द) जबलपुर
उत्तर- (द) जबलपुर

8. सुभाष जोशी अवॉर्ड मध्यप्रदेश में किस विधा के लिये प्रदान किया जाता है?
(अ) खेल
(ब) कविता
(स) साहित्य
(द) फिल्म निर्माण
उत्तर- (अ) खेल
व्याख्या- खेलों के लिये यह अवॉर्ड मलखम्ब के क्षेत्र में दिया जाता है। मलखम्ब मध्यप्रदेश का प्रादेशिक खेल है।

9. प्रसिद्ध कलाकार रघुनाथ कृष्ण फड़के की स्मृति में फड़के स्टूडियो मध्यप्रदेश के किस जिले में बनाया गया है?
(अ) ग्वालियर
(ब) धार
(स) इंदौर
(द) देवास
उत्तर- (ब) धार

10. 'काठी' नृत्य प्रदेश के किस क्षेत्र का है?
(अ) भोपाल
(ब) मालवा
(स) विंध्य क्षेत्र
(द) बुंदेलखंड
उत्तर- (ब) मालवा

11. मध्यप्रदेश के किस जिले में मृदा अपरदन की समस्या सर्वाधिक है?
(अ) जबलपुर
(ब) मुरैना
(स) ग्वालियर
(द) धार
उत्तर- (ब) मुरैना

12. मध्यप्रदेश की विधानसभा में कितने सदस्य होते हैं?
(अ) 200
(ब) 230
(स) 235
(द) 240
उत्तर- (ब) 230
व्याख्या- इसमें एक मनोनीत सदस्य भी सम्मिलित है।

13. मध्यप्रदेश के एम्पोरियम का क्या नाम है?
(अ) मृगनयनी
(ब) निहारिका
(स) वसुधा
(द) अपराजिता
उत्तर- (अ) मृगनयनी

14. मध्यप्रदेश की गंगा किस नदी को कहा जाता है?
(अ) बेतवा
(ब) बैनगंगा
(स) नर्मदा
(द) ताप्ती
उत्तर- (अ) बेतवा

15. मध्यप्रदेश के किस जिले को 'कश्मीर-ए-मालवा' के नाम से जाना जाता है?
(अ) उज्जैन
(ब) देवास
(स) नरसिंहगढ़
(द) छिंदवाड़ा
उत्तर- (स) नरसिंहगढ़

16. मध्यप्रदेश में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान किस शहर में है?
(अ) ग्वालियर
(ब) इंदौर
(स) भोपाल
(द) जबलपुर
उत्तर- (ब) इंदौर

17. ध्रुपद समारोह का आयोजन किस शहर में होता है?
(अ) ग्वालियर
(ब) इंदौर
(स) भोपाल
(द) ओरछा
उत्तर- (स) भोपाल

18. प्रसिद्ध बौद्ध पर्यटक स्थल सांची किस जिले में स्थित है?
(अ) भोपाल
(ब) रायसेन
(स) विदिशा
(द) सांची
उत्तर- (ब) रायसेन

19. मध्यप्रदेश का सोमनाथ किस स्थान को कहा जाता है?
(अ) ओंकारेश्वर
(ब) उज्जैन
(स) मंदसौर
(द) भोजपुर
उत्तर- (द) भोजपुर

20. मध्यप्रदेश की दक्षिणी सीमा कौन-सी नदी बनाती है?
(अ) गोदावरी
(ब) नर्मदा
(स) बैनगंगा
(द) यमुना
उत्तर- (अ) गोदावरी
व्याख्या- प्रदेश की उत्तरी सीमा चंबल नदी बनाती है।

21. प्रदेश का कौन-सा शहर मंदिरों के लिये प्रसिद्ध है?
(अ) उज्जैन
(ब) खजुराहो
(स) इंदौर
(द) मांडू
उत्तर- (ब) खजुराहो

22. रूडयार्ड किपलिंग का उपन्यास 'जंगलबुक' कौन-से राष्ट्रीय उद्यान से प्रेरित है?
(अ) बांधवगढ़ नेशनल पार्क
(ब) कान्हा नेशनल पार्क
(स) पन्ना टाइगर रिजर्व
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर- (ब) कान्हा नेशनल पार्क
व्याख्या- यह मध्यप्रदेश का सबसे बड़ा राष्ट्रीय उद्यान है। यह भारत का प्रथम बाघ आरक्षित क्षेत्र भी है, जिसका शुभंकर 30 मार्च 2017 को जारी किया गया था। कान्हा बाघ आरक्षित क्षेत्र में आगंतुकों विशेषकर युवा पीढ़ी को आर्कषित करने के लिये 'भूरसिंह' नामक शुभंकर जारी किया गया है।

23. खजुराहो के मंदिरों का निर्माण किस वंश के शासकों ने करवाया था?
(अ) गुप्त वंश
(ब) चंदेल वंश
(स) मौर्य वंश
(द) शुंग वंश
उत्तर- (ब) चंदेल वंश

24. किस राज्य के साथ मध्यप्रदेश की सबसे लंबी सीमा है?
(अ) गुजरात
(ब) राजस्थान
(स) महाराष्ट्र
(द) उत्तरप्रदेश
उत्तर- (द) उत्तरप्रदेश
व्याख्या- सबसे कम या छोटी सीमा गुजरात राज्य के साथ है।

25. क्षेत्रफल की दृष्टि से मध्यप्रदेश का सबसे बड़ा जिला कौन-सा है?
(अ) भोपाल
(ब) छिंदवाड़ा
(स) खंडवा
(द) इंदौर
उत्तर- (ब) छिंदवाड़ा
व्याख्या- क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे छोटा जिला दतिया है।

26. मध्यप्रदेश का चेरापूंजी कौन-से स्थान को कहा जाता है?
(अ) छिंदवाड़ा
(ब) पचमढ़ी
(स) जबलपुर
(द) महेश्वर
उत्तर- (ब) पचमढ़ी

27. मध्यप्रदेश का पहला रत्न परिष्कृत केंद्र कहां पर स्थापित किया गया है?
(अ) जबलपुर
(ब) इंदौर
(स) ग्वालियर
(द) भोपाल
उत्तर- (अ) जबलपुर

28. किस्टल आई.टी. पार्क प्रदेश के किस शहर में बनाया गया है?
(अ) जबलपुर
(ब) इंदौर
(स) ग्वालियर
(द) भोपाल
उत्तर- (ब) इंदौर

29. मध्यप्रदेश में सर्वाधिक वन किसके पाये जाते हैं?
(अ) बबूल
(ब) सागौन
(स) पीपल
(द) शीशम
उत्तर- (ब) सागौन

30. मध्यप्रदेश के किस जिले/जिलों में सागौन के वन पाये जाते हैं?
(अ) होशंगाबाद
(ब) जबलपुर
(स) छिंदवाड़ा
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर- (द) उपरोक्त सभी

31. भारतीय वन प्रबंधन संस्थान मध्यप्रदेश के किस शहर में है?
(अ) भोपाल
(ब) इंदौर
(स) जबलपुर
(द) ग्वालियर
उत्तर- (अ) भोपाल

32. मध्यप्रदेश के किन जिलों/जिले की 50 प्रतिशत से भी अधिक भूमि वनों के अंतर्गत आती है?
(अ) खंडवा
(ब) बैतूल
(स) होशंगाबाद
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर- (द) उपरोक्त सभी

33. 'जलियांवाला बाग' के नाम से मध्यप्रदेश के कौन-से स्थान को जाना जाता है?
(अ) महू छावनी
(ब) नीमच छावनी
(स) चरणपादुका ग्राम
(द) जबलपुर
उत्तर- (स) चरणपादुका ग्राम

34. डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय मध्यप्रदेश के किस शहर में स्थित है?
(अ) सागर
(ब) जबलपुर
(स) ग्वालियर
(द) भोपाल
उत्तर- (अ) सागर

35. हेलियोडोरस का स्तम्भ, जिसे खंबा बाबा के नाम से भी जाना जाता है, किस जिले में स्थित है?
(अ) विदिशा
(ब) सीहोर
(स) रायसेन
(द) निवाड़ी
उत्तर- (अ) विदिशा

36. विश्व का पहला व्हाइट टाइगर सफारी पार्क मध्यप्रदेश के कौन-से जिले में खोला गया है?
(अ) सतना
(ब) शहडोल
(स) रीवा
(द) सीधी
उत्तर- (अ) सतना
व्याख्या- सतना जिले के मुकुंदपुर में यह खोला गया है। यह सफारी मुकुंदपुर प्राणी उद्यान के समीप ही है।

37. मध्यप्रदेश के प्रसिद्ध कवि प्रदीप का मूल नाम है?
(अ) प्रदीप
(ब) रामचंद्र द्विवेदी
(स) समीर
(द) भवानी
उत्तर- (ब) रामचंद्र द्विवेदी

38. दिल्ली में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले मध्यप्रदेश उत्सव का प्रारम्भ कब हुआ था?
(अ) 1956
(ब) 1980
(स) 1981
(द) 1999
उत्तर- (स) 1981

- डॉ. माया राठी
(लेखिका, शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या महाविद्यालय, भोपाल में अर्थशास्त्र की प्राध्यापक हैं।)

खुश वो नहीं, जिसके पास हर चीज सबसे बेहतर है, खुश वो है जो अपने पास की हर चीज को बेहतर मानता है – डेनियल ऑर्नर

बैंकिंग क्षेत्र की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

संख्यात्मक अभियोग्यता

1. विवाह के समय एक महिला तथा उसके पति की औसत आयु 22 वर्ष थी। 03 वर्ष बाद उनके पास 1 वर्ष का बच्चा है। अब पूरे परिवार की औसत आयु कितनी है -
(A) 17 वर्ष
(B) 17.5 वर्ष
(C) 18 वर्ष
(D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (A)
हल- दोनों की आयु का योग (विवाह के समय) 22 x 2 = 44 वर्ष
03 वर्ष बाद दोनों की आयु का योग = 44 + 06 = 50 वर्ष
एवं पूरे परिवार की आयु का योग = 50 + 1 = 51 वर्ष
तथा औसत $\frac{51}{3}$ = 17 वर्ष

2. एक परीक्षा में एक विद्यार्थी को सफल होने के लिए 45% अंक प्राप्त करने होते हैं। वह केवल 50 अंक प्राप्त करता है तथा 04 अंक से अनुत्तीर्ण हो जाता है। बताइए अधिकतम अंक क्या हैं -
(A) 120
(B) 122
(C) 124
(D) 130
उत्तर- (A)
हल- माना कि अधिकतम अंक = x हैं
तब x का 45% = 50 + 4
$\frac{45x}{100}=54$
$x=\frac{54\times100}{45}$
$x=$ 120

3. यदि घी का भाव 60% बढ़ जाए तो किसी परिवार को घी का उपभोग कितने प्रतिशत कम कर देना चाहिए ताकि उस पर घी का खर्च बिल्कुल न बढ़े -
(A) 37.5%
(B) 40%
(C) 50%
(D) 60%
उत्तर- (A)
हल- घी की जो मात्रा पहले 100 Rs. में मिलती थी वह अब 160 Rs. में मिलेगी।
∴ 160 Rs. पर कमी करनी चाहिए 60 Rs. की
∴ 100 Rs. पर कमी करनी चाहिए
$\frac{100\times60}{160}=$ 37.5%

4. अशोक अपने धन का 20% अपने बड़े पुत्र को देता है तथा शेष धन का 30% अपनी छोटी पुत्री को देता है। इसके बाद बचे हुए धन का 10% एक अनाथालय को दान में देता है। यदि अंत में उसके पास 5040 रु. बच रहे हैं तो उसके पास कितना धन था -
(A) 10,000 Rs.
(B) 10,100 Rs.
(C) 10,500 Rs.
(D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (A)
हल- माना कि अशोक के पास कुल 100 Rs. थे।
बड़े लड़के को दिया गया धन
$=\frac{100\times20}{100}=20$ Rs.
शेष धन = 100 - 20 = 80 Rs.
छोटी पुत्री को दिया गया धन
$\frac{80\times30}{100}=24$ Rs.
इसके उपरांत शेष बचा धन 80 - 24 = 56 Rs.
अनाथालय को दिया गया दान
$=\frac{56\times10}{100}=5.60$ Rs.
अब अंत में बचा धन 56 - 5.60 = 50.40 Rs.
यदि ∴ 50.40 रु. में अंत में बचा हुआ धन है तो कुल धन = 100 Rs.
∴ 5040 Rs. अंत में बचा हुआ धन है कुल धन होगा
$=\frac{5040\times100}{50.40}=$ 10,000 Rs.

5. यदि दो संख्याएं किसी तीसरी संख्या से क्रमशः 40% तथा 50% अधिक हैं तो पहली संख्या दूसरी संख्या की कितनी प्रतिशत है -
(A) 93.33%
(B) 90.2%
(C) 89%
(D) 88%
उत्तर- (A)
हल- माना कि तीसरी संख्या 100 है
अब प्रश्नानुसार पहली संख्या
$100+\frac{100\times40}{100}=140$
तथा दूसरी संख्या $100+\frac{100\times50}{100}=150$
∴ पहली संख्या का % दूसरी संख्या के आधार पर
$=\frac{140\times100}{150}=$ 93.33%

6. किसी पुस्तकालय में 20% पुस्तकें संस्कृत भाषा में हैं तथा शेष की 50% पुस्तकें हिन्दी भाषा में हैं। यदि शेष 1600 पुस्तकें अन्य क्षेत्रीय भाषा में हैं तो पुस्तकालय में कुल कितनी पुस्तकें हैं -
(A) 4000
(B) 4040
(C) 4720
(D) 4800
उत्तर- (A)
हल- माना कि पुस्तकालय में 100 पुस्तकें है
∴ संस्कृत भाषा में पुस्तकों की संख्या = 20 होगी
तथा हिन्दी भाषा में पुस्तकों की संख्या 100 - 20 = 80 का 50% = 40 होगी।
∴ अन्य क्षेत्रीय भाषा में पुस्तकों की संख्या = 100 - (20 + 40) = 40 हैं
∴ जब 40 पुस्तकें अन्य क्षेत्रीय भाषा में हैं कुल पुस्तकें हैं 100
∴ जब 1600 पुस्तकें अन्य क्षेत्रीय भाषा में हैं कुल पुस्तकें होंगी
$=\frac{1600\times100}{40}=$ 4000 पुस्तकें

7. लुप्त संख्या ज्ञात कीजिए -

$$5\ \underset{4}{\overset{2}{(54)}}\ 3\ 2\ \underset{3}{\overset{4}{(65)}}\ 6\ 5\ \underset{2}{\overset{4}{(?)}}\ 7$$

(A) 94
(B) 100
(C) 101
(D) 105
उत्तर- (A)
हल- जिस प्रकार
$(5^2+4^2+3^2+2^2)=54$
$(2^2+3^2+6^2+4^2)=65$
इसी प्रकार $(5^2+2^2+7^2+4^2)=$ 94

8. जून 2019 के द्वितीय सप्ताह में इंदौर शहर का सोमवार से बुधवार के तापमान का औसत 36°C था। इस गणना में गुरूवार के तापमान को भी शामिल करने पर औसत तापमान 1°C बढ़ जाता है। गुरूवार का तापमान क्या था -
(A) 38°C
(B) 39°C
(C) 41°C
(D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (D)
हल- सोमवार से बुधवार (तीन दिनों का) तक का कुल तापमान 36 x 3 = 108°C
प्रश्न के अनुसार गुरूवार के तापमान को शामिल करने पर औसत तापमान 1°C बढ़ जाता है अर्थात् 36 + 1 = 37°C
अतः सोमवार से गुरूवार (4 दिनों) तक का कुल तापमान 37 x 4 = 148°C
इसीलिए गुरूवार का तापमान = 148 - 108 = 40°C

9. एक व्यक्ति को इस शर्त पर रखा गया कि जिस दिन काम करेगा उसे 270 Rs. मिलेंगे परंतु जिस दिन अनुपस्थित रहेगा उसे 60 Rs. जुर्माना देना पड़ेगा। 30 दिन बाद उसे कुल 6450 Rs. मिले। उसने कितने दिन काम किया -
(A) 22 दिन
(B) 23 दिन
(C) 24 दिन
(D) 25 दिन
उत्तर- (D)
हल- माना कि उसने x दिन काम किया तथा y दिन अनुपस्थित रहा
$x + y = 30$ (समीकरण I)
x दिवस का वेतन = Rs. 270 x
y दिवस का जुर्माना = Rs. 60y
30 दिन में शुद्ध राशि 6450 Rs. प्राप्त हुई
∴ $270x - 60y = 6450$ (समीकरण II)
समीकरण I को 60 से गुणाकर समीकरण II जोड़ने पर
$60x + 60y = 1800$
$270x - 60y = 6450$
$330x = 8250$
$x=\frac{8250}{330}$
$x =$ 25 दिन
इसप्रकार उसने 25 दिवस कार्य किया।

10. 25 वस्तुएं 250 Rs. में खरीदीं और उसके बाद प्रत्येक 12 Rs. की दर पर बेच दीं। विक्रय मूल्य पर लाभ का % होगा -
(A) 12%
(B) 13%
(C) 16%
(D) $16\frac{2}{3}\%$
उत्तर- (D)
हल- विक्रय मूल्य = 25x12 = 300 Rs.
लाभ = विक्रय मूल्य - क्रय मूल्य
300 - 250 = 50 Rs.
विक्रय मूल्य पर लाभ का % =
$\frac{\text{लाभ x 100}}{\text{विक्रय मूल्य}}=\frac{50\times100}{300}=16\frac{2}{3}\%$

11. यदि कोई वस्तु 115 Rs. में बेची जाती है तो 35 Rs. की हानि होती है। यदि उसे 20% के लाभ पर बेचा जाए तो उसका विक्रय मूल्य क्या होगा -
(A) 160 Rs.
(B) 170 Rs.
(C) 175 Rs.
(D) 180 Rs.
उत्तर- (D)
हल- विक्रय मूल्य 115 Rs.
हानि 35 Rs.
क्रय मूल्य = विक्रय मूल्य + हानि = 115 + 35 = 150 Rs.
नया विक्रय मूल्य = क्रय मूल्य + (लाभ 20%)
$150+\left(150\times\frac{20}{100}\right)$
150 + 30 = 180 Rs.
इसप्रकार 20% लाभ के लिए उसे 180 Rs. में बेचा जाना चाहिए।

12. दो लैपटाप जिनकी प्रत्येक की लागत 48000 Rs. है। एक को 20% लाभ पर बेचा गया। दोनों लैपटाप बेचने के बाद कुल लाभ 5% हुआ। दूसरा लैपटाप बेचने पर कितने प्रतिशत लाभ हुआ या हानि -
(A) 10% लाभ
(B) 5% लाभ
(C) 15% हानि
(D) 10% हानि
उत्तर- (D)
हल- दोनों लैपटाप का कुल विक्रय मूल्य
= लागत + लाभ
= 96000 + 5%
= 100800 Rs.
(-) पहले लैपटाप का विक्रय मूल्य (48000 + 20%) (-) 57600
दूसरे लैपटाप का विक्रय मूल्य 43200
दूसरे लैपटाप को बेचने पर हानि = 48000 - 43200 = 4800 Rs.
इस प्रकार दूसरे लैपटाप के विक्रय पर % हानि =
$\frac{4800\times100}{48000}=$ 10% हानि

13. एक वस्तु 5% लाभ पर बेची गई। यदि उसे 5% हानि पर बेचा जाए तो 15 Rs. कम मिलते हैं वस्तु का क्रय मूल्य क्या होगा -
(A) 120 Rs.
(B) 135 Rs.
(C) 145 Rs.
(D) 150 Rs.
उत्तर- (D)
हल- माना कि वस्तु की लागत 100 Rs. है
5% लाभ पर विक्रय मूल्य = 100 + 5% = 105 Rs.
5% हानि पर विक्रय मूल्य = 100 - 5% = 95 Rs.
दोनों दशाओं में कुल अंतर = 105 - 95 = 10 Rs.
10 Rs. कम प्राप्त होते हैं तब लागत है 100 Rs.
15 Rs. कम होते हैं तो लागत
मूल्य है $\frac{15\times100}{10}=$ 150 Rs.

14. साधारण ब्याज की दर 8% से बढ़कर $8\frac{1}{2}\%$ हो जाने पर किसी धन का ब्याज 100 Rs. वार्षिक बढ़ जाता है। तो मूलधन क्या होगा -
(A) 22000 Rs.
(B) 21000 Rs.
(C) 20500 Rs.
(D) 20000 Rs.
उत्तर- (D)
हल- ब्याज की दर में अंतर = 8.5 - 8 = .5%
ब्याज में अंतर = 100 Rs.
∴ .5% ब्याज में अंतर है तो मूलधन होगा 100 Rs.
∴ 100 Rs. ब्याज में अंतर है तो मूलधन होगा $\frac{100\times100}{.5}=$ 20000 Rs.

15. एक सेल्समैन 10000 Rs. मासिक वेतन तथा 02 लाख से अधिक की बिक्री पर 4% कमीशन प्राप्त करता है। यदि वह किसी माह 14000 Rs. कुल अर्जित करना चाहे तो उस माह में उसके विक्रय की राशि क्या होनी चाहिए -
(A) 3 लाख
(B) 2.5 लाख
(C) 1.5 लाख
(D) 1.00 लाख
उत्तर- (A)
हल- सेल्समैन अर्जित करना चाहता है = 14000 Rs. माह में
सेल्समैन का वेतन = 10000 Rs.
अतः सेल्समैन का कमीशन 14000 - 10000 = 4000 होना चाहिए माह में
यह कमीशन उसे 2 लाख से अधिक की बिक्री पर 4% की दर से मिलता है
अतः 2 लाख से अधिक बिक्री की राशि
$=\frac{\text{कमीशन x 100}}{\text{कमीशन दर}}$
$=\frac{4000\times100}{4}=100000$ Rs.
अतः कुल बिक्री की राशि = 200000 + 100000 = 3 लाख होगी।

16. किसी वस्तु को 20% व्यापारिक बट्टा तथा 5% नकद बट्टा देने के बाद 1976 Rs. में बेचा गया। वस्तु का सूची मूल्य क्या है -
(A) 2600 Rs.
(B) 2500 Rs.
(C) 2475 Rs.
(D) 2450 Rs.
उत्तर- (A)
हल- माना कि सूची मूल्य 100 Rs. है
20% व्यापारिक बट्टा देने पर शेष = 100 - 20 = 80 Rs.
80 Rs. पर 5% नगद बट्टा $\left(\frac{80\times5}{100}\right)=4$ Rs.
क्रेता द्वारा देय मूल्य 80 - 4 = 76 Rs.
यदि ∴ 76 Rs. में बेचा गया तो सूची मूल्य है 100 Rs.
∴ 1976 में बेचा गया तो सूची मूल्य होगा $\frac{1976\times100}{76}=$ 2600 Rs.

17. 50000 Rs. का 02 वर्ष का चक्रवृद्धि ब्याज से मिश्रधन क्या होगा यदि उत्तरोत्तर वर्षों की दर 4% तथा 5% वार्षिक हो -
(A) 54600 Rs.
(B) 54000 Rs.
(C) 53900 Rs.
(D) 53750 Rs.
उत्तर- (A)
हल- $A=P\left(1+\frac{R_1}{100}\right)\left(1+\frac{R_2}{100}\right)$
$A=50000\left(1+\frac{4}{100}\right)\left(1+\frac{5}{100}\right)$
$=50000\times\frac{104}{100}\times\frac{105}{100}$
$=5\times104\times105$
$=$ 54600

- डॉ. डी.सी. राठी
(लेखक, शासकीय महाविद्यालय राऊ में एसोसिएट प्रोफेसर हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये

तर्कशक्ति

प्रश्न (1-5) निम्नलिखित पहेली को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

सात व्यक्ति P, Q, R, S, T, U, W ने अलग-अलग ब्रांड के लेपटॉप खरीदे। ये लेपटॉप हफ्ते के अलग-अलग दिन सोमवार से शुरू करते हुए खरीदे गए। लेपटॉप के ब्रांड इस प्रकार हैं - Lenovo, Dell, Hp, Sony, Acer, Apple और Samsung।

R ने शुक्रवार को लेपटॉप खरीदा। R और W के बीच दो लोगों ने लेपटॉप खरीदा। W और Hp के बीच किसी ने लेपटॉप नहीं खरीदा। Hp और Samsung खरीदने वालों के बीच तीन लोग हैं। Sony का लेपटॉप Acer से तुरन्त पहले खरीदा गया, लेकिन W के बाद खरीदे गए। T ने P के तुरन्त बाद खरीदा। P ने Apple का लेपटॉप खरीदा। Q और U के बीच दो व्यक्तियों ने लेपटॉप खरीदा। U ने Lenovo नहीं खरीदा। Dell के तुरन्त पहले Lenovo का लेपटॉप खरीदा गया। Lenovo और Dell बुधवार को नहीं खरीदे गए।

प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

प्र 1. मंगलवार को किसने लेपटॉप खरीदा?
(A) R (B) Q
(C) S (D) W

प्र 2. Apple के तुरन्त पहले किसने लेपटॉप खरीदा?
(A) P (B) R
(C) T (D) Q

प्र 3. W और Q के बीच कितने लोगों ने लेपटॉप खरीदा?
(A) 2
(B) 4
(C) 1
(D) 0 (कोई नहीं)

प्र 4. भिन्न पद ज्ञात कीजिए?
(A) Q-Hp
(B) W-Sony
(C) T-Sony
(D) P-Sony

प्र 5. R ने कौन सा लेपटॉप खरीदा?
(A) Acer
(B) Apple
(C) Dell
(D) Lenovo

उत्तर (1-5)
(1) (D) W
(2) (B) R
(3) (D) 0 (कोई नहीं)
(4) (C) T-Sony
(5) (A) Acer

व्याख्या (1-5) प्रश्नानुसार

दिन	व्यक्ति	लेपटॉप
सोमवार	Q	Lenovo
मंगलवार	W	Dell
बुधवार	S	Hp
गुरुवार	U	Sony
शुक्रवार	R	Acer
शनिवार	P	Apple
रविवार	T	Samsung

प्र 6. कथन →
$P \le m > H > E > A$,
$m \le C < N, E < Q$
निष्कर्ष → (i) $H < N$
(ii) $P > A$

उत्तर केवल (i) निष्कर्ष सत्य है।
व्याख्या कथनानुसार
$\because N > M > H$
अतः (i) $H < N$ (✓)
इसी प्रकार,
$P \le m > H > E > A$
$\because$ (ii) $P > A$ (✗)

प्र 7. कथन →
$O \ge m > F < A > B = N$
निष्कर्ष → (i) $O < F$
(ii) $N = F$

उत्तर दोनों निष्कर्ष गलत हैं।
व्याख्या कथनानुसार
(i) $O < F$ (✗)
(ii) $N = F$ (✗)

प्रश्न (8-10) निम्नलिखित जानकारी के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

6 डिब्बे अगल-बगल रखे हैं M, N, O, P, Q, R हर डिब्बे का वज़न अलग-अलग है। R का वज़न एक सम्पूर्ण घन (Perfect Cube) है। P, M, O से भारी किंतु R से हल्का है। N से हल्का केवल एक डिब्बा है। P, Q से भारी है और उसका वज़न 54 Kg है। O सबसे हल्का डिब्बा नहीं है। तीसरा सबसे हल्का डिब्बा जो है उसका वज़न 30Kg है। M से हल्के तीन डिब्बे हैं।

प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

प्र 8. सबसे हल्का डिब्बा कौन सा है?
(A) O (B) M
(C) Q (D) R

प्र 9. R का वजन कितना हो सकता है?
(A) 27 Kg (B) 64 Kg
(C) 8 Kg (D) 56 Kg

प्र 10. दूसरा सबसे भारी डिब्बा कौन सा है?
(A) O (B) M
(C) R (D) P

उत्तर (8-10)
(8) (C) Q
(9) (B) 64 Kg
(10) (D) P

व्याख्या (1-5) प्रश्नानुसार
R > P (54Kg) > M > O (30Kg) > N > Q

प्रश्न (11-15) निम्न जानकारी के आधार पर शब्दों की कोडिंग कीजिए -

happy	joy	life	extra	→	xi	me	bu	oe
sad	live	joy	time	→	bu	ru	qi	he
extra	live	was	fun	→	ae	su	qi	oe
dear	sad	try	life	→	pe	he	ce	xi
was	dear	fun		→	ae	ce	su	

प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

प्र 11. "life" का कोड क्या है?
(A) me (B) su
(C) qi (D) xi

प्र 12. "try extra happy" का कोड क्या है?
(A) me oe pe (B) su qi ce
(C) oe he pe (D) me ce he

प्र 13. "time" का कोड क्या है?
(A) su (B) bu
(C) ru (D) pe

प्र 14. "was" का कोड क्या है?
(A) ae/su (B) su/pe
(C) ae (D) pe

प्र 15. "pe" किसका कोड है?
(A) live (B) dear
(C) sad (D) try

उत्तर (11-15)
(11) (D) xi
(12) (A) me oe pe
(13) (C) ru
(14) (A) ae/su
(15) (D) try

व्याख्या (11-15) इस प्रकार कोडिंग कीजिए-

happy	joy	life	extra	→	xi	me	bu	oe
sad	live	joy	time	→	bu	ru	qi	he
extra	live	was	fun	→	ae	su	qi	oe
dear	sad	try	life	→	pe	he	ce	xi
was	dear	fun		→	ae	ce	su	

प्र 16. कथन - कुछ Apple, Papaya हैं।
कोई Apple, Mango नहीं है।
सभी Mango, Litchi है।
निष्कर्ष - (i) कुछ Papaya, Mango नहीं है।
(ii) कुछ Litchi, Mango हैं।

उत्तर (16) दोनों निष्कर्ष सत्य हैं।
व्याख्या (16) कथनानुसार



(i) ✓
(ii) ✓

प्र 17. कथन - सभी Box, Bottle हैं।
सभी Bottle, Cards हैं।
कुछ Cards, Mobile हैं।
निष्कर्ष - (i) कुछ Mobile, Bottle है।
(ii) सभी Cards, Bottle हैं।

उत्तर (17) दोनों निष्कर्ष गलत है।
व्याख्या (17) कथनानुसार



(i) ✗
(ii) ✗

प्रश्न (18-20) निम्नलिखित पहेली को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

छः व्यक्ति P, Q, R, S, T और U हफ्ते के अलग-अलग दिन (सोम से शनि) घूमने जाते हैं। Q और T के बीच दो व्यक्तियों से अधिक व्यक्ति नहीं जा सकते। T गुरुवार को घमूने जाता है। T और U के बीच दो व्यक्ति घूमने जाते हैं। Q और P के बीच एक से अधिक व्यक्ति घूमने जाते हैं। U और R के बीच उतने ही व्यक्ति हैं जितने R और P के बीच हैं। Q शनिवार को घूमने नहीं जाता है।

प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

प्र 18. Q और P के बीच कितने लोग घूमने जाते हैं?
(A) 1 (B) 2
(C) 3 (D) 4

प्र 19. P के तुरन्त पहले कौन घूमने जाता है?
(A) T (B) R
(C) Q (D) U

प्र 20. मंगलवार को कौन घूमने जाता है?
(A) U (B) T
(C) Q (D) R

उत्तर (18-20)
(18) (B) 2
(19) (A) T
(20) (C) Q

व्याख्या (18-20) प्रश्नानुसार
सोमवार → U
मंगलवार → Q
बुधवार → R
गुरुवार → T
शुक्रवार → P
शनिवार → S

प्रश्न (21-23)

एक परिवार में आठ सदस्य हैं - A, B, C, D, E, F, G, H। इस परिवार में तीन महिलाएँ हैं और दो विवाहित जोड़े हैं। A, C का सन-इन-लॉ है। B, G की डॉटर-इन-लॉ है, जो H के पिता हैं। H अविवाहित है। D, C का बेटा है। C की शादी F से हुई है, जो E के ग्रैंडफादर हैं। E, H की भतीजी है, जो A का भाई है।

प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

प्र 21. D का ब्रदर-इन-लॉ कौन है?
(A) G
(B) C
(C) A
(D) B

प्र 22. B का ब्रदर-इन-लॉ कौन है?
(A) A
(B) H
(C) D
(D) G

प्र 23. D के पिता कौन हैं?
(A) E
(B) A
(C) H
(D) F

उत्तर (21-23)
(21) (C) A
(22) (B) H
(23) (D) F

व्याख्या (21-23) प्रश्नानुसार



प्रश्न (24-25)

A, B की पश्चिम दिशा में 12 m दूरी पर है। F, D की पूर्व दिशा में 8 m दूरी पर है। G, E की उत्तर दिशा में 10 m दूरी पर है। C, B की दक्षिण दिशा में 8 m दूरी पर है। D, C की उत्तर दिशा में 3 m दूरी पर है। E, C की पश्चिम दिशा में 6 m दूरी पर है।

प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

प्र 24. D और A के बीच की न्यूनतम दूरी क्या है?
(A) 13 m
(B) 10 m
(C) 12 m
(D) 14 m

प्र 25. D, G के सापेक्ष किस दिशा में है?
(A) उत्तर
(B) पूर्व
(C) दक्षिण-पूर्व
(D) उत्तर-पूर्व

उत्तर (24-25)
(24) (A) 13 m
(25) (C) दक्षिण-पूर्व

व्याख्या (24-25) प्रश्नानुसार



By Pythagoras theorem
In ΔBAD
$Hy^2 = P^2 + B^2$
$Hy^2 = 12^2 + 5^2$
$= 144 + 25$
$= 169$
$Hy = \sqrt{169}$
$Hy = 13$ m
इसी प्रकार, प्रश्न के हिसाब से, D, G के सापेक्ष दक्षिण-पूर्व दिशा में है।

- ऋचा दुबे
(लेखिका, बैंकिंग परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लिखती हैं)

मध्यप्रदेश में बनाये जायेंगे 45 नये आयुष ग्राम

भोपाल, सचिव आयुष डॉ. एम.के. अग्रवाल ने विभागीय समीक्षा बैठक में निर्देश दिये हैं कि आयुष चिकित्सा सेवाओं को और अधिक जनोन्मुखी और सुगम बनाया जाए। लक्ष्यों को योजनाबद्ध तरीके से समयावधि में पूरा करें। उन्होंने स्थल चिन्हित कर 'वेलनेस टूरिज्म सेंटर' स्थापित करने के निर्देश दिये।

सचिव डॉ. अग्रवाल ने कहा कि आयुष चिकित्सा पद्धतियों की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के लिये पद्धतियों, उपाय एवं उपयोग से संबंधित पत्रिका का प्रकाशन शुरू करें। जन-प्रतिनिधियों और आमजन से सतत् सम्पर्क स्थापित कर उनके मन में पद्धतियों के प्रति का विश्वास जगाएं। चिकित्सा-सुविधा विहीन क्षेत्रों में अधिक से अधिक संख्या में आयुष चिकित्सा शिविर लगाएं।

डॉ. एम.के. अग्रवाल ने प्रदेश में 45 नए आयुष ग्राम बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रत्येक आयुष महाविद्यालय को पंचकर्म के साथ-साथ एक अन्य विशिष्ट विधा में विशेषता विकसित करने को कहा। डॉ. अग्रवाल ने महाविद्यालयों को अपने-अपने क्षेत्र में हर माह मेगा कैम्प आयोजित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि बच्चों के संपूर्ण शारीरिक एवं बौद्धिक विकास, स्मरण-शक्ति और रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए 'स्वर्ण प्राशन' संस्कार योजना प्रारंभ करें। उन्होंने कहा कि सभी आयुष औषधालयों में हर्बल गार्डन स्थापित कर उनका संरक्षण और संवर्धन किया जाये। आमजन को औषधीय पौधों के महत्व एवं उपयोग की जानकारी दें। हर्बल गार्डन में रोजमर्रा के उपयोग से जुड़ी कम से कम 15 औषधीय वनस्पतियाँ विकसित करें।

समीक्षा बैठक में शासकीय आयुष महाविद्यालयों के प्रधानाचार्य, चिकित्सालय अधीक्षक समस्त संभागीय एवं जिला आयुष अधिकारी उपस्थित थे।

उज्जैन में ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना का शुभारंभ

भोपाल, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्री सुखदेव पांसे ने उज्जैन जिले की तहसील खाचरोद के ग्राम भगतपुरी में 21 करोड़ 85 लाख रुपये लागत की नव-निर्मित नागदा ग्रामीण समूह जल-प्रदाय योजना का शुभारंभ किया। इस योजना के क्रियान्वयन से आसपास के 22 गांव में ग्रामीणों को घर-घर नल से जल मिलेगा। इस योजना की जल-प्रदाय क्षमता 2.5 एमएलडी है।

श्री पांसे ने कहा कि ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिये राज्य सरकार कृत-संकल्पित है। प्रदेश में शीघ्र ही पानी का अधिकार कानून लागू किया जायेगा। इससे ग्रामीण पेयजल समस्या का शत-प्रतिशत समाधान सुनिश्चित हो सकेगा। श्री पांसे ने कहा कि ग्रामीण अंचल में आवश्यकतानुसार समूह जल-प्रदाय योजनाएं शुरू की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि इस योजना की लागत में ग्रामीणों को 10 प्रतिशत जन-भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी और राज्य सरकार 90 प्रतिशत आर्थिक सहयोग देगी। उन्होंने कहा कि अति कम जल वाले गांवों में सिंगल फेज को भी दुरुस्त किया जायेगा। जिन गांव में बोर खनन में जल-स्रोत नीचे चला गया है, वहां एक हजार फीट तक बोर खनन कराया जायेगा। इस अवसर पर बताया गया कि नागदा ग्रामीण समूह जल-प्रदाय योजना से ग्राम भगतपुरी सहित परमारखेड़ी, गिदवानिया, किलोड़िया, झिरमिरा, दीवेल, चंदोड़िया, तारोद, मोकड़ी, खजुरिया, भीमपुरा, गिड़गढ़, निपानिया, अटलावदा, अलसी, थेरछा, धनवाड़ा, राजगढ़, रजला, उटियाखेड़ी, कलसी और नैनावतखेड़ा भी लाभान्वित होंगे।

संघ लोक सेवा आयोग, नई दिल्ली

पद का नाम - प्रधान पुस्तकालय तथा सूचना अधिकारी, वरिष्ठ मंडल चिकित्सा अधिकारी - अंतस्त्रावी विज्ञान, जठरांत्रारोध रोग विज्ञान, जठरांत्र शल्य चिकित्सा, वृक्क रोग विज्ञान, तंत्रिका रोग विज्ञान, लेक्चर/सहायक प्रोफेसर विशेष शिक्षा (एमआर/आईडी)
पदों की संख्या - 01, 03, 05, 01, 05, 07 02
योग्यता - पदानुसार अलग-अलग
अंतिम तिथि - 30 जनवरी, 2020
http://www.upsc.gov.in

भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, भोपाल, मध्यप्रदेश

पद का नाम - निदेशक
पदों की संख्या - 01
योग्यता - प्रमाणित प्रशासनिक शैक्षिक एवं शोध पृष्ठभूमि (पीएच.डी. स्तर पर शोध मार्गदर्शन के महती अनुभव के समेकित) के साथ ही एक राष्ट्रीय महत्व के संस्थान के संचालन हेतु नेतृत्व क्षमताएं होनी चाहिए। उत्कृष्ट एकेडमिक रिकॉर्ड के साथ ही उचित ऋ
शाखा में पीएच.डी., किसी प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान में न्यूनतम 07 वर्ष का प्रोफेसर पद का अनुभव/आवेदक की आयु 60 वर्ष से अधिक न हो।
अंतिम तिथि - 11 फरवरी, 2020
www.mhrd.gov.in

राष्ट्रीय मस्तिष्क अनुसंधान केंद्र, गुड़गांव (हरियाणा)

पद का नाम - कन्सलटेन्ट
पदों की संख्या - विशेषज्ञ पैनल तैयार करना है।
योग्यता - विस्तृत विवरण वेबसाइट से प्राप्त करें।
अंतिम तिथि - 31 जनवरी, 2020
www.nbrc.ac.in

राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद्, श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय, भारत सरकार, नवी मुंबई

पद का नाम - लेखाधिकारी, अपर सहायक निदेशक (प्रशासन)
पदों की संख्या - 01, 01
योग्यता - मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से एक पूर्णकालिक बी.कॉम डिग्री के साथ प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा अथवा एमबीए (वित्त)/एम.कॉम, किसी प्रतिष्ठित संगठन के लेखा अनुभाग में न्यूनतम 5 वर्षों का उत्तर - योग्यता अनुभव।
अंतिम तिथि - 31 जनवरी, 2020
www.nsc.org.in

आईसीएमआर - राष्ट्रीय रोग विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली

पद का नाम - वरिष्ठ रेजिडेंट (रोग विज्ञान)
पदों की संख्या - 01 (अस्थायी)
योग्यता - न्यूनतम योग्यता पिछले तीन वर्षों के भीतर पूर्व एमडी/डीएनबी/डीसीपी रोग विज्ञान है और आयु अधिकतम 45 वर्ष/अन्यत्र वरिष्ठ रेसीडेंसी पूरा कर चुके अभ्यर्थी पात्र नहीं हैं।
अंतिम तिथि - 3 फरवरी, 2020 को वॉक इन इंटरव्यू।
www.instpath.gov.in

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना

पद का नाम - नर्सिंग ऑफिसर (स्टाफ नर्स ग्रेड - II) ग्रुप - बी
पदों की संख्या - 206
योग्यता - किसी संस्थान या विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त भारतीय नर्सिंग परिषद् से बी.एससी. (प्रतिष्ठा) नर्सिंग/बी.एससी नर्सिंग अथवा किसी संस्थान या विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त किसी भारतीय नर्सिंग परिषद् से बी.एससी (पोस्ट-सर्टिफिकेट)/पोस्ट बेसिक बी.एससी. नर्सिंग (II) राज्य/भारतीय नर्सिंग परिषद् सहित नर्स एवं मिडवाइफ के रूप में पंजीकृत अथवा किसी भारतीय नर्सिंग परिषद् से सामान्य नर्सिंग मिडवाइफरी में डिप्लोमा राज्य/भारतीय नर्सिंग परिषद् में नर्स एवं मिडवाइफ के रूप में पंजीकृत। उपरोक्त निर्दिष्ट शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करने के बाद न्यूनतम 50 शैय्या वाले अस्पताल में 2 वर्षों का अनुभव।
अंतिम तिथि - 12 फरवरी, 2020
www.aiimspatna.org

सैनिक स्कूल, बालाचाड़ी जामनगर (गुजरात) (सैनिक स्कूल सोसायटी, रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार)

पद का नाम - टीजीटी समाज विज्ञान (नियमित आधार पर), टीजीटी गणित, परामर्शदाता (एक वर्ष की अवधि तक अनुबंध), क्वाटर मास्टर
पदों की संख्या - 01, 02, 01, 01
योग्यता - पदानुसार अलग-अलग
अंतिम तिथि - 31 जनवरी, 2020
www.ssbalachadi.org

प्रगति पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड, नई दिल्ली

पद का नाम - सहायक प्रबंधक (वित्त)
पदों की संख्या - 04
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 11 फरवरी, 2020
www.ipgcl-ppcl.nic.in

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, नई दिल्ली

पद का नाम - स्टाफ कार ड्राइवर (सामान्य ग्रेड)
पदों की संख्या - 11 (ग्यारह पद)
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 25 फरवरी, 2020
www.meity.gov.in

सैनिक स्कूल, कुंजपुरा (हरियाणा)

पद का नाम - टीजीटी (हिंदी) नियमित
पदों की संख्या - 01
योग्यता - मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से हिंदी एवं संस्कृत विषयों से स्नातक, मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बीएड, स्नातक/बीएड तक सभी परीक्षाओं को 50 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण, सीबीएससीई द्वारा आयोजित सीटीईटी या राज्य सरकार द्वारा आयोजित टीईटी पास।
वांछनीय - उच्चतर शैक्षिक योग्यता, प्रसिद्ध स्कूल में शिक्षण का अनुभव, खेलकूद में दक्षता, कम्प्यूटर अभिरुचि, आवासीय स्कूल जीवन शैली के लिये अभिरुचि।
अंतिम तिथि - 31 जनवरी, 2020
www.sskunjpura.org

मानवशास्त्र विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय

पद का नाम - राष्ट्रीय महिला अयोग (एनसीडब्ल्यू) निधित परियोजना में 2 वर्षों के लिये अनुसंधान अधिकारी
पदों की संख्या - 04 (एक वर्ष के लिये पदस्थापना है।)
योग्यता - मानवशास्त्र, मनोविज्ञान, सामाजिक कार्य, समाजशास्त्र तथा किसी अन्य सुसंगत विषयों में एम.एससी./एम.ए. है।
अंतिम तिथि - 31 जनवरी, 2020
www.du.ac.in

आईआईटी, बॉम्बे, दिल्ली, धनबाद, कानपुर, खड़गपुर, मद्रास, रूड़की, जोधपुर

पाठ्यक्रम का नाम - एमबीए (दो वर्षीय पूर्णावधि)
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - 31 जनवरी, 2020
बॉम्बे - **www.som.iitb.ac.in**
दिल्ली - **www.iitd.ac.in**
धनबाद - **www.iitism.ac.in**
कानपुर - **www.iitk.ac.in/ime**
खड़गपुर - **www.som.iitisgp.ac.in**
मद्रास - **www.doms.iitm.ac.in**
रूड़की - **www.iitr.ac.in**
जोधपुर - **www.iitj.ac.in**

आईसीएआर - नेशनल एकेडमी ऑफ एग्रीकल्चरल रिसर्च मैनेजमेंट, तेलंगाना, हैदराबाद

पाठ्यक्रम का नाम - पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट इन एग्रीकल्चर
योग्यता - चार वर्षीय कृषि स्नातक या समकक्ष, कैट 2019, सीमैट 2020 का वैलिड स्कोर कार्ड
अंतिम तिथि - 31 जनवरी, 2020
https://naarm.org.in/pgdma/

वन अनुसंधान संस्थान सम विश्वविद्यालय, देहरादून

पाठ्यक्रम का नाम - एमएससी-वानिकी, काष्ठ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पर्यावरण प्रबंध, कोशाधु एवं कागज प्रौद्योगिकी
योग्यता - वानिकी के लिये - कम से कम विषय के यथा वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, भूविज्ञान, गणित, भौतिक विज्ञान, प्राणि विज्ञान के साथ बी.एससी. डिग्री अथवा वानिकी से बी.एससी. काष्ठ विज्ञान - भौतिक विज्ञान, गणित और रसायन विज्ञान के साथ बी.एससी डिग्री अथवा वानिकी में बी.एससी. डिग्री, पर्यावरण प्रबंध - आधारिक अथवा प्रौद्योगिक विज्ञानों की किसी भी शाखा में बी.एससी. अथवा वानिकी अथवा कृषि में बीएससी डिग्री अथवा पर्यावरण विज्ञान में बी.ई/बी.टेक., कोशाधु एवं कागज प्रौद्योगिकी - एक विषय के रूप में रसायन विज्ञान के साथ विज्ञान में बी.एससी. डिग्री अथवा बी.ई./बी.टेक. (केमिकल/मैकेनिकल इंजीनियरिंग)
अंतिम तिथि - 23 मार्च, 2020
www.fridu.edu.in

वीआईटी, वेल्लोर और चेन्नई, तमिलनाडु

पाठ्यक्रम का नाम - एमबीए (पूर्णकालिक दो वर्षीय 2020)
योग्यता - स्नातक 60 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण, कैट/जैट/जीमैट/एनमैट/सीमैट/एटीएमए/मैट का वैलिड स्कोर कार्ड।
अंतिम तिथि - प्रवेश प्रारंभ है।
www.vit.ac.in/vitbs

श्रीवेंकटेश्वर यूनिवर्सिटी, मेरठ (यू.पी.)

पाठ्यक्रम का नाम - बीए, बीकॉम, बीबीए, एमए, एमकॉम, एमबीए (दूरस्थ शिक्षा पद्धति से) (जन. 2020)
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - प्रवेश प्रारंभ है।
https://svu.edu.in

कॉलेज ऑफ एग्रीबिजनेस मैनेजमेंट, जी.बी. पंत यूनिवर्सिटी, पंतनगर, उत्तराखंड

पाठ्यक्रम का नाम - एमबीए (एग्रीबिजनेस) एंड एमबीए (फॉर इंजीनियर्स)
योग्यता - एग्रीबिजनेस - स्नातक और स्नातकोत्तर डिग्री एग्रीकल्चर, एग्रीकल्चर केमिकल, एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग, डेयरी साइंस/टेक्नोलॉजी, फिशरीज, फूड साइंस टेक्नोलॉजी, फॉरेस्ट्री, हॉर्टिकल्चर, वेटरनरी साइंस, बीएससी (होम-साइंस) , बी.टेक. (बायोटेक्नोलॉजी) एमबीए फॉर इंजीनियर्स-स्नातक इंजीनियरिंग/टेक्नोलॉजी (एआईसीटीईए प्रूव्ड)
अंतिम तिथि - 28 फरवरी, 2020
www.cabm.ac.in

केरल स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन, कोल्लम, केरल

पाठ्यक्रम का नाम - सत्र 2020 में डिजाइन में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा प्रोग्राम
योग्यता - किसी भी विषय में 55 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक डिग्री आवश्यक
अंतिम तिथि - 29 फरवरी, 2020
www.ksid.ac.in

स्कूल ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज़्म मैनेजमेंट, जम्मू

पाठ्यक्रम का नाम - ग्लोबल अंडरस्टैंडिंग - 2020 में सर्टिफिकेट कोर्स पाठ्यक्रम
योग्यता - आवेदक का जम्मू कश्मीर स्टेट बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन या समकक्ष से 10+2 पाठ्यक्रम से हायर सेकेंडरी उत्तीर्ण, अंग्रेजी में निपुणता जरूरी है।
अंतिम तिथि - 04 फरवरी, 2020
http://jammuuniversity.in

स्कॉलरशिप और इन्टर्नशिप अलर्ट

मध्यप्रदेश अल्पसंख्यक वर्ग सेवा राज्य पुरस्कार वर्ष 2017-18

संस्था का नाम - कार्यालय, आयुक्त पिछड़ा वर्ग तथ अल्पसंख्यक कल्याण, सतपुड़ा भवन, भोपाल
किसके लिए - प्रदेश के अल्पसंख्यक वर्ग की सेवा में योगदान करने राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता, सामाजिक सद्भाव, वीरता का परिचय देने एवं साहित्य, कला, रंगकर्म एवं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु अल्पसंख्यक वर्ग के व्यक्तियों के लिये 03 राज्य स्तरीय पुरस्कार क्रमशः शहीद असफाक उल्लाह खाँ, शहीद हमीद खाँ एवं मौलाना अब्दुल कलाम आजाद पुरस्कार के लिये आवेदन आमंत्रित हैं।
योग्यता - विषयानुसार
अंतिम तिथि - 14 फरवरी, 2020
www.bcwelfare.mp.nic.in

विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु राज्य सहायता छात्रवृत्ति शैक्षणिक सत्र 2020-21 (सामान्य अनारक्षित वर्ग के लिये)

संस्था का नाम - कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश
किसके लिए - मध्यप्रदेश के सामान्य अनारक्षित वर्ग के मूल निवासी तथा प्रतिभावान विद्यार्थी जिन्होंने स्नातक अर्हकारी परीक्षा स्नातक/स्नातकोत्तर में 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये हों तथा विदेशों में स्थित एवं विभाग द्वारा अनुमोदित सूची के विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में अध्ययन हेतु स्नातकोत्तर/पीएच.डी. शोध उपाधि कार्यक्रम के लिये आर्थिक मदद चाहते हों।
योग्यता - विषयानुसार
अंतिम तिथि - 10 फरवरी, 2020
www.highereducation.mp.gov.in

बुद्ध फेलोशिप प्रोग्राम 2020

संस्था का नाम - सृजन एनजीओ
किसके लिए - ऐसे होनहार युवा जिनके पास समाज के लिये इनोवेटिव आइडिया है और जिनको आंत्रप्रेन्योरशिप के लिये आर्थिक सहायता की जरूरत हो।
योग्यता - विषयानुसार
अंतिम तिथि - 31 जनवरी, 2020
https://buddhafellowship.org/fellowship-program/#apply

मध्यप्रदेश में सड़क सुरक्षा पर लॉन्च होगा प्रोग्राम

भोपाल, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार, एशियन डेवलपमेंट बैंक के माध्यम से प्रदेश में शीघ्र ही सड़क सुरक्षा पर स्टेट सपोर्ट टू स्ट्रेन्दनिंग रोड सेफ्टी प्रोग्राम प्रारंभ करने जा रहा है। इस बारे में एशियन डेवलपमेंट बैंक की सलाहकार समिति के सदस्यों ने पुलिस प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान में रोड सेफ्टी सेल के नोडल अधिकारियों से चर्चा की।

टीम के सदस्यों में श्री पी.आर. देवराज, श्री गिरीश मिश्र और सुश्री सोनल शाह ने पी.डब्ल्यू.डी., नेशनल हाई-वे, एमपीआरडीसी, शिक्षा, परिवहन, स्वास्थ्य और नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। सदस्यों ने सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु दर को कम करने के लिये किये गये कारगर उपायों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

बैठक में बताया गया कि पशुओं के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिये गाँवों में मार्ग-मित्र बनाये गये हैं। इनके माध्यम से पिछले एक साल में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने का प्रयास किया जा रहा है। मार्ग-मित्र को मोटीवेशन के तौर पर सम्मानित किया जाता है। प्रत्येक 500 तक की आबादी वाले गाँव में मार्ग-मित्र सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिये प्रयासरत हैं। ग्रामीणों के व्यवहार में परिवर्तन लाने के लिये भी सड़क सुरक्षा कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित किये जा रहे हैं।

बताया गया कि एम्बुलेंस की उपलब्धता के लिये सभी एम्बुलेंसों का एक कामन प्लेटफार्म तैयार किया जा रहा है। नेशनल हाई-वे पर हर 50 किलोमीटर पर एम्बुलेंस उपलब्ध है। इस दिशा में स्वास्थ्य विभाग की 606 लाइफ स्पोर्ट 108-एम्बुलेंस भी कार्य कर रही हैं। प्रत्येक जिले में ट्रामा सेन्टर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 44 जिलों में भवन निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है, जिसमें से 41 ट्रामा सेंटर शुरू हो चुके हैं।

राष्ट्रपति ने प्रदेश की बालिकाओं को राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया

भोपाल, राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविंद ने प्रदेश की 2 बालिकाओं रिया जैन और सुदीप्ति हजेला को राष्ट्रपति भवन में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2020 से सम्मानित किया है। भोपाल की रिया जैन को कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया है। उन्होंने चित्रकला के क्षेत्र में राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। इसी प्रकार इंदौर की सुदीप्ति हजेला को कठिन अश्वारोहण खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। वे अश्वारोहण की सबसे कठिन श्रेणी में महारत रखती हैं।

उल्लेखनीय है कि उक्त पुरस्कार विभिन्न क्षेत्रों में 5 से 18 वर्ष आयु के बच्चों को उनकी विशेष प्रतिभा के लिए प्रदान किये जाते हैं। पुरस्कार के रूप में विजेताओं को मेडल, प्रशस्ति-पत्र, एक लाख रुपये की धनराशि और प्रमाण-पत्र प्रदान किये जाते हैं।

(स्रोत : समाचार जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार।)

पिछला सप्ताह

18 जनवरी

भारत सरकार ने कोरोना वायरस को लेकर जारी की एडवायजरी

● चीन में कोरोना वायरस लगातार फैल रहा है। इस वायरस के खतरे को देखते हुये भारत सरकार ने एक ट्रेवल एडवायजरी जारी की है। इस एडवायजरी में चीन से आने और जाने वाले नागरिकों को वायरस से अलर्ट रहने तथा इससे बचने के उपायों का पालन करने को कहा गया है। एडवायजरी के तहत चीन से आने वाले यात्रियों की एयरपोर्ट पर जांच की जायेगी।

● रूस ने भारत के लिये सतह से हवा में मार करने वाली लंबी दूरी की एस-400

मिसाइल रक्षा प्रणाली का निर्माण शुरू कर दिया है। इस तरह की पांच मिसाइलों का निर्माण किया जा रहा है। ये सभी मिसाइलें वर्ष 2025 तक भारत को सौंप दी जायेंगी। रूस के मिसाइल निर्माण मिशन के उप प्रमुख रोमन बाबूसकिन ने कहा कि एस-400 मिसाइल रक्षा प्रणाली भारत को वर्ष 2025 तक सौंप दी जायेगी। उन्होंने कहा कि भारत के लिये हल्के वजन वाले बहुउद्देशीय कामोव सैन्य हेलिकॉप्टर के संयुक्त निर्माण के लिये जल्द ही एक अनुबंध को अंतिम रूप दिया जायेगा। उल्लेखनीय है कि एस-400 एक अत्याधुनिक मिसाइल रक्षा प्रणाली है। ये एटम और बैलेस्टिक मिसाइलों को हवा में ध्वस्त करने में सक्षम है। ये प्रणाली 400 किलोमीटर के दायरे में आने वाली मिसाइलों और आधुनिक लड़ाकू विमानों को खत्म कर देगी।

● यूक्रेन के प्रधानमंत्री ओलेक्सी गोंचारूक ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। गोंचारूक ने यह कदम राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की की अर्थव्यवस्था की समझ को लेकर अपना एक ऑडियो लीक होने के बाद उठाया है। गोंचारूक ने इस्तीफे पर कहा कि राष्ट्रपति के प्रति मेरे मन में सम्मान और विश्वास पर किसी भी संदेह को दूर करने के लिये मैंने यह इस्तीफा दिया है।

19 जनवरी

भारत ने के-4 मिसाइल का किया सफल परीक्षण

● भारत ने परमाणु हमला करने में सक्षम

बैलिस्टिक मिसाइल के-4 का सफल परीक्षण किया है। इस मिसाइल को नौसेना की स्वदेशी आईएनएस अरिहंत श्रेणी की परमाणु सम्पन्न पनडुब्बी पर तैनात किया जायेगा। इस मिसाइल के आने से नौसेना की ताकत में इजाफा होगा। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने इस मिसाइल का आंध्रप्रदेश के तट पर अंडरवाटर प्लेटफॉर्म पर सफल परीक्षण किया। इस मिसाइल की मारक क्षमता 3500 किलोमीटर है। रफ्तार की वजह से के-4 बैलिस्टिक मिसाइल को कोई भी एंटी बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस सिस्टम ट्रैक नहीं कर सकता है। इस परीक्षण के साथ ही भारत भी अमेरिका, रूस, चीन, फ्रांस और ब्रिटेन जैसे देशों में शामिल हो गया है, जो जल, नभ और थल से परमाणु क्षमतायुक्त मिसाइलें दागने में सक्षम हैं।

● चीन ने हिंद महासागर में अपना दखल बढ़ाने के लिये म्यांमार के साथ 33 बड़े समझौते किये हैं। इन समझौतों पर हस्ताक्षर के बाद चीन की हिंद महासागर में पैठ और गहरी हो जायेगी। इन समझौतों में चीन की महत्वाकांक्षी वन बेल्ट वन रोड परियोजना में म्यांमार की भागीदारी भी शामिल है। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की म्यांमार यात्रा के दौरान इन समझौतों को अंतिम रूप दिया गया।

20 जनवरी

विश्व के सबसे ऊर्जावान शहरों की सूची में हैदराबाद शीर्ष पर

● सामाजिक, आर्थिक और वाणिज्यिक क्षेत्र की रियल एस्टेट गतिविधियों के लिहाज से हैदराबाद विश्व का सबसे ऊर्जावान शहर बनकर उभरा है। ग्लोबल प्रॉपर्टी कंसलटेंट जेएलएल इंडिया द्वारा जारी सिटी मोमेन्टम इंडेक्स में हैदराबाद शीर्ष पर तथा बैंगलुरु दूसरे स्थान पर है। 130 शहरों की इस सूची में भारत के 20 शहर शामिल हैं। जेएलएल की रिपोर्ट में कहा गया है कि सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि, खुदरा बिक्री और विमान यात्रियों की वृद्धि जैसे आर्थिक संकेतकों पर हैदराबाद का प्रदर्शन अच्छा रहा है।

● लेबनान की राजधानी बेरूत में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हिंसक झड़प हुई। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस छोड़ी और वॉटर कैनन का इस्तेमाल किया। वहीं प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पटाखे फेंके और रॉकेट छोड़े। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि पार्लियामेंट गॉर्ड्स की प्राइवेट यूनिट ने उनके टैंट में आग लगाई थी, जिसका उन्होंने विरोध किया तो पुलिस ने बल प्रयोग किया।

21 जनवरी

मलेशिया ने अमीर देशों को वापस भेजा 150 कंटेनर प्लास्टिक कचरा

● प्लास्टिक कचरे का डंप यार्ड बन रहे मलेशिया ने अब इस कचरे को उन्हीं देशों को वापस भेजना शुरू कर दिया है, जो यह कचरा मलेशिया भेज रहे थे। मलेशियाई सरकार ने विश्व के 13 अमीर देशों को 150 कंटेनर प्लास्टिक कचरा वापस किया है। इनमें फ्रांस के 43, ब्रिटेन के 42, अमेरिका के 17, कनाडा के 11 और स्पेन के 10 कंटेनर शामिल हैं। मलेशियाई सरकार ने कहा है कि जो लोग हमारे देश को दुनिया का कचरा घर बनाना चाहते हैं, वे सपना देख रहे हैं। मलेशिया के पर्यावरण मंत्री येओ बी यिन ने कहा कि 3737 मीट्रिक टन प्लास्टिक कचरे को वापस भेजने के लिये बंदरगाहों पर कड़ाई से नियम लागू किये गये हैं। उन्होंने कहा कि मलेशिया में 200 से ज्यादा अवैध प्लास्टिक रिसाइकिलिंग कारखानों को भी बंद किया गया है। उल्लेखनीय है कि चीन ने वर्ष 2018 में प्लास्टिक कचरे के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया था। इसके बाद से प्लास्टिक कचरा मलेशिया सहित दक्षिण पूर्वी एशियाई देशों में जाने लगा था।

● ऑस्ट्रेलिया के जंगलों में लगी भयानक आग ने जमकर तबाही मचाई है। जंगल में आग लगने वाली घटनाओं को रोकने के लिये ऑस्ट्रेलिया में सख्त नियम बनाये जा रहे हैं। न्यू साउथ वेल्स राज्य में नये नियम के तहत कार से जलती सिगरेट फेंकने पर चालकों पर 11 हजार डॉलर (लगभग 5 लाख रुपये से अधिक) का जुर्माना लगेगा। कार में सफर करने वाले यात्री अगर जलती सिगरेट बाहर फेंकेंगे तो उन पर 1320 डॉलर (लगभग 1 लाख रुपये) का जुर्माना लगाया जायेगा। यह जुर्माना तभी लगेगा जब राज्य में 'टोटल फायर बैन' (किसी तरह की आग जलाने पर पाबंदी) लागू होगा। उल्लेखनीय है कि ऑस्ट्रेलिया के जंगलों में लगी आग के कारण 50 करोड़ से अधिक जानवरों की जान गई, वहीं 25 लोगों की भी मृत्यु हुई थी।

● सामाजिक बदलाव के मामले में भारत विश्व रैंकिंग में काफी पीछे हैं। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) द्वारा जारी की गई 82 देशों की इस सूची में भारत 76वें पायदान पर है। इस रैंकिंग में डेनमार्क शीर्ष स्थान पर काबिज है। डब्ल्यूईएफ ने कहा कि सामाजिक बदलाव में 10 प्रतिशत वृद्धि से सामाजिक एकता का लाभ होगा। इस रैंकिंग के लिये देशों को कई कसौटियों पर परखा गया है, इनमें स्वास्थ्य, शिक्षा (पहुंच, गुणवत्ता और समानता), प्रौद्योगिकी, कामकाज (अवसर, वेतन, काम करने की स्थिति) और संरक्षण एवं संस्थान (सामाजिक संरक्षण तथा समावेशी संस्थान) शामिल हैं।

22 जनवरी

नये मोबाइल फोन में होगी इसरो की नेविगेशन प्रणाली नाविक

● भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की नेविगेशन प्रणाली नाविक अब शाओमी और रियलमी के नये मोबाइल फोन पर उपलब्ध होगी। अमेरिका की चिप निर्माता कंपनी क्वालकॉम ने नाविक को सपोर्ट करने वाले 3 चिपसेट प्लेटफॉर्म लॉन्च किये हैं। इसरो की नेविगेशन प्रणाली नाविक अमेरिका की ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (जीपीएस) प्रणाली के तर्ज पर तैयार की गई है, इसके लिये अंतरिक्ष में 7 उपग्रह स्थापित किये गये हैं। यह प्रणाली सटीक सेवायें देने में सक्षम है। इसरो ने कहा है कि क्वालकॉम कंपनी ने यह चिपसेट उसकी देखरेख में विकसित किये हैं।

● अटलांटिक महासागर में दुर्घटनाग्रस्त होकर डूबे टाइटेनिक जहाज के मलबे के

संरक्षण के लिये अमेरिका और ब्रिटेन के बीच ऐतिहासिक समझौता हुआ है। इस समझौते के तहत दोनों देशों की सरकारों को यह अधिकार होगा कि वे किसी को मलबे में प्रवेश करने या कलाकृतियों को निकालने की अनुमति दें अथवा नहीं। इस समझौते का उद्देश्य इस दुर्घटना में मारे गये यात्रियों और चालक दल के सदस्यों की स्मृतियों को सहेजना है। उल्लेखनीय है कि ब्रिटेन ने इस समझौते पर वर्ष 2003 में ही हस्ताक्षर कर दिये थे, लेकिन वर्ष 2019 के अंत में अमेरिकी विदेश मंत्री माइक पोंपियो की पुष्टि के बाद यह समझौता प्रभावी हो गया है।

● रूसी सेना ने एक बार फिर सीरिया में विद्रोहियों के कब्जे वाले इलाकों में हवाई हमले किये हैं। सीरिया की सरकारी समाचार एजेंसी सना के अनुसार, उत्तर पश्चिमी सीरिया में रूस के हवाई हमलों में 23 नागरिकों की मौत हो गई है। रूस ने हवाई हमले में अलेप्पो शहर में विद्रोहियों के ठिकानों को रॉकेट से निशाना बनाया। उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ दिनों में रूस द्वारा तीसरी बार हवाई हमले किये गये हैं। इन हमलों के कारण सीरिया में शांति स्थापना के प्रयास सफल हो पाना मुश्किल लग रहा है।

23 जनवरी

सीबीएसई ने सीटीईटी का कार्यक्रम किया जारी

● केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने जुलाई 2020 में आयोजित होने वाली केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटीईटी) का कार्यक्रम (शेड्यूल) जारी कर दिया है। यह परीक्षा 5 जुलाई को देशभर के 112 शहरों और 20 भाषाओं में आयोजित की जायेगी। इस परीक्षा के लिये आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है, जो 24 फरवरी तक चलेगी। उल्लेखनीय है कि सीबीएसई हर साल दो बार सीटीईटी परीक्षा आयोजित करता है। इस परीक्षा में दो पेपर होते हैं। पेपर-I उन लोगों के लिये होता है, जो कक्षा पहली से पांचवीं तक पढ़ाना चाहते हैं, वहीं पेपर-II उन लोगों के लिये है, जो कक्षा छठवीं से आठवीं तक पढ़ाना चाहते हैं।

● केंद्र सरकार ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) रिटर्न दाखिल करने में होने वाली दिक्कतों को दूर करने के लिये जीएसटी आर-3बी रिटर्न को राज्य के हिसाब से विभाजित कर दिया है। अब अलग-अलग राज्यों के कारोबारियों के लिये जीएसटीआर-3बी रिटर्न फॉर्म दाखिल करने की अलग-अलग समय सीमा तय की गई है। इसके अलावा वार्षिक टर्नओवर के हिसाब से भी रिटर्न दाखिल करने की अंतिम समय सीमा भी विभाजित की गई है।

24 जनवरी

रेलवे का ई-वेस्ट से डीजल बनाने का संयंत्र हुआ शुरू

● ईस्ट कोस्ट रेलवे ने अपशिष्ट ऊर्जा संयंत्र चालू किया है, जो 24 घंटे में ई-वेस्ट और प्लास्टिक को डीजल तेल में बदलेगा। इससे रेलवे को सालाना करीब 17.5 लाख रुपये की आय होगी, जबकि इसकी रखरखाव लागत 10.4 लाख रुपये आयेगी। 2 करोड़ रुपये की लागत से पॉलीक्रैक तकनीक का यह रेलवे का पहला संयंत्र है।

● स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट से

अपने ग्राहकों को डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड और एटीएम का इस्तेमाल करते समय सावधान रहने के लिए कहा है। एसबीआई ने अपने ग्राहकों को अलर्ट रहने के साथ बैंक अकाउंट या ऑनलाइन बैंकिंग की जानकारी को फोन में सेव न करने, बैंक अकाउंट नंबर, पासवर्ड, एटीएम कार्ड का नंबर या फिर इसकी तस्वीर खींचकर न रखने, एटीएम कार्ड की जानकारी शेयर न करने, ओटीपी पिन शेयर न करने जैसी कुछ सावधानियां बरतने की सलाह दी है।

● भारतीय नौसेना ने मौसम विज्ञान एवं समुद्र विज्ञान के क्षेत्र में नौसेना के इस्तेमाल हेतु समुद्र के निम्न तल से जुड़े अपतटीय आंकड़ों, उत्पादों एवं विशेषज्ञता को साझा करने के लिए भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। भारतीय नौसेना के समुद्र-विज्ञान एवं मौसम विज्ञान निदेशालय के प्रमुख ए.ए. अभ्यंकर और भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण के उपमहानिदेशक श्री एन. मारन ने समझौते पर हस्ताक्षर किए।

परिवार का मान बढ़ाती हैं बेटियां

भोपाल, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती इमरती देवी ने कहा कि बेटियां परिवार की शान होती हैं। वे एक नहीं, दो परिवारों का मान बढ़ाती हैं। उन्होंने कहा कि 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' के स्थान पर अब नारा 'बेटी-पढ़ाओ-बेटी बढ़ाओ' होना चाहिये। श्रीमती इमरती देवी ग्वालियर में राष्ट्रीय बालिका दिवस पर आयोजित बिटिया सम्मान समारोह को संबोधित कर रही थीं।

श्रीमती इमरती देवी ने कहा कि बेटियों ने आज हर क्षेत्र में अपनी योग्यता के दम पर परचम लहराया है। आज बेटियां न सिर्फ अपने परिवार, बल्कि देश का नाम भी रोशन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बेटियों को आगे बढ़ाने के लिये अनेक कार्यक्रम संचालित कर रही है। उन्होंने बेटियों से कहा कि वे दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ आगे बढ़ें और अपना तथा अपने परिवार का नाम रोशन करें। मंत्री ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 24 से 30 जनवरी तक राष्ट्रीय बालिका सप्ताह मनाया जा रहा है।

इस दौरान बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ हस्ताक्षर अभियान, सामूहिक शपथ, प्रभात-फेरी, आंगनवाड़ी एवं आशा कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर दस्तक, पंचायत एवं सार्वजनिक भवनों पर स्टीकर एवं पोस्टर लगाकर सामाजिक जागरूकता जैसे कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

महिला एवं बाल विकास मंत्री ने समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली बेटियों का सम्मान किया। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा तैयार की गई पुस्तिका एवं कैलेण्डर का विमोचन भी किया।

महिलाएं हर क्षेत्र में आगे – आयुक्त श्री नरेश पाल

भोपाल के कैरियर कॉलेज में राष्ट्रीय बालिका दिवस पर आयुक्त, महिला एवं बाल विकास श्री नरेश पाल कुमार ने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में आगे हैं और अपनी कार्यकुशलता सिद्ध भी कर रही हैं। उन्होंने कहा कि बेटियों को अपने जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर उसकी प्राप्ति के लिये निरंतर प्रयास करने की आवश्यकता है। हम सभी को मिलकर बेटियों की सुरक्षा और बेहतर भविष्य के लिये काम करना है। कैरियर कॉलेज की प्राचार्य श्रीमती पूनम गुप्ता ने कहा कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में बेटों की मानसिकता बदलनी आवश्यक है। बेटियों का सम्मान हमारे देश की संस्कृति और परम्परा भी है।

इस अवसर पर आयुक्त श्री नरेश पाल कुमार ने राष्ट्रीय बालिका दिवस पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

रोज़गार और निर्माण वर्ष 37, अंक 04, 27.01.2020 से 02.02.2020

● प्रबंध संचालक - संजय कुमार शुक्ल ● कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी ● सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह, राकेश गौतम ● उप सम्पादक - रंजना चितले ● उप महाप्रबंधक - अजीत रोमन (विज्ञापन और प्रसार)
● प्रबंधक - नरेन्द्र कुमार बनवट (वित्त) ● प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन) ● आकल्पन - आशा रोमन, हेमंत वायंगणकर, सुशील लांडगे ● वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनी ऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर सम्पादक, रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें:-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011, फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, e-mail : mpmdtp@yahoo.com
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

खेलचर्चा

एश्ले बार्टी ने जीता एडिलेड इंटरनेशनल खिताब

एडिलेड, ऑस्ट्रेलिया की महिला टेनिस खिलाड़ी एश्ले बार्टी ने एडिलेड इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया है। टूर्नामेंट में महिला एकल वर्ग के फाइनल में बार्टी ने यूक्रेन की डयाना यास्त्रेम्स्का को आसान मुकाबले में 6-2, 7-5 से हराया। घरेलू मैदान पर बार्टी का यह पहला खिताब है। टूर्नामेंट में पुरुष एकल वर्ग का खिताब रूस के आंद्रे रूबलेव ने जीता। रूबलेव ने फाइनल मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका के लॉयड हैरिस को 6-3, 6-0 से हराया।

मनोज तिवारी ने रणजी ट्रॉफी में बनाया तिहरा शतक

कोलकाता, भारत के अनुभवी क्रिकेटर मनोज तिवारी ने घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन करते हुये तिहरा शतक बनाया है। मनोज ने रणजी ट्रॉफी में बंगाल के लिये खेलते हुये हैदराबाद के खिलाफ 303 रनों की नाबाद पारी खेली। मनोज के इस प्रदर्शन के बदौलत बंगाल ने यह मैच 303 रनों से जीता है। मनोज तिवारी ने भारत के लिये 12 वन-डे और 3 ट्वेंटी-20 मैच खेले हैं। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में मनोज ने 119 मैच खेले हैं और 8752 रन बनाये हैं।

ट्वेंटी-20 विश्वकप के बाद क्रिकेट से संन्यास लेंगे हफीज

कराची, पाकिस्तान के अनुभवी क्रिकेटर मोहम्मद हफीज इस वर्ष आयोजित होने वाले ट्वेंटी-20 विश्वकप के बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेंगे। हफीज ने कहा कि मैं ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी में होने वाले ट्वेंटी-20 विश्वकप में खेलना और उसके बाद में संन्यास लेना चाहता हूं। हफीज बेहतरीन ऑलराउंडर हैं। उन्होंने पाकिस्तान के लिये 55 टेस्ट, 218 वन-डे और 90 ट्वेंटी-20 मैच खेले हैं। हफीज ने टेस्ट क्रिकेट में 10 शतक सहित 3652 रन बनाये हैं और 53 विकेट लिये हैं, वहीं वन-डे क्रिकेट में 11 शतक सहित 6614 रन बनाये हैं और 139 विकेट लिये हैं। ट्वेंटी-20 क्रिकेट में भी हफीज के नाम 1925 रन और 54 विकेट हैं।

इंग्लैंड ने टेस्ट सीरीज में हासिल की 2-1 की बढ़त

पोर्ट एलिजाबेथ, दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड के बीच खेली जा रही 4 मैचों की टेस्ट सीरीज में इंग्लैंड ने 2-1 की बढ़त हासिल कर ली है। इंग्लैंड ने तीसरे टेस्ट मैच में दक्षिण अफ्रीका को पारी और 53 रनों से हराया। मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुये इंग्लैंड ने पहली पारी में 9 विकेट पर 499 रन बनाये। इसके जवाब में दक्षिण अफ्रीकी टीम पहली पारी में 209 रन ही बना सकी। पहली पारी में 290 रनों से पिछड़ने के बाद दक्षिण अफ्रीका को फॉलोऑन खेलने उतरना पड़ा। दूसरी पारी में भी बल्लेबाजों के निराशाजनक प्रदर्शन के कारण दक्षिण अफ्रीका की पारी 237 रनों पर सिमट गई।

भारतीय तीरंदाजी संघ पर लगा निलंबन हटा

कोलकाता, विश्व तीरंदाजी महासंघ ने भारतीय तीरंदाजी संघ से सशर्त प्रतिबंध हटा दिया है। प्रतिबंध हटने के बाद अब भारत के तीरंदाज भारतीय झंडे के तले प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने के लिए स्वतंत्र होंगे। वैश्विक संस्था ने यह फैसला राष्ट्रीय संघ द्वारा कराए गए चुनाव के बाद लिया है।

एक दिवसीय श्रृंखला

ऑस्ट्रेलिया को 7 विकेट से हराते हुये भारत ने 2-1 से जीती सीरीज

रोहित ने जड़ा शतक, कप्तान के तौर पर कोहली सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय

बेंगलुरु, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बेंगलुरु में खेले गये आखिरी वनडे मैच को भारत ने 7 विकेट से जीता। इसी के साथ तीन वनडे मैचों की सीरीज भारत ने 2-1 से अपने नाम की, यह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की छठी सीरीज जीत है। इसके अलावा भारत की वनडे क्रिकेट में ये घर में 200वीं जीत रही। आखिरी वनडे में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 50 ओवर में 9 विकेट खोकर 286 रन बनाए।

ऑस्ट्रेलिया की ओर से स्टीव स्मिथ ने 131 और मार्नश लबुशाने ने 54 रनों की पारी खेली इनके अलावा उनका कोई भी बल्लेबाज भारतीय गेंदबाजों के आगे कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाया। मोहम्मद शमी ने 4, रवीन्द्र जडेजा ने 2 के अलावा नवदीप सैनी और कुलदीप यादव ने 1-1 विकेट लिये। लक्ष्य का पीछा करते हुये भारत ने 47.3 ओवर में 3 विकेट पर 289 रन बना लिए और सात विकेट से विपक्षी टीम को मात दी। रोहित शर्मा ने 119, विराट कोहली ने 89 और श्रेयस अय्यर ने नाबाद 44 रन की पारी खेली।

- आखिरी वनडे में रोहित शर्मा बने प्लेयर ऑफ द मैच।
- प्लेयर ऑफ द सीरीज चुने गये विराट कोहली।
- कोहली ने कप्तान के तौर पर 82वीं पारी में 5000 रन पूरे किए, इस मामले में उन्होंने महेंद्र सिंह धोनी (127 पारी) को पीछे छोड़ा।
- रोहित सबसे तेज 9000 रन बनाने वाले तीसरे खिलाड़ी बने, उनसे आगे विराट कोहली और एबी डिविलियर्स हैं।
- सबसे ज्यादा वनडे शतक लगाने वाले चौथे बल्लेबाज बने रोहित शर्मा (29 शतक)।

न्यूजीलैंड दौरा

पहला टी-20 भारत के नाम

न्यूजीलैंड को छह विकेट से हराया

ऑकलैंड, भारत ने पांच टी-20 मैचों के पहले मुकाबले में न्यूजीलैंड को 6 विकेट से हराया। ऑकलैंड में खेले गए मुकाबले में न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट पर 203 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम ने 19 ओवर में 4 विकेट पर 204 रन बना लिए। मैन ऑफ द मैच श्रेयस अय्यर ने भारत के लिये सबसे ज्यादा नाबाद 58 रन बनाए।

पूर्व क्रिकेटर बापू नाडकर्णी का निधन

मुंबई, भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व ऑलराउंडर बापू नाडकर्णी का निधन हो गया है। वे 86 वर्ष के थे। बापू नाडकर्णी का असली नाम रमेशचंद्र नाडकर्णी है। बापू नाडकर्णी ने भारत के लिये 41 टेस्ट मैच खेले हैं। इन मैचों में उन्होंने 1414 रन बनाये हैं और 88 विकेट लिये हैं। बापू नाडकर्णी के नाम टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा लगातार मेडन ओवर फेंकने का रिकॉर्ड है। उन्होंने वर्ष 1963 में इंग्लैंड के खिलाफ चेन्नई टेस्ट मैच में लगातार 21 ओवर मेडन डाले थे। इसके अलावा बापू नाडकर्णी ने 191 प्रथम श्रेणी मैचों में 500 विकेट लिये हैं।

रोम रैंकिंग सीरीज में भारत ने जीते सात पदक



रोम, भारतीय पहलवान बजरंग पुनिया और रवि दहिया ने रोम रैंकिंग सीरीज रेसलिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। बजरंग ने 65 किलोग्राम वर्ग में अमेरिका के जॉर्डन ओलिवर को 4-3 से हराया। वहीं, रवि दहिया ने 61 किलोग्राम वर्ग में कजाखस्तान के नूरबोलत अब्दुलियेव को 12-2 से मात दी और विनेश फोगाट ने 53 किलोग्राम के महिला वर्ग में इक्वाडोर की लुईसा एलिजाबेथ बलवेर्डे को हराकर स्वर्ण पदक जीता।

बजरंग, रवि और विनेश के अलावा अंशु मलिक, साजन भांवल, गुरप्रीत सिंह और सुनील कुमार ने भी पदक जीते। अंशु ने 57 किलोग्राम महिला वर्ग में रजत पदक जीता, जबकि गुरप्रीत सिंह (82 किग्रा) देश के लिए स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले ग्रीको-रोमन रेसलर बने। सुनील कुमार ने 97 किलोग्राम वर्ग में रजत और साजन भांवल ने 77 किलोग्राम वर्ग में कांस्य पदक जीता।

होबार्ट इंटरनेशनल टूर्नामेंट

सानिया ने जीता 42वां डबल्स खिताब

होबार्ट, भारतीय टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा ने 2 साल बाद टेनिस कोर्ट पर शानदार वापसी करते हुए होबार्ट इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट में महिला युगल का खिताब अपने नाम किया। सानिया ने अपनी जोड़ीदार यूक्रेन की नादिया किचेनॉक के साथ एक घंटा और 21 मिनट तक चले मुकाबले में चीन की जैंग और पैंग शुआई को 6-4, 6-4 से हराया, यह सानिया के कैरियर का 42वां डब्ल्यूटीए डबल्स खिताब रहा। उन्होंने पहला खिताब 2007 में अमेरिकी जोड़ीदार वैथनी माटेक सैंड्स के साथ ब्रिस्बेन इंटरनेशनल टूर्नामेंट जीता था। सानिया-नादिया की जोड़ी को पुरस्कार के तौर पर 9.65 लाख रुपये मिले, वहीं इस जीत के साथ ही उन्हें 280 रैंकिंग पॉइंट का भी फायदा हुआ। सानिया और नादिया ने स्लोवेनिया की तमारा जिदांसेक और चेक गणराज्य की मारि बूजकोवा को एक घंटे 24 मिनट तक चले सेमीफाइनल में 7-6, 6-2 से मात देते हुये फाइनल में जगह बनाई थी। गौरतलब है कि अक्टूबर 2018 में सानिया ने बेटे इजहान को जन्म दिया था, इसके बाद से ही वे टेनिस कोर्ट से दूर थीं।

सानिया ने 2015 में विंबलडन और यूएस ओपन में मार्टिना हिंगिस के साथ मिलकर युगल खिताब जीता था। इसके बाद वह 2016 में ऑस्ट्रेलियन ओपन में भी हिंगिस के साथ मिलकर युगल खिताब जीतने में सफल रही थीं।

प्रो हॉकी लीग

भारत ने नीदरलैंड्स को पेनाल्टी शूटआउट में 3-1 हराया

भुवनेश्वर, भारतीय हॉकी टीम ने एफआईएच प्रो-लीग के अपने दूसरे मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने से काफी मजबूत टीम नीदरलैंड्स को पेनाल्टी शूटआउट में 3-1 से हराया। नीदरलैंड्स ने मैच में 23वें मिनट में ही 1-0 की बढ़त बना ली थी, लेकिन इसके अगले मिनट में ही ललित उपाध्याय ने गोल करके भारत को 1-1 से बराबरी पर ला दिया। नीदरलैंड्स ने फिर 26वें और 27वें मिनट में लगातार दो गोल करके स्कोर 1-3 कर दिया और पहले हाफ की समाप्ति की। दूसरे हाफ के 51वें मिनट में मंदीप सिंह ने पेनाल्टी कॉर्नर पर गोल करके भारत के स्कोर को 2-3 कर दिया और 55वें मिनट में रूपिंदर सिंह ने पेनाल्टी कॉर्नर पर गोल करके भारत को 3-3 से बराबरी दिला दी।

इसके बाद मुकाबला शूट आउट में चला गया, जहां भारत ने 3-1 के स्कोर के साथ मैच जीत लिया।

पेनाल्टी शूटआउट में भारत के लिए विवेक प्रसाद, आकाशदीप सिंह और गुरजंत सिंह ने गोल किए, जबकि रूपिंदर पाल सिंह और हरमनप्रीत सिंह चूक गए। वहीं नीदरलैंड्स की ओर से सिर्फ प्लुजर गोल कर सके। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम के दो मैचों से छह अंक हो गए हैं और वह अंकतालिका में शीर्ष पर है।

- भारत ने 36 साल बाद नीदरलैंड्स के खिलाफ लगातार जीते दो मैच।
- पहले मैच में भारत ने दी थी नीदरलैंड्स को 5-2 से करारी शिकस्त।
- लीग के पहले मैच के दौरान 13वें सेकंड में गुरजंत सिंह ने किया था पहला गोल, यह भारतीय हॉकी के इतिहास का सबसे तेज गोल है।
- इसके पहले 1976 ओलिंपिक में अजीत सिंह ने अर्जेंटीना के खिलाफ 15वें सेकंड में गोल किया था।
- दूसरे मैच में रुपिंदर पाल सिंह बने प्लेयर ऑफ द मैच।
- 8 और 9 फरवरी को बेल्जियम से भिड़ेगी भारतीय टीम।

कार्लोस सेंज ने तीसरी बार जीती डकार रैली

रियाद, स्पेन के ड्राइवर कार्लोस सेंज ने सऊदी अरब में आयोजित डकार रैली ऑफ रोड एंड्यूरेंस रेस जीत ली है। कार्लोस सेंज ने यह रेस तीसरी बार अपने नाम की है। उन्होंने गत विजेता नासर अल अतियाह को 6 मिनट 21 सेकेंड से हराया। पूर्व फॉर्मूला-वन चैंपियन फर्नांडो अलोंसो रेस में 13वें स्थान पर रहे। उल्लेखनीय है कि डकार रैली विश्व की सबसे कठिन रेस मानी जाती है। इस रेस में पांच तरह की गाड़ियां (बाइक, कार, क्वाड, यूटीवी और ट्रक) हिस्सा लेती हैं। यह रेस रेगिस्तान, छोटी पहाड़ियों, मिट्टी और ऊबड़-खाबड़ रास्तों से होकर गुजरती है।



(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : युगल से साभार)

पाठकों के लिए 'हमसे पूछिये' स्तम्भ का प्रकाशन किया जा रहा है। इस स्तम्भ के लिये 'रोज़गार और निर्माण' के पाठकों से कॅरियर संबंधी सवाल आमंत्रित किये जाते हैं।

इन सवालों के जवाब प्रोफेसर जयंतीलाल भंडारी देते हैं। पाठक अपने सवाल नीचे दिये गये पते पर भेजकर कॅरियर संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। पाठक पत्र लिखते समय पोस्टकार्ड या लिफाफे के ऊपर 'हमसे पूछिये' कॉलम जरूर लिखें।

रोज़गार और निर्माण
(हमसे पूछिये)
40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल, मध्यप्रदेश
पिनकोड-462 011

मैं साइकेट्रिक नर्सिंग का डिप्लोमा कोर्स करना चाहती हूँ। कृपया मुझे बताएँ कि इस कोर्स हेतु शैक्षणिक योग्यता क्या है?

- राधिका शर्मा, भोपाल

जनरल नर्सिंग मिडवाइफरी, बीएससी नर्सिंग या संबंधित डिग्री करने वाले

उम्मीदावार ही साइकेट्रिक नर्सिंग का डिप्लोमा कोर्स कर सकते हैं। कम से कम एक वर्ष का क्लीनिकल एक्सपीरियंस भी जरूरी होता है। यह कोर्स डॉ. राम मनोहर लोहिया हॉस्पिटल, नई दिल्ली में उपलब्ध है। इस कोर्स में प्रवेश संस्थान द्वारा लिये जाने वाले एंट्रेंस टेस्ट के स्कोर के आधार पर मिलता है।

मैं कृषि अभियांत्रिकी के क्षेत्र में कॅरियर बनाना चाहता हूँ। कृपया मार्गदर्शन प्रदान करें?

- मनोज सिंह, सतना

कृषि अभियांत्रिकी (एग्रीकल्चर इंजीनियरी) की बात की जाए तो कृषि अभियांत्रिकी कृषि, खाद्य पदार्थों और जैव प्रणालियों से संबंधित इंजीनियरी का नाम है। कृषि अभियांत्रिक कृषि उत्पादन और प्रसंस्करण तथा प्राकृतिक संसाधनों के प्रबंधन के लिए कृषि विज्ञान और प्रौद्योगिकी का विकास करते हैं। वे कृषि उत्पादन से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए अपने इंजीनियरी संबंधी ज्ञान और कौशल का प्रयोग करते हैं।कृषि अभियांत्रिकों को मृदा, जल, फसल और इंजीनियरी के सिद्धांतों के कृषि के क्षेत्र में अनुप्रयोग का प्रशिक्षण दिया जाता है। वे कृषि के यंत्रीकरण, उपज और उपज से बनने वाले उत्पादों के संरक्षण, बरबादी को कम से कम करने, मूल्य संवर्धन, अतिरिक्त आमदनी के लिए कृषि प्रसंस्करण उपक्रम लगाने, रोज़गार के अवसर उत्पन्न करने तथा कृषि एवं ग्रामीण जीवन में ऊर्जा प्रबंधन के लिए निवेश उपलब्ध कराते हैं। वे परम्परागत किसानों तथा इंजीनियरों के बीच ज्ञान को जोड़ने वाले एजेंट के रूप में कार्य करते हैं। इसका कारण यह है कि उन्हें कृषि उपकरणों और ऊर्जा, डेयरी व खाद्य प्रसंस्करण, कृषि संबंधी बुनियादी ढाँचे, भूमि और जल प्रबंधन इंजीनियरी तथा जल जीव पालन की जानकारी होती है। देश के विभिन्न संस्थान और विश्वविद्यालय कृषि अभियांत्रिकी में स्नातक डिग्री प्रदान करते हैं। इस पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान और गणित विषयों के साथ बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। पाठ्यक्रम में दाखिला प्रवेश परीक्षा के माध्यम से होता है। कृषि अभियांत्रिकी में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए कृषि अभियांत्रिकी में बी.टेक. डिग्री आवश्यक है। दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा के साथ-साथ पिछली शैक्षिक उपलब्धियों का ध्यान रखा जाता है और साक्षात्कार भी लिया जाता है। कृषि अभियांत्रिकी में व्यावसायिक डिग्रीधारी प्रशिक्षित अभियांत्रिकों के लिए रोज़गार के ढेर सारे अवसर उपलब्ध हैं। एग्रीकल्चर इंजीनियर, कृषि से संबंधित उत्पादन, विक्री, प्रबंधन, अनुसंधान और विकास या कृषि से संबंधित विज्ञान के क्षेत्र में कार्य करते हैं। बड़ी संख्या में कृषि अभियांत्रिक निजी और सरकारी एजेंसियों में जैसे केंद्रीय तथा राज्य कृषि विश्वविद्यालयों, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् और राज्यों की कृषि अनुसंधान परिषदों में कार्य करते हैं। स्नातक डिग्रीधारी कृषि अभियांत्रिकों के लिए निजी और सरकारी क्षेत्रों में रोज़गार के अवसर उपलब्ध हैं। निजी क्षेत्र के अन्तर्गत ट्रैक्टर उद्योग में विक्री अनुसंधान व विकास तथा प्रबंधन, सिंचाई उपकरण कंपनियों में विक्री, अनुसंधान व विकास तथा अनुरक्षण, डेयरी तथा खाद्य पदार्थ उद्योग में गुणवत्ता नियंत्रण, अनुसंधान व विकास तथा प्रसंस्करण उपकरणों का अनुरक्षण, सॉफ्टवेयर के विकास के लिए कम्प्यूटर अनुप्रयोग, कृषि के यंत्रीकरण और नियंत्रण के लिए मशीनों व उपकरणों का उपयोग, कृषि से संबंधित अनेक संगठनों, कृषि क्लिनिकों, कृषि व्यवसाय तथा एनजीओ में परामर्शदाता शामिल हैं। सरकारी क्षेत्र के अंतर्गत रोज़गारों में कृषि के यंत्रीकरण, सिंचाई, पानी की निकासी, भूमि व जल संरक्षण इंजीनियरी, कमान क्षेत्र विकास, जल संभरण प्रबंधन, ग्रामीण विकास के क्षेत्र में फील्ड एक्जीक्यूटिव और इंजीनियर, प्रशिक्षण सहायक शामिल हैं। राष्ट्रीयकृत बैंक भी कृषि अधिकारी और प्रबंधकीय स्तर के पदों के लिए कृषि अभियांत्रिकों की भर्ती करते हैं। इसके अलावा राज्य कृषि विश्वविद्यालयों, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्, कृषि विज्ञान केंद्रों, विश्वविद्यालयों, कॉलेजों व अन्य संगठनों में अध्यापन, अनुसंधान व विकास, विस्तार तथा इसी तरह के वैज्ञानिक एवं तकनीकी पद शामिल हैं।

कृषि अभियांत्रिकी का कोर्स कराने वाले देश के प्रमुख संस्थान हैं-

- जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्व-विद्यालय, जबलपुर।
- भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली।
- आणंद कृषि विश्वविद्यालय, आणंद, गुजरात।
- केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, इम्फाल।
- गोविंद वल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर, उत्तराखंड।

कृपया मुझे यह बताएं कि डिस्टेंस लर्निंग प्रोग्राम चलाने की अनुमति किसे होती है?

- सुरेन्द्र भाटी, खंडवा

यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन (यूजीसी) द्वारा पिछले दिनों जारी नोटिफिकेशन में कहा गया है कि केवल यूनिवर्सिटी और डीम्ड यूनिवर्सिटी ही डिस्टेंस लर्निंग प्रोग्राम चला सकती हैं।

मैं इंडस्ट्रियल सेफ्टी के क्षेत्र में कॅरियर बनाना चाहता हूँ। कृपया विस्तृत जानकारी प्रदान करें?

- कन्हैया रायकर, विदिशा

औद्योगिक गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में बड़ी संख्या में मानवीय और कृत्रिम

संसाधन जुड़े रहते हैं। बहुत बड़ी संख्या में औद्योगिक कर्मचारियों पर सीधे तौर पर तथा सामान्यतः औद्योगिक परिणामों के प्रभाव से जनता पर अप्रत्यक्ष रूप से किसी औद्योगिक दुर्घटना या अनिष्ट के जोखिमों का खतरा सदा ही मंडराता रहता है। ये औद्योगिक चिंताएँ विभिन्न श्रेणियों में आती हैं, जैसे कि उत्पादन संबंधी तथा सेवा उन्मुख आदि। उत्पादन से संबंधित उद्योगों में रासायनिक संयंत्र, फार्मास्युटिकल्स, खाद्य प्रसंस्करण, ताप विद्युत आधारित इकाइयाँ, परमाणु संयंत्र, भारी यंत्र उत्पादन, पूंजीगत वस्तु उद्योग, वस्त्र, कागज उद्योग, बिजली उपकरण निर्माण उद्योग, पेट्रोकेमिकल्स, ऑटोमोबाइल आदि सम्मिलित हैं। सेवा उद्योग के अंतर्गत, परिवहन, पर्यटन, पैकेजिंग, संभार तंत्र, बैंकिंग, बीमा एवं वित्तीय सेवाएँ शामिल हैं। दोनों प्रकार के औद्योगिक प्रतिष्ठानों में अपेक्षित उत्पादों का विनिर्माण करने या अपेक्षित सेवाएँ प्रदान करने की प्रक्रिया में विभिन्न तरह की प्रक्रियाओं से गुजरना होता है। ये सभी प्रक्रियाएँ इतनी अधिक जटिल तथा एक दूसरे से इतनी ज्यादा जुड़ी होती हैं कि दुर्घटनाओं की संभावनाएँ निर्मित हो जाती हैं। जिससे बड़ी संख्या में मानव, संपत्ति, वनस्पति और पौधों के साथ-साथ पर्यावरण को भी भारी क्षति पहुँचती है। ध्यातव्य है कि हमें औद्योगिक दुर्घटनाओं की कीमत कई प्रकार की हानियों के रूप में चुकानी पड़ती है, जैसे कि जीवन की हानि, सामाजिक हानि, पर्यावरण, स्वास्थ्य संबंधी हानि या प्रतिपूर्ति और बीमा दावों और कई अन्य प्रकार के खर्चों से जुड़ी लागत। इसी को देखते हुए विनिर्माण इकाइयों या सेवाएँ प्रदान करने के क्षेत्र में लगे संगठनों के लिए औद्योगिक सुरक्षा अब अपरिहार्य मुद्दा बन गया है। इन संगठनों में अब अंतर्राष्ट्रीय मानक तथा औद्योगिक विशिष्ट नियमों का विशेष रूप से पालन किया जाता है। साथ ही इंडस्ट्रियल सेफ्टी के क्षेत्र में जानकारी रखने वाले लोगों की बहुत माँग है। इंडस्ट्रियल सेफ्टी से जुड़े विशेषज्ञों को विभिन्न प्रकार के कार्य करने होते हैं। इसलिए उनके लिए विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी का मौलिक ज्ञान अपेक्षित योग्यता है, जिसमें रसायन विज्ञान, भौतिकी, सांख्यिकी, कम्प्यूटर्स, इंजीनियरी, बिजनेस, गणित, बीमा आदि शामिल हैं। इसके अलावा उन्होंने किसी संगत विनियामक शैक्षणिक प्राधिकरण या संस्था से इंडस्ट्रियल सेफ्टी से संबंधित पाठ्यक्रम पूरा किया हो। इंडस्ट्रियल सेफ्टी अध्ययन में उद्योग की आवश्यकताओं को शामिल किया जाता है। इंडस्ट्रियल सेफ्टी अध्ययन के क्षेत्र में इंडस्ट्रियल सेफ्टी सिद्धांत, प्रबंधन तकनीके, विषय विज्ञान, प्रणाली एवं प्रक्रिया सुरक्षा, इंजीनियरी खतरों का डिजाइन तथा नियंत्रण, दुर्घटना निरीक्षण जांच, पर्यावरण सुरक्षा एवं स्वास्थ्य, उत्पाद एवं निर्माण सुरक्षा, जाँच एवं स्वास्थ्य, उत्पाद एवं निर्माण सुरक्षा, सुरक्षा प्रदर्शन का मापन, सुरक्षा ऑडिट, सुरक्षा, पर्यावरणीय कानूनों, विनियमों तथा मानकों का अध्ययन शामिल होता है। सुरक्षा विशेषज्ञों की माँग सरकारी संगठनों, सामाजिक संगठनों तथा सुरक्षा प्रबंध से जुड़ी एसोसिएशनों, अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन, आईएलओ, औद्योगिक सुरक्षा में अनुसंधान एवं विकास से जुड़े संगठनों आदि में भी होती है। इंडस्ट्रियल सेफ्टी एक्सपर्ट स्वतंत्र रूप से एक अंशकालिक विशेषज्ञ या सलाहकार के रूप में भी काम कर सकते हैं। राज्य तथा केंद्र सरकार के प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भी सेफ्टी एक्सपर्ट की नियुक्ति करते हैं। विधि स्नातक सुरक्षा कानूनों तथा इनके कार्यान्वयन से जुड़े मुद्दों के लिए विभिन्न संगठनों में अच्छा पद प्राप्त कर सकते हैं। इंडस्ट्रियल सेफ्टी एक्सपर्ट्स को श्रम निरीक्षणालयों, खान निरीक्षणालयों, निर्माणी निरीक्षणालयों आदि में नियुक्त किया जाता है। इंडस्ट्रियल सेफ्टी में दूरस्थ और नियमित शिक्षण पद्धतियों के तहत विभिन्न प्रकार के प्रमाण-पत्र, डिप्लोमा/पी.जी. डिप्लोमा और डिग्री पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं। इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश की योग्यता बारहवीं से लेकर स्नातक तक है।

ऐसे प्रमुख पाठ्यक्रम तथा उन्हें संचालित करने वाले देश के प्रमुख संस्थान इस प्रकार हैं-

- इंडस्ट्रियल सेफ्टी मैनेजमेंट में डिप्लोमा पाठ्यक्रम पेरियार मनियाम्मई यूनिवर्सिटी, पेरियार नगर, वल्लम, तंजावूर में उपलब्ध है।
- इंडस्ट्रियल सेफ्टी मैनेजमेंट में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम दूरस्थ शिक्षा निदेशालय, गुरु जम्भेश्वर विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार, हरियाणा में उपलब्ध है।
- इंडस्ट्रियल सेफ्टी मैनेजमेंट में डिप्लोमा पाठ्यक्रम कार्मिक प्रबंधन एवं औद्योगिक संबंध विभाग, पटना विश्वविद्यालय में उपलब्ध है।

अर्थ साइंस के क्षेत्र में कॅरियर के क्या अवसर हैं? अर्थ साइंस का कोर्स कहाँ से किया जाना रोज़गार की दृष्टि से उपयुक्त रहेगा?

- अनुराग त्रिपाठी, होशंगाबाद

अर्थ साइंस में कॅरियर का अर्थ है धरती से जुड़े विभिन्न विषयों जैसे

स्टडीज, मिनरल्स एक्सप्लोरेशन, एनवॉयरमेंटल स्टडीज आदि पर काम करना। अर्थ साइंटिस्ट धरती से जुड़े विभिन्न भौतिक पहलुओं का अध्ययन करते हैं। वे सेटेलाइट से प्राप्त धरती से जुड़ी विभिन्न सूचनाओं का अध्ययन करने के अलावा सर्वेक्षणों को अंजाम देकर अलग-अलग तरह के नक्शे तैयार करते हैं। एक अर्थ साइंटिस्ट पृथ्वी के व्यवहार की भविष्यवाणी कर सकता है। इसके अलावा वह प्राकृतिक संसाधनों की खोज समेत मिट्टी के संरक्षण को वरीयता देते हुए कृषि उत्पादकता बरकरार रखने जैसे विषयों पर भी काम करता है। इनकी यह जिम्मेदारी भी होती है कि किस प्रकार पर्यावरण को क्षति पहुँचाए बगैर प्राकृतिक संसाधनों का भरपूर उपयोग किया जाए। पानी की गुणवत्ता बनाए रखना और वैश्विक स्तर पर पर्यावरण में आ रहे बदलावों पर नजर रखते हुए उसके अनुरूप कदम उठाना भी इनका ही काम है। यही नहीं, संभावित प्राकृतिक आपदाओं की चेतावनी देना और उन्हें रोकने के हरसंभव उपाय बताने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी अर्थ साइंस्टिट की ही होती है। बड़े-बड़े बहुमंजिला भवनों के निर्माण समेत बाँध, सुरंग और हाईवे के निर्माण के वक्त भी इनकी राय बहुत मायने रखती है। बारहवीं के उपरांत अर्थ साइंस का डिग्री कोर्स किया जा सकता है। अर्थ साइंस में स्नातक की डिग्री के बलबूते शुरुआती स्तर पर रोज़गार हासिल किया जा सकता है, लेकिन बेहतर संभावनाओं और इस क्षेत्र में उज्ज्वल भविष्य के लिए अर्थ साइंस में स्नातकोत्तर डिग्री होना जरूरी है। इसके अतिरिक्त साइंस में गहरी रुचि के अलावा अच्छी शैक्षणिक पृष्ठभूमि एक अर्थ साइंटिस्ट के लिए जरूरी योग्यता मानी जाती है। इसका एक प्रमुख कारण यह है कि अर्थ साइंटिस्ट से विज्ञान की अन्य धाराएँ किसी न किसी प्रकार से संबंध रखती हैं। कॉलेज स्तर पर विज्ञान से जुड़े विषय या अर्थ साइंस पाठ्यक्रम इस क्षेत्र में कॅरियर बनाने के लिहाज से मददगार साबित होते हैं। इसके अलावा विद्यार्थी में बहुमुखी प्रतिभा संपन्न लोगों के साथ काम करने की योग्यता भी होनी चाहिए। इस क्षेत्र में काम करने के इच्छुक छात्रों में सीखने की ललक का होना भी बहुत जरूरी है। अर्थ साइंस का कोर्स करने के उपरांत आप अर्थ साइंटिस्ट, ज्योग्राफर, मीटियरोलॉजिस्ट, ओशियनोग्राफर आदि कुछ भी बन सकते हैं। बेशकीमती खनिज संपदा की खोज में अर्थ साइंटिस्ट महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अतः उनके लिए आगे बढ़ने के निजी और सरकारी क्षेत्रों में ढेरों विकल्प मौजूद हैं। संघ लोक सेवा आयोग संघीय सरकार के अधीन आने वाले जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया और द सेंट्रल ग्राउंड वॉटर बोर्ड में रोज़गार के लिए प्रतियोगी परीक्षा आयोजित करता है। इस परीक्षा के द्वारा जूनियर जियोलॉजिस्ट, असिस्टेंट जियोलॉजिस्ट, जूनियर हाइड्रो जियोलॉजिस के पद भरे जाते हैं। इसी तरह कोल इंडिया, मिनरल एक्सप्लोरेशन अथॉरिटी, ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन में भी अर्थ साइंटिस्ट के लिए रोज़गार के अवसर मौजूद हैं। मिनरल एक्सप्लोरेशन से जुड़ी हिन्दुस्तान जिंक समेत अन्य संस्थाएँ जियोलॉजिस्ट की सेवाएँ लेती हैं। यही नहीं डिफेंस और पैरामिलेट्री फोर्स में भी इन्हें भर्ती किया जाता है।

अर्थ साइंस का कोर्स कराने वाले देश के प्रमुख संस्थान इस प्रकार हैं-

- जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
- दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली।
- नेशनल जियोग्राफिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट, हैदराबाद।
- बीरबल साहनी इंस्टीट्यूट, लखनऊ।
- पुणे विश्वविद्यालय, पुणे।
- सेंट जेवियर्स कॉलेज, मुंबई।

- डॉ. जयंतीलाल भंडारी
(स्तंभकार देश के सीनियर कॅरियर काउंसलर हैं)

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक संजय कुमार शुक्ल, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं सांध्य प्रकाश लिमिटेड, एफ-14, गोविन्दपुरा, औद्योगिक क्षेत्र, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।